শৰ্মা হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 09 | अंक : 194 | गुवाहाटी | सोमवार, 6 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

युवा-20 की तीन दिवसीय बैठक महानगर में आज से — पेज 3
खिलाड़ियों को सशक्त बना रहे खेल महाकुंभ जैसे आयोजन : मोदी — पेज 4
वोट बैंक के लिए नहीं होती सरकार की योजनाएं : योगी — पेज 5
खनन सुरक्षा मानकों की पालना के प्रति सरकार गंभीर, वेट ड्रिलिंग... — पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## रात दो बजे पति को उठा ले गए : निमी और रेजिना ने कहा, आधार में गड़बड़ी, बेटे का क्या कसूर



**मोरीगांव।** असम में बाल विवाह के खिलाफ पिछले 3 दिनों में 10 जिलों से 2 हजार 278 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें ऐसी शादियां कराने वाले हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के पुजारी-मौलवी भी शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि उनके पास कुल 8 हजार लोगों की लिस्ट है। इतनी बड़ी संख्या में पुरुषों गिरफ्तारी के बाद पीछे छूटी महिलाएं मुश्किलों का सामना करने को मजबूर हैं। निमी की आंखों में मां बनने की खुशी नहीं है, बल्कि डर और असुरक्षा है। रेजिना की आंखों में खालीपन है। वह समझने की कोशिश कर रही है कि उसकी हंसती-खेलती खुशहाल दुनिया एक झटके में कैसे बदल गई। असम के मोरीगांव जिले में रहने वाली ज्यादातर औरतों का यही हाल है। पहली रात दो बजे पुलिस आई और पति को उठा ले गई, डेढ़ महीने का बच्चा लेकर कहां जाऊं... निमी उन हजारों बालिका वधुओं में से है, जिनके पतियों को पिछले दो दिनों में असम पुलिस ने पूरे राज्य में बाल विवाह के खिलाफ चलाए जाए रहे अभियान के तहत गिरफ्तार किया है। निमी ने बताया- गुरुवार की रात लगभग 2 बजे दरवाजे पर दस्तक हुई। दरवाजा खोला, तो पुलिसकर्मी बाहर खड़े थे। वो अंदर आए और पति को पकड़कर ले गए। उसने कहा- हमारा डेढ़ महीने का बेटा रोता रहा, लेकिन वह नहीं माने। मैं इस मासूम को लेकर कहां जाऊंगी। 17 साल की निमी ने भागकर गोपाल बिस्वास के साथ शादी -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल विवाह अभियान में अब तक 2278 गिरफ्तार



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा के सख्त आदेशों के बाद पुलिस ने पूरे राज्य में बाल विवाह के खिलाफ गत शुक्रवार से अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत पूरे राज्य में चार हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए और दो हजार दो सौ से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य पुलिस मुख्यालय ने मिली जानकारी के अनुसार -शेष पृष्ठ दो पर

# ग्रेटर टिपरालैंड की मांग नहीं हो सकती पूरी : साहा



**अगरतला।** त्रिपुरा में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को ग्वाला बस्ती और मास्टरपारा इलाके में घर-घर अभियान चलाकर पार्टी का प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता से उन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वह जिस तरह से हमारा साथ दे रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि हमें 2018 के मुकाबले अधिक समर्थन मिलेगा। मुख्यमंत्री साहा ने आगे कहा कि चुनाव में हमारा कोई प्रतिद्वंदी नहीं है, चाहें वह टिपरा मोथा हो, कांग्रेस हो या सीपीआई। हमने पारदर्शिता के साथ काम किया है। प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह से देश चला रहे हैं, हम भी उसी तर्ज पर काम कर रहे हैं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति अच्छी है। मुख्यमंत्री ने कहा, टिपरा मोथा पार्टी की ग्रेटर टिपरालैंड की मांग पूरी होना संभव नहीं है, क्योंकि इसकी प्रस्तावित सीमा न केवल असम और मिजोरम बल्कि पड़ोसी बांग्लादेश से भी गुजरती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दल आगामी विधानसभा चुनावों में स्थितियों से लाभ उठाकर आदिवासी और गैर-आदिवासी लोगों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उधर त्रिपुरा में कई निर्वाचन क्षेत्रों में आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर काफी उथल पुथल मची हुई है। उम्मीदवारों को लेकर भाजपा में इन दिनों काफी विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा ने नए उम्मीदवारों के लिए कई पुराने उम्मीदवारों को लिस्ट में शामिल नहीं किया है। ऐसी ही एक -शेष पृष्ठ दो पर

## असम सरकार के बाल विवाह विरोधी अभियान को संरक्षण आयोग ने सराहा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने रविवार को बाल विवाह के खिलाफ असम सरकार की गई कार्रवाई की सराहना की। आयोग ने इसके साथ ही कहा कि राजनीतिक दलों को बच्चों से जुड़े मामलों में संवेदनशील होना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ एनसीपीसीआर ने आल इंडिया यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) प्रमुख बदरुद्दीन अजमल को उनकी *बचकानी और मूर्खतापूर्ण टिप्पणी* के लिए फटकार लगाई। बाल विवाह से जुड़े मामलों में असम पुलिस ने अब तक राज्य भर में 2,250 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। एनसीपीसीआर प्रमुख प्रियांक कानूनगो ने बताया कि एआईयूडीएफ का यह बयान कि असम सरकार ने नियम नहीं बनाए हैं, बचकाना और मूर्खतापूर्ण है। राजनीतिक दलों को बच्चों से संबंधित मामलों में संवेदनशील होना चाहिए। बाल विवाह अधिनियम और पॉस्को अधिनियम केंद्रीय अधिनियम हैं। मुझे समझ नहीं आता कि लोग इसपर कैसे राजनीतिक बयानबाजी

सुप्रभात
*प्रयत्न ना करने से कार्य में विघ्न पड़ता है।*
- आचार्य चाणक्य

## त्रिपुरा विस चुनाव त्रिकोणीय मुकाबले की ओर

**अगरतला।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के त्रिकोणीय होने के आसार बढ़ रहे हैं। नवगठित राजनीतिक दल टिपरा मोथा चुनाव बाद किंगमेकर की भूमिका में उभर सकती है। चुनाव में उसका मुकाबला भाजपा-आईपीएफटी और कांग्रेस-वाम मोर्चा गठबंधन से होगा। टिपरा मोथा का नेतृत्व पूर्व शाही घराने के वारिस प्रद्योत माणिक देववर्मा कर रहे हैं। पार्टी ने भाजपा या शत्रु से मित्र बने कांग्रेस और वाम मोर्चा के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन से इन्कार कर दिया, -शेष पृष्ठ दो पर

## परवेज मुशर्रफ का पार्थिव शरीर पाकिस्तान लाया जाएगा

**इस्लामाबाद/दुबई।** पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ (सेवानिवृत्त) का पार्थिव शरीर पाकिस्तान लाया जायेगा। खबरों में यह जानकारी दी गई है। दुबई में देश के महावाणिज्य दूतावास ने रविवार को पूर्व सैन्य शासक का पार्थिव शरीर उनके देश वापस भेजने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध की साजिश रचने वाले मुशर्रफ का रविवार को एक लाइलाज बीमारी से वर्षों तक जूझने के बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## हैदराबाद में आतंकी हमले की साजिश का खुलासा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने तीन आंतकवादियों पर हैदराबाद में आतंकवादी वारदात की प्लानिंग करने का संगीन आरोप लगाया है। एजेंसी के मुताबिक तीन आरोपियों की पिछले साल अक्तूबर में हैदराबाद में आतंकवादी हमलों की साजिश के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में आतंक फैलाने की मंशा थी। मोहम्मद अब्दुल जाहिद, माज हसन फारूक और समीउद्दीन नाम के आरोपियों ने लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े पाकिस्तान स्थित हैंडलर्स के -शेष पृष्ठ दो पर

### न्यूज गैलरी


## अगरतला में आठ रोहिंग्याओं सहित 12 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला (हिंस)।** अगरतला रेलवे स्टेशन पर अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में जीआरपीएफ ने 12 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। जीआरपी सूत्रों ने रविवार को बताया है कि बांग्लादेश से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में 12 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें छह पुरुष और छह महिलाएं और दो बच्चे हैं। सूत्र ने कहा है कि गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से 8 रोहिंग्या और 4 बांग्लादेशी हैं। सूत्र ने यह भी कहा कि गिरफ्तार -शेष पृष्ठ दो पर

## अजित भुइयां सबसे भ्रष्ट सांसद : भाजपा

**गुवाहाटी (हिंस)।** असम प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता रंजीव कुमार शर्मा ने निर्दलीय राज्यसभा सांसद अजीत कुमार भुइयां को भ्रष्ट सांसद व निकृष्ट मनोवृत्ति वाला व्यक्ति बताया है। शर्मा रविवार को यहां भाजपा के प्रदेश मुख्यालय अटल बिहारी वाजपेयी भवन में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। असम प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि करीब तीन दशक से पत्रकारिता से जुड़े और अखबारों और टेलीविजन चैनलों के माध्यम से आम जनता को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने वाले -शेष पृष्ठ दो पर

## जाति भगवान ने नहीं, पंडितों ने बनाई : भागवत



**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि जाति भगवान ने नहीं बनाई है, जाति पंडितों ने बनाई है। भगवान के लिए हम सभी एक हैं। हमारे समाज को बांटकर पहले देश में आक्रमण हुए, फिर बाहर से आए लोगों ने फायदा उठाया। आएसएस प्रमुख मुंबई में संत रोहिदास जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। भागवत ने कहा कि हमारे समाज को बांटकर लोगों ने हमेशा से फायदा उठाया है। सालों पहले देश में आक्रमण हुए, फिर बाहर से आए लोगों ने हमें बांटकर -शेष पृष्ठ दो पर

## 2024 के लोस चुनाव की नैया पार लगाएगा बजट : भाजपा



**नई दिल्ली।** वार्षिक केंद्रीय बजट में, अधिकतर लोगों का ध्यान टैक्स स्लैब की ओर रहता है। बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया और इस बजट के चुनावी समीकरणों के साथ-साथ टैक्स स्लैब में बदलाव की बात कही। इस बजट के राजनीतिक पहलू की व्याख्या करते हुए विश्लेषकों का कहना है कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह बजट इस साल होने वाले नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में मदद करेगा, लेकिन चुनौती यह है कि भाजपा नेता और जनप्रतिनिधि कैसे इस बजट को जनता तक ले जाएंगे और वह इसका कितना फायदा उठा सकेंगे। बजट की समझ को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने देशव्यापी अभियान की योजना बनाई है। -शेष पृष्ठ दो पर

## बलूचिस्तान में विस्फोट, टीटीपी ने ली हमले की जिम्मेदारी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को हुए एक विस्फोट में कम से कम पांच लोग घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर पुलिसकर्मी हैं। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की ओर से हाल के दिनों में सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाते हुए सुनियोजित हमले की यह दूसरी घटना है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट क्वेटा पुलिस लाइन क्षेत्र में हुआ और घायलों को शहर के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल की घेराबंदी -शेष पृष्ठ दो पर

## आजादी के बाद से छह गुना बढ़े मतदाता

**नई दिल्ली।** आजादी के बाद से देश में मतदाताओं की संख्या छह गुना बढ़ चुकी है। एक जनवरी को देश में कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 94.50 करोड़ हो गई है। खबर के अनुसार, साल 1951 में देश में कुल मतदाता 17.32 करोड़ थे, जो अब बढ़कर 94,50,25,694 से ज्यादा हो गए हैं। हालांकि चुनाव आयोग के लिए चिंता की बात ये है कि बीते लोकसभा चुनाव में करीब एक तिहाई मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं किया था। ऐसे में मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने के लिए चुनाव आयोग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आंकड़ों के अनुसार, साल 1951 में हुए आम चुनाव में देश के 45.67 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट दिया था। उसके -शेष पृष्ठ दो पर



## दिल्ली को संभवत: आज मिलेगा नया मेयर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर को चुनने के लिए नगर निगम (एमसीडी) सदन की बैठक सोमवार को बुलाई गई है। इससे पहले महापौर चुनने की दो कोशिश नाकाम हो चुकी हैं। दिल्ली नगर निगम (डीएमसी) अधिनियम 1957 के तहत महापौर और उप महापौर का चुनाव नगर निकाय सदन की पहली बैठक में ही हो जाना चाहिए। हालांकि नगर निकाय चुनाव हुए दो महीने का समय बीत चुका है पर अब तक शहर को नया महापौर नहीं मिला है। इससे पहले एमसीडी सदन -शेष पृष्ठ दो पर

## केंद्रीय कर्मचारियों को होली पर मिलेगा तोहफा

**नई दिल्ली।** कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में केंद्र सरकार चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकार के इस फैसले का फायदा करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा। बता दें कि अभी केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी है, जिसे चार फीसदी बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। इस बढोतरी के लिए एक फार्मूले पर सहमति बनी है। बता दें कि कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा की जाती है, जो कि श्रम मंत्रालय का अंग है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना की जाती है। दिसंबर 2022 के लिए 31 जनवरी 2023 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी किया गया है। इस सूचकांक के



अनुसार, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 फीसदी बैठती है। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। बता दें कि प्रक्रिया के तहत वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग डीए में वृद्धि का प्रस्ताव तैयार करेगा, -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# एनआईए ने बिहार के मोतिहारी से दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## एक बड़े नेता की हत्या की साजिश का किया पर्दाफाश

**पटना/मोतिहारी ( हिंस )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने फुलवारीशरीफ पीएफआई मामले में बीते दो दिनों से बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनपर एक बहुत बड़े नेता को लक्ष्य कर हत्या और सांप्रदायिक सद्भाव को भंग करने की साजिश रचने का आरोप है जिसका पर्दाफाश एनआईए और स्थानीय मोतिहारी पुलिस ने किया है। एनआईए ने देर शाम प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनमें तनवीर रजा उर्फ बरकती पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला निवासी बहादुरपुर, मेहसी, पूर्वी चंपारण तथा दूसरा एमडी आबिद आर्यन पुत्र एमडी रुस्तम, निवासी गांव बहादुरपुर, पीएस मेहसी, जिला पूर्वी चंपारण का निवासी है। इससे पहले इस मामले में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था और पीएफआई से संबंधित कई आपत्तिजनक लेख/दस्तावेज जब्त किए गए थे। कल की गई तलाशी के दौरान कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। मामले में आगे की जांच की जा रही है। एनआईए की टीम ने शनिवार चार फरवरी को पूर्वी चंपारण जिले में लक्षित हत्याओं को अंजाम देने के लिए पीएफआई कैडरों द्वारा रची गई साजिश को विफल करने के लिए आठ स्थानों पर छापेमारी करने के बाद रविवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिन्होंने इस घटना को अंजाम देने के लिए हथियारों और गोला-बारूद की व्यवस्था की थी। एनआईए ने बताया कि टारगेट पूरा करने के लिए रेकी पहले ही की जा चुकी थी। हथियार और गोला-बारूद पीएफआई ट्रेनर याकूब को सौंपे गए थे, जो पीएफआई कैडरों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर रहा था। कुछ दिन पहले पीएफआई के ट्रेनर याकूब ने एक अपमानजनक और भड़काऊ फेसबुक वीडियो पोस्ट किया था। जिसका उद्देश्य शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को भंग करना था। फेसबुक के अन्य यूजर्स ने इस पोस्ट पर आपत्तिजनक कमेंट और ट्रोल किया था। फरार आरोपी याकूब और दो गिरफ्तार आरोपियों ने उनमें से कुछ की पहचान की थी और लक्षित व्यक्ति की हत्या को अंजाम देने की साजिश रची थी। छापेमारी और गिरफ्तारियां एनआईए के केस संख्या-1 में की गई है।

## नगालैंड विस चुनाव में जदयू के आठ उम्मीदवार ठोक रहें ताल

**पटना ( हिंस )।** नगालैंड विधान सभा चुनाव के लिए जनता दल (यूनाईटेड) ने आज अपने 8 उम्मीदवारों की पहली सूची आज जारी कर दी है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव विधानपार्षद अफाक अहमद खान की ओर से जारी की गयी सूची में विधान सभा क्षेत्र संख्या 4 घासपानी- 1 एसी से इम्सुमोंगबा पोंगेन, 12 तसेमिन्यु से ज्वेंगा सेब, 15 साउथर्न अंगामी-सस से विपोपाल किंत्सो, 30 एसी अलोंग्त्की से जे लानू लोंगचर, 37 त्युई से सेंचुमो लोथा, 43 तापी से गेइह्वंग कोनयाक, 46 मोन टाउन से एन थोंगवांग कोनयाक एवं 52 लोंग्खिम चारे से अजुन्गली संगतम के नाम शामिल हैं। पार्टी के अध्यक्ष ललन सिंह ने कहा है कि नागालैंड में जिस एक जदयू उम्मदीवार ने पार्टी छोड़कर लोजपा (रामविलास) के साथ जाने का फैसला किया वह जदयू से 5-10 करोड़ रुपये मांग रहा था।

## उत्तर-पूर्व में आसाधारण काम कर रही है भारतीय सेना : पेमा खांडू



**असम।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने रविवार को भारतीय सेना के 11 पैरा (विशेष बल) के 11 स्थापना दिवस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि पैराशूट रेजिमेंट का 11 पैरा (एसएफ) टीम उत्तर पूर्व क्षेत्र में असाधारण काम कर रही है। उन्होंने एक ट्वीट में कहा कि पैराशूट रेजिमेंट का 11 पैरा (विशेष बल) उत्तर पूर्व में आसाधारण काम कर रही है। उनकी बहादुरी, वीरता और पेशेवराना अंदाज अतुलनीय है। उन्होंने आगे कहा कि पैरा (एसएफ) के 11 वें स्थापना दिवस के अवसर पर संबोधत कर खुशी हुई। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि असम के मिसामारी में आज बल के 11वें स्थापना दिवस को संबोधित कर खुशी हुई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मालूम हो कि 11 पैरा (एसएफ) को देश के उत्तर पूर्व इलाके में विशेष अभियानों को मजबूत करने के लिए तैनात किया गया है और इसे लोकप्रिय रूप से *वाइपर* कहा जाता है।

## लक्स इंडस्ट्री लि. की ओर से ऑन डीलर्स मीट का आयोजन



**गुवाहाटी।** देश की अग्रणी इनरवियर निर्माता लक्स इंडस्ट्री लि. कोलकाता के ऑन डिवीजन के अंतर्गत ऑन डीलर्स मीट का आयोजन किया गया। इस डीलर्स मीट का आयोजन कंपनी के पूर्वोत्तर में कार्यरत डिस्ट्रीब्यूटर गुड वैल्यू मार्केटिंग, पदमावती एंटरप्राइज, शुभम डिस्ट्रिब्यूटर्स व जीएसएल इंटरप्राइजेज के सहयोग से दिसपुर स्थित होटल नोवोटेल में किया गया। इस मौके पर कंपनी की ओर से ऑन के नए उत्पाद वेस्ट्स, ब्रिफ्स, ट्रंक्स, बॉक्सर, सॉर्ट्स, लाउंजर्स, टी-शर्ट, शोक्स आदि की नई रेंज को असम सहित पूर्वोत्तर के बाजार में उतारा गया। साथ ही कंपनी के पदाधिकारियों ने पूर्वोत्तर में लक्स की भावी रणनीति को भी डिस्ट्रीब्यूटर व डीलरों के साथ साझा किया। इस मौके पर कई तरह की स्कीम भी जारी कर नई रेंज की गुणवक्ता से भी अवगत कराया गया। इस दौरान कंपनी की ओर से निदेशक साकेत तोदी, बिक्री प्रमुख संजय मित्तल, पूर्वोत्तर के एजेंट सुनील बोथरा, डिस्ट्रिब्यूटर गुड वैल्यू मार्केटिंग की ओर से बिमल कुमार बैद, रंजीत बोथरा व यश बोथरा, पदमावती इंटरप्राइज की ओर से प्रवीन दुग्गड़, शुभम डिस्ट्रिब्यूटर्स की ओर से शुभम अग्रवाल व जी.एस.एल इंटप्राइजेज की ओर से अश्वनी मुधड़ा उपस्थित थे। इस मीट में असम सहित पूर्वोत्तर से आए 50 से अधिक डीलरों ने हिस्सा लिया। कंपनी के नए उत्पाद की सभी ने सराहना की। साथ ही उन्होंने आशा जताई कि यह नए उत्पाद ग्राहकों की कसौटी पर खरा उतरेंगे। मध्यम एवम उच्च मध्यम वर्ग के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने में सफल होंगे।

## रिलायंस रिटेल ने एचएम कांपलेक्स, बरपेटा में स्मार्ट बाजार की शुरुआत की

**बरपेटा।** स्मार्ट बाजार, रिलायंस रिटेल के बड़े प्रारूप वाले सुपरमार्केट ने बरपेटा एचएम कांपलेक्स, नामघर पथ, बरपेटा रोड बस स्टैंड के पास अपना नया स्टोर लांच किया है। स्टोर किराने, फलों और सब्जियों, डेयरी से लेकर बरतन, होमवेयर, परिधान, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स आदि से लेकर एक ही छत के नीचे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करके वन-स्टॉप खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। इस स्टोर के लांच के साथ, स्मार्ट बाजार नें अब बरपेटा में उपस्थिति दर्ज की। 15,000 वर्ग फुट से अधिक के विशाल शॉपिंग स्पेस में निर्मित, स्मार्ट बाजार को ग्राहकों को बड़ी बचत और बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह ग्राहकों को एक ही छत के नीचे दैनिक आवश्यक वस्तुओं जैसे किराने का सामान, डेयरी उत्पाद, फल और सब्जियों से लेकर विशेष वस्तुओं और उपयोगिताओं जैसे होमवेयर, किचनवेयर, फुटवियर, परिधान और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर उत्पादों की एक विस्तृत विविधता प्रदान करता है। यह ग्राहकों को एमआरपी पर 5त्न तक की छूट और विशेष मौसमी ऑफर के साथ साल भर बचत के शानदार अवसर भी प्रदान करता है। स्टोर में प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ और पेय पदार्थ, पर्सनल केयर, हेल्थकेयर, हाइजीन, फैब्रिक, होमकेयर और होम डेकोर जैसी श्रेणियों के ढेर सारे ब्रांड आकर्षक ऑफर्स पर उपलब्ध हैं। स्मार्ट




बाजार में खरीदारी का विशेष लाभ यह है कि बड़ी खरीदारी से हमेशा अधिक बचत होती है। उदाहरण के लिए, 1,999 रुपए की न्यूनतम खरीदारी करने वाले ग्राहक को सिर्फ 9 रुपए/किलो में चीनी खरीदने का मौका मिलता है। अपने अच्छी तरह से सूचित ग्राहक सहयोगियों, कार्यात्मक डिजाइन और लेआउट और आकर्षक कीमतों पर गुणवत्ता वाले उत्पादों के साथ स्मार्ट बाजार उपभोक्ताओं का दिल जीतना और उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनना जारी रखता है। रिलायंस रिटेल, अपने विभिन्न किराना प्रारूपों के साथ, हर दिन से लेकर विशेष अवसरों तक मूल्य सीमा में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना जारी रखता है। ग्राहक पर अधिकतम ध्यान देने के साथ, स्मार्ट बाजार बड़े प्रारूप वाली सुपरमार्केट श्रेणी में अपनी व्यापक पेशकश और उपभोक्ता के साथ भौतिक निकटता के साथ श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ खरीदारी का अनुभव जारी रखता है।

## बरठाकुर आईएएस अकादमी में आईआईटी, गुवाहाटी के अलचेरिंगा 2023 को कायम रखने का संकल्प

गुवाहाटी। दूसरे दिन विशाल और शेखर द्वारा अद्भुत आवाजों के साथ अलचेरिंगा का प्रदर्शन किया गया, जिसने बॉलीवुड जोड़ी को आश्चर्यचकित कर दिया। शिक्षा के मसीहा-अलख पांडे, जिन्हें प्रसिद्ध भौतिकीवाला के नाम से जाना जाता है, सृष्टिकर्ता के शिविर में एक पैनलिस्ट थे, और कल हम दीपांगसु सांगवान, जिन्हें आमतौर पर खानाबदोश भारतीयों और सत्य सग्गरों के रूप में जाना जाता है, जैसी और अधिक पैनलिस्ट लाइनें तैयार करते हैं। पूर्वोत्तर का अनावरण किया गया जिसने पूर्वोत्तर की संस्कृति को प्रदर्शित किया। 50+ स्टॉल जिसमें कई खाद्य रसोई शामिल थे। ञ्चद्धद्गह्लहद्ध× और अनप्लग्ड जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं और प्रत्येक प्रतिभागी ने उत्साह के साथ प्रदर्शन किया और भीड़ सुपर उत्साहित थी। नंबर भीड़ के गवाह। रॉक ओ फीनिक्स और संसदीय बहस जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जहां देश के विभिन्न हिस्सों के रॉक बैंड ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साइलेंट डिस्को, फेरिस व्हील, कप और प्लेट और अन्य सवारी जैसे अनौपचारिक कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

## मादक पदार्थ का सेवन करने वाला युवक गिरफ्तार

**गोलाघाट ( हि.स. )।** गोलाघाट जिला के देरगांव में मादक पदार्थ के नशे का आदी एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार है। पुलिस ने बताया है कि रविवार को दिसे चाराली इलाके में धेमाजी मिरी नामक नशेड़ी युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ा है। पकड़े गये युवक की पहचान जोरहाट जिला राजाबाड़ी निवासी मुमताज अली के रूप में हुई है। युवक को स्थानीय लोगों ने ड्रग्स कंटेनर के साथ पकड़ा था। स्थानीय लोगों ने बाद में उसे देरगांव पुलिस को सौंप दिया। असम पुलिस पिछले कुछ दिनों से ड्रग्स के खिलाफ अभियान छेड़े हुए है।

# पृष्ठ एक का शेष

### रात दो बजे पति को ...

की थी, जो 20 साल का है। वह अपने पति के साथ गांव के चौराहे पर पकौड़े बेचकर गुजर-बसर करती थी। गोपाल का बड़ा भाई युधिष्ठिर माता-पिता के साथ पास में ही रहता है। उसने बताया- मैं मुश्किल से इतना कमाता हूं कि अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकूं। निमी और उसके बेटे की देखभाल कौन करेगा? पति की गिरफ्तारी के बाद उसने कुछ नहीं खाया है। बच्चा भी अब बीमार हो रहा है। युधिष्ठिर ने कहा- सरकार को हमें पहले चेतावनी देनी चाहिए थी। दूसरी ओर रजीबुल हुसैन को गुरुवार शाम करीब 6 बजे घर से उठाया गया था। वह कुछ ही मिनट पहले केरल से अपने पिता के साथ घर लौटा था। उसकी मां रेजिना बताती हैं- बेटे ने लव मैरिज की थी। रेजिना से जो भी बात करता है वह उसे बताती है- मेरी बहू कम उम्र की नहीं है, लेकिन उसके आधार कार्ड में कुछ गड़बड़ी थी, जिसके कारण मेरा बेटा आज जेल में है। अब बहू अपने जन्म रिकॉर्ड प्राप्त करने के लिए मूल स्थान के चक्कर लगा रही है। रेजिना के परिवार के पड़ोसी ने दावा किया कि रजिबुल की पत्नी जैसे कई लोग शादी के समय नाबालिग नहीं थे, लेकिन आधार कार्ड के लिए नामांकन करते समय उनकी जन्मतिथि गलत दर्ज की गई थी। उनका दावा है कि पुलिस ने स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से डेटा लिया था, जो गलत है। अब, हम इन महिलाओं को उनके मूल जन्म रिकॉर्ड प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं, ताकि उनके पतियों को जमानत मिल सके। इस मामले में जहां कुछ को अपने परिवारों से मदद और समर्थन मिल रहा है, वहीं रिया देवी जैसी कई अपने पतियों की गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों की दया पर निर्भर हैं। सरकार की ओर से संचालित शेल्टर होम में रह रही 16 साल की रिया ने बताया- पति ही मेरे सब कुछ हैं, क्योंकि हमने भागकर शादी की थी। अब मैं यहां से अपनी एक साल की बेटी को लेकर कहां जाऊं? शेल्टर होम में रहने वाली 9 महीने की गर्भवती रूपा (16) ने कहा- मेरे पति को आजाद करो। हमने सहमति से शादी की थी। अब मैं उनके बिना क्या करूंगी। राज्य मंत्रिमंडल ने 23 जनवरी को अपराधियों को गिरफ्तार करने का फैसला किया था। 15 दिन से भी कम समय में पुलिस ने बाल विवाह के 4,004 मामले दर्ज कर लिए। इसके अलावा बाल विवाह को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया गया था। उधर, सीएम हिमंत विश्व शर्मा का कहना है कि बाल विवाह के खिलाफ अभियान 2026 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव तक जारी रहेगा।

### बाल विवाह अभियान...

पूरे राज्य में बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि रविवार तक राज्य में बाल विवाह के मामले में अब तक पूरे राज्य में 2278 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक पूरे राज्य के अलग-अलग थानों में कुल 4074 प्राथमिकी दर्ज किया गया है। गिरफ्तार लोगों में बाल विवाह करने वाले दूल्हा, विवाह कराने वाले लोग, मौलवी और पंडित भी शामिल हैं। पुलिस विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार प्राथमिकी-गिरफ्तारिया इस प्रकार हैं, जहां बजाली में 53-44, बाक्सा मे 153-123, बरपेटा में 81-130, बिश्वनाथ में 97-139, बंगाईगांव में 123-117, कछार में 50-80, चराईदेव में 78-65, चिरांग में 54-41, दरंग में 125-61, धेमाजी में 101-29, धुबड़ी में 374-126, डिब्रूगढ़ में 83-6, डिमा हसाउ में 24-24, ग्वालपाड़ा में 157-84, गोलाघाट में 62-26, हैलाकांदी में 109-82, होजाई में 255-117, हेमरन में 15-10, जोरहाट में 25-8, कामरूप में 80-85, कार्बी आंग्लांग में 126-53, कोकराझाड़ में 204-94, करीमगंज में 92-81, लखीमपुर में 33-28, माजुली में 43-24, मोरीगांव में 224-81, नलबाड़ी में 171-40, नगांव में 141-101, सदिया में 97-42, शिवसागर में 51-24, शोणितपुर में 60-35, दक्षिम सालमारा में 145-41, तामुलपुर में 110-63, तिनसुकिया में 73-31, उदालगुड़ी में 213-84, कमिश्नरेट में 192-59 जो कुल- 4074-2278 है।

### ग्रेटर टिपरालैंड की...

विधायक है मिमी जिसे नई उम्मीदवार मीना सरकार के लिए उम्मीदवार नहीं बनाया गया है। ऐसे में मिमी ने भाजपा के खिलाफ जाने की पूरी रणनीति बना ली है। हालांकि, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का एक समूह 5 फरवरी को चुनाव के बाद पुनर्वास का वादा कर उन्हें शांत करने में सफलता हासिल की है। इसी बीच भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का एक समूह कैलाशहर में भी रंजन से मिलने गया था, जिस पर टीकू रॉय के खिलाफ दंगे भड़काने का आरोप है। उन्होंने विरोध के बीच ही नामांकन दाखिल किया। रंजन के ऐसे व्यवहार को देखते हुए भाजपा ने उन्हें भी समझाने का प्रयास किया। हालांकि पार्टी को रंजन सिन्हा को समझाने में सफलता नहीं मिली। इसी बीच रंजन सिन्हा ने पार्टी के सीनियर लीडर्स द्वारा दिए गए ऑफर को मानने से मना कर दिया और चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की।

### त्रिपुरा विस चुनाव...

लेकिन उसने चुनाव बाद किसी भी दल से गठबंधन का विकल्प खुला रखा है जो अलग राज्य के रूप में उसकी ग्रेटर टिपरालैंड की मांग का समर्थन करे। 2021 में त्रिपुरा ट्राइबल एरिया ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (टीटीएडीसी) के चुनाव में टिपरा मोथा ने 30 में से 18 सीटें हासिल की थी। अपनी इस जीत से उत्साहित पार्टी ने अकेले विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है। 60 सदस्यीय विधानसभा में उसे सरकार बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण 20 आदिवासी बहुल सीटों पर कब्जा करने की उम्मीद है। दूसरी ओर, भाजपा कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है।

### परवेज मुशर्रफ का...

दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मुशर्रफ पाकिस्तान में अपने खिलाफ आपराधिक आरोपों से बचने के लिए 2016 से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रह रहे थे। एक समाचार चैनल की खबर के अनुसार, मुशर्रफ के परिवार ने दुबई में पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास में एक आवेदन दायर कर उनके पार्थिव शरीर को दफनाने के लिए पाकिस्तान ले जाने की अनुमति मांगी थी। खबर के अनुसार, मुशर्रफ का पार्थिव शरीर पाकिस्तान लाने के लिए एक विशेष सैन्य विमान नूर खान एयरबेस से दुबई के लिए उड़ान भरेगा। खबर में हालांकि इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। इस बीच, दूसरे समाचार पत्र की खबर के अनुसार, दुबई में पाकिस्तान के महावाणिज्य दूतावास ने उनके पार्थिव शरीर को पाकिस्तान वापस भेजने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया है। समाचार पत्र ने महावाणिज्यदूत हसन अफजल खान के हवाले से अपनी खबर में कहा कि हम परिवार के संपर्क में हैं और वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद करेगा। वाणिज्य दूतावास ने अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है।

### हैदराबाद में आतंकी...

निर्देश पर भारत को दहलाने का षड्यंत्र रचा था। एनआईए ने इन तीन आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत कार्रवाई की है। एनआईए ने अपनी एफआईआर में कहा है कि इस योजना के मास्टरमाइंड अब्दुल जाहिद पर हैदराबाद में आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में शामिल होने का आरोप है। एनआईए को इन आरोपियों से हैंड ग्रेनेड भी बरामद हुए हैं। बता दें कि एनाईए ने तीन और अन्यों के खिलाफ इस साल 25 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### 2024 का लोस ...

सभी नेताओं से कहा गया है कि वे अपने जिले में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करे और उसके जरिए आम लोगों को इस बजट के बारे में समझाए। भाजपा ने श्रमिक वर्ग का विश्वास जीता क्योंकि यह पार्टी उन लोगों के अनुकूल काम करती है। आम आदमी और देश के गरीब लोगों के लिए इस बजट में बहुत कुछ है। सबसे ज्यादा राहत टैक्स के रूप में मिलने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट की तारीफ करते हुए कहा कि यह विकसित भारत के संकल्प को आधार प्रदान करता है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा नेताओं ने भी *अमृत काल* बजट की सराहना की। विपक्ष ने आरोप लगया है कि इस साल का बजट चुनाव के लिए बनाया गया है, इसका देश के कल्याण से कोई लेना-देना नहीं है।

### बलूचिस्तान में विस्फोट...

कर दी गई है। विस्फोट की प्रकृति के बारे में तत्काल पता नहीं चल पाया है। प्रतिबंधित संगठन टीटीपी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इसने कहा कि विस्फोट में सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाया गया था। इस बीच क्वेटा के नवाब अकबर बुगती स्टेडियम में खेले जा रहे पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) मैच को विस्फोट के कारण कुछ देर के लिए रोकना पड़ा, जिसमें कप्तान बाबर आजम और पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी जैसे हाई प्रोफाइल खिलाड़ी भाग ले रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि कोई भी खिलाड़ी घायल नहीं हुआ है। कुछ दिन पहले पेशावर की एक मस्जिद में दोपहर की नमाज के दौरान तालिबान के एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया था जिसमें 101 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। पाकिस्तान आतंकवाद की ताजा लहर से प्रभावित हुआ है। इस लहर से देश का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, इसके अलावा इसकी सीमा से सटे बलूचिस्तान और पंजाब के मियांवाली शहर में आतंकी हमले देखे गए हैं।

### आजादी के बाद ...

बाद से मतदाताओं और मतदान प्रतिशत में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साल 1957 के आम चुनाव में देश में कुल मतदाता बढ़कर 19.37 करोड़ हो गए थे और चुनाव के दौरान 47 फीसदी मतदाताओं ने वोट किया था। 2019 के लोकसभा चुनाव में करीब 30 करोड़ लोगों ने वोट नहीं दिया था। खासकर शहरी मतदाताओं, युवाओं और प्रवासी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कम कर रहे हैं। प्रवासी मतदाताओं का नाम तो अपने गृह राज्य की वोटर लिस्ट में है लेकिन वह किसी और जगह काम करते हैं, जिसके चलते कई कारणों से ऐसे मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल नहीं कर पाते। चुनाव आयोग इससे निपटने के लिए रिमोट वोटिंग टेक्नॉलोजी का प्रस्ताव दिया है लेकिन इसके लिए राजनीतिक मंजूरी और विधायी ढांचे में बदलाव की जरूरत होगी। इस साल कई राज्यों में विधानसभा चुनाव और अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा अपने मताधिकार का इस्तेमाल को प्रेरित करने के लिए चुनाव आयोग कई योजनाओं पर काम कर रहा है। साल 1962 के आम चुनाव में पहली बार 50 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला और इस दौरान कुल वोटर्स की संख्या 21 करोड़ को पार कर चुकी थी। 2009 के आम चुनाव में रजिस्टर्ड मतदाता 71 करोड़ हो गए थे और 2014 में यह आंकड़ा बढ़कर 83 करोड़ हो गया था। 2019 में कुल वोटर्स 91 करोड़ थे और 67 फीसदी ने वोट किया था।

### दिल्ली को संभवत:..

की बैठक छह जनवरी और 24 जनवरी को दो बार बुलाई गई थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों के हंगामे की वजह से पीठासीन अधिकारी ने महापौर का चुनाव कराए बिना कार्यवाही स्थगित कर दी। पिछले साल चार दिसंबर को संपन्न चुनाव के बाद 250 सदस्यीय निकाय सदन का पहला सत्र पूरी तरह से बेकार चला गया जबकि दूसरे सत्र में नामांकित सदस्यों के शपथ लेने के बाद निर्वाचित पार्षदों ने शपथ ली। शपथ लेने की कार्यवाही पूरी होने के बाद सदन के दूसरे सत्र को पीठासीन अधिकारी और भाजपा पार्षद सत्या शर्मा ने अगली तारीख के लिए स्थगित कर दिया। भाजपा सदस्यों ने चेम्बर के बाहर आप विरोधी और (दिल्ली के मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल विरोधी नारेबाजी की जबकि आप सदस्यों ने सदन में करीब पांच घंटे तक शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। निकाय सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राज्य सभा सदस्य संजय सिंह सहित आप नेताओं ने दावा किया कि महापौर का चुनाव नहीं होने दिया जा रहा है और भाजपा लोकतंत्र का गला घोंटकर खतरनाक परंपरा शुरू कर रही है। एमसीडी चुनाव में आप 134 पार्षदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी जबकि भाजपा को 104 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने नौ सीटें जीती थीं। छह फरवरी को बुलाई गई सदन की बैठक में भाजपा ने महापौर पद के लिए रेखा गुप्ता को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं आप की ओर से शैली ओबरॉय महापौर पद की दौड़ में शामिल हैं। उप महापौर के लिए आप और भाजपा ने क्रमश: आले मोहम्मद इकबाल और कमल बागरी को मैदान में उतारा है। सोमवार को महापौर और उप महापौर के साथ एमसीडी की स्थायी समिति के छह सदस्यों का भी चुनाव होना है।

### केंद्रीय कर्मचारियों को...

जिसमें इसके राजस्व पर पड़ने वाले असर के बारे में भी बताया जाएगा। बाद में इस प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा, जहां से मंजूरी के बाद डीए में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू हो जाएगी। यह बढ़ोतरी एक जनवरी 2023 से लागू हो सकती है। इससे पहले 28 सितंबर 2022 में केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की थी। साल में दो बार महंगाई भत्ते की समीक्षा की जाती है। यह समीक्षा जनवरी और जुलाई में होती है।

### अगरतला में आठ ...

किए गए 12 लोगों में से एक रोहिंग्या-दलाल है। यह दलाल देश के विभिन्न हिस्सों में विदेशी नागरिकों को नौकरी दिलाने के लिए हैदराबाद से यहां आया है। जीआरपीएफ सूत्रों ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ विदेशी कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी को भी बांग्लादेश सीमा से सटे सिपाहीजला जिला के कमलासागर विधानसभा केंद्र के माटीनगर इलाके से छह रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया गया था। वे हैदराबादी दलालों के जरिए नौकरी के लिए आए थे।


### अजित भुइयां सबसे...

भुइयां पर स्वयं के सांसद विकास निधि के दुरुपयोग का भी आरोप लगा है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह वास्तव में बहुत अफसोस की बात है। असम के लोगों को अजीत कुमार भुइयां से राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं के साथ राष्ट्र के विकास के लिए सही मार्गदर्शक की भूमिका निभाने की उम्मीद की थी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि लेकिन घोर पाखंड के साथ अजित कुमार भुइयां अब बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के साथ राष्ट्रीय खलनायक बन गए हैं।

### जाति भगवान ने ...

फायदा उठाया। नहीं तो हमारी ओर नजर उठाकर देखने की भी किसी में हिम्मत नहीं थी। इसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं। जब समाज में अपनापन खत्म होता है तो स्वार्थ अपने आप बड़ा हो जाता है। आरएसएस चीफ ने पूछा कि हिंदू समाज देश में नष्ट होने का भय दिख रहा है क्या? यह बात आपको कोई ब्राह्मण नहीं बता सकता, आपको समझना होगा। हमारे आजीविका का मतलब समाज के प्रति भी जिम्मेदारी होती है। हर काम समाज के लिए है तो कोई ऊंचा, नीचा, या कोई अलग कैसे हो गया? गणतंत्र दिवस के मौके पर जयपुर में आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने कहा कि अंग्रेज भी चले गए हैं। अब हमको भी अपने मन को विशाल करना होगा और उन सभी बेड़ियों को तोड़ना होगा। जो हमको बार-बार पीछे खींचती हैं। इस दौरान उन्होंने अम्बेडकर को भी याद किया। भागवत ने कहा कि हर गणतंत्र दिवस पर अम्बेडकर के उस संदेश को भी जरूर पढ़ना चाहिए। जिसमें उन्होंने लिखा था कि अब कोई बंदिश नहीं है।

## स्ववेंद भाष्य




**चतुर्थ मंडल** **सप्तम अध्याय**

**( योगाभ्यास )**

**गुरु मण्डल में पैठकर, अन्तर सुमिरन साध।**
**मन व प्राण गुरु युक्ति से, सन्धि में स्थिर बाँध ॥ 21 ॥**

**शब्दार्थ :** (गुरु-मण्डल) गुरु-प्रदेश (अन्तर) भीतर (सन्धि) जोड़।

**भाष्य :** गुरु-प्रदेश में सुरति को स्थिर कर मन तथा प्राण को सद्गुरु-विधान द्वारा सन्धि-स्थान में बाँध करके आत्मा द्वारा प्रभु का सुमिरन करें।

**द्वार धनी के बैठ कर, पुष्पदीप के माहिं।**
**अक्षर अजपा परखिये, सुमिरन पुरुष मनाहिं ॥ 22 ॥**

**शब्दार्थ :** (द्वार धनी) स्वामी का दरवाजा (पुष्पदीप) सुमिरन का स्थान (परखिये) देखना।

**भाष्य :** पुष्पदीप के अन्दर, पूर्ण धनी के द्वार पर बैठकर अजपा अक्षर को पारख करके परम पुरुष का सुमिरन करें, जो स्वाभाविक आपे-आप ध्वनि हो रही है। जिसको जपा नहीं जाता, उसे अजपा कहते हैं। यहाँ पर ग्रन्थकार ने अक्षर को अजपा कहा है, जो अपने मण्डल में प्रकाशित हो रहा है।

# युवा-20 की तीन दिवसीय बैठक महानगर में आज से

**गुवाहाटी ( विभास )।** युवा-20 की तीन दिन की बैठक कल से असम में गुवाहाटी में शुरू हो रही है। 8 फरवरी तक चलने वाली बैठक में डेढ हज़ार से अधिक युवक भाग लेंगे। इनमें विदेश और भारत के ढाई सौ प्रतिनिधि तथा असम के 400 कॉलेज विद्यार्थी शामिल हैं। इसमें युवाओं को यह बताने का अवसर मिलेगा कि बेहतर भविष्य के लिए वर्तमान समय से जुड़े मुद्दों पर जी-20 की प्राथमिकताएं क्या हों। इस बैठक से पहले, राज्?य के कॉलेजों और विश्?वविद्यालयों में कुछ विषयों पर विचार-विमर्श, वाद-विवाद, रैलियों, चित्रकला और क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। युवा-20 के विषयों में शामिल हैं। चौथे चरण की औद्योगिक क्रांति और भावी कामकाज, नवाचार और 21वीं सदी, जलवायु परिवर्तन तथा आपदा जोखिम न्यूनीकरण, शांति और सुलह, युद्धरहित युग का सूत्रपात, साझा भविष्य: लोकतंत्र में युवा और शासन, स्वास्थ्य, आरोग्य और खेल। युवा-20, जी-20 के आठ आधिकारिक समूहों में से एक है। इसकी शुरुआत 2012 में हुई थी और इसमें जी-20 देशों के युवा हिस्सा लेते हैं। यह जी-20 के साथ संवाद के लिए युवाओं का एकमात्र आधिकारिक मंच है और युवा नेतृत्व के लिए सर्वाधिक प्रभावी अंतरराष्ट्रीय राजनयिक मंचों में से एक है। सदस्य देशों को बारी-बारी से इसकी अध्यक्षता दी जाती है। औपचारिक बैठक से कुछ सप्ताह पूर्व होने वाली इस बैठक में, युवाओं से उनके विचार लिए जाते हैं ताकि उन्हें नीतिगत प्रस्तावों में शामिल किया जा सके। यह जी-20 देशों की सरकारों और इन देशों के युवाओं को जोड़ने का एक प्रयास होता है।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिलांतर्गत दक्षिण कामरूप में गोराईमारी के कन्हारा में शनिवार की रात एक सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाए गया लेकिन गंभीर स्थिति देखते हुए तीनों को गुवाहाटी मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कि एक बाइक अनियंत्रित होकर पैदल चले कन्हारा के तारा मियां को टक्कर मार दी। इसके बाद तेज रफ्तार बाइक सड़क बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना में बाइकसवार मुस्तफा मिराज अहमद एवं नसीरुल इस्लाम भी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को गोराईमारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तीनों को गंभीर हालत में गुवाहाटी मेडिकल कालेज एंड अस्पताल (जीएमसीएच) के लिए रेफर कर दिया। जानकारी मिली है कि मिराज अहमद की हालत अधिक नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर लिया है।

## बूढ़ाचापरी अभ्यारण्य की 5976 बीघा भूमि पर वन विभाग चलाएगा बेदखली

### ग्रामीणों को वन विभाग ने भूमि खाली करने का दिया नोटिस

**नगांव ( हि.स. )।** बुढ़ाचापारी अभ्यारण्य की 5976 बीघा भूमि से लोगों की बेदखली के लिए प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अभियान चलाने के लिए तैयारियां कर ली है। वहीं इसके विरोध में स्थानीय लोग शोणितपुर की सीमा निर्धारण को लेकर भी असंतोष प्रकट कर रहे हैं। दरअसल, वन विभाग ने बूढ़ाचापरी अभ्यारण्य की लगभग 5976 बीघा भूमि पर बसे राजस्व गांवों के लोगों को बेदखली का नोटिस जारी किया है। इस नोटिस से सितलमारी पथार गांव के लोग हैरान हैं। सितलमारी पथार गांव नागांव जिले के रूपहीहाट निर्वाचन क्षेत्र के रूपही राजस्व सर्कल के तहत जुरिया सुतिरपार ग्राम पंचायत का गांव नंबर एक है। गांव के लोगों के अनुसार पहले के सर्वेक्षण के आधार पर कहा गया कि गांव वन क्षेत्र में नहीं आता था। हमारा राजस्व गांव की भूमि म्यादी पट्टा, एकसनिया, ताजी है। उनका कहना है कि हम इतने दिनों से राजस्व विभाग को मालगुजारी देते आ रहे हैं। हमें सरकार की तरफ से भी कई तरह के लाभ दिए गए हैं। पंचायती राज व्यवस्था की विभिन्न योजनाओं सहित स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, बिजली आदि योजनाएं शामिल हैं। राजस्व ग्राम अब वन भूमि में शामिल होने और परिवार की बेदखली को लेकर ग्रामीण बेहद परेशान हैं।



## फैंसी बाजार मस्जिद चौराहे पर फुटपाथ की हालत खस्ता

**गुवाहाटी ( नसं )।** फैंसी बाजार मस्जिद चाराली पर पान बाजार साइड की तरफ घूमते ही फुटपाथ पर दो ऐसी खतरनाक जगह है जहां किसी भी राहगीर का पांव सीधे फुटपाथ के नाले में पहुंच सकता है। फुटपाथ पर जगह-जगह नाले की सफाई के लिए रेल लाइन की पटरियों से बने ढक्कन लगे हुए हैं। जिनमें एक रेल की लाइन बीच में से गायब है। यह परिस्थिति इस फुटपाथ पर दो जगह है पर बनी हुई है। इसके परिणामस्वरूप अगर किसी राहगीर का पांव दो रेल लाइन की पटरियों के बीच में अगर फंस गया तो उस राहगीर का पांव किसी भी हालत में सही सलामत नहीं बच पाएगा। इसी जगह के पास फुटपाथ पर बैठे एक मजदूर मिस्त्री ने बताया कि फुटपाथ पर यह स्थिति गत 2 महीने से भी अधिक समय से है ।बीच-बीच में किसी का पांव रेल पटरियों के बीच फंसते-फंसते बच जाता है। किसी दिन इस फुटपाथ पर भयंकर दुर्घटना हो सकती है। जिसके चलते किसी भी राहगीर का पांव टूट सकता है।अगर गौर से देखा जाए तो ऐसे रेल की पटरी से बने फुटपाथ नगर के हर नाले परखने हुए मिल जाएगें। जिनमे सबकी एक जैसी ही हालत है। क्योंकि इनको फिटिंग करने का जो तरीका अपनाया गया है वह तरीका इन्हें मजबूती प्रदान नहीं कर पाता। फलस्वरूप रेल पटेरिया लगाने के कुछ महीने बाद ही वे हिलने डुलने अथवा नीचे धंसने लग जाती है। गौरतलब है कि फैंसी बाजार मस्जिद चार अली नगर की सबसे व्यस्त चाराली है। जहां हजारों लोग इधर-उधर आते जाते रहते हैं। लेकिन किसी ने भी आज तक इस खतरे के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। इस जगह के सामने नगर की प्रसिद्ध छाता कंपनी का प्रतिष्ठान भी है ।

## पहली जेएसएल-एनएफआर पूर्वोत्तर हॉफ मैराथन संपन्न

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** जेएसएल एनएफआर पूर्वोत्तर हॉफ मैराथन को रविवार को यहां के पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) स्पोर्ट्स एसोसिएशन (एनएफआरएसए) स्टेडियम में केंद्रीय गृह मंत्रालय, खेल और युवा मामलों के राज्य मंत्री निशिथ प्रामाणिक, असम के डीजीपी जीपी सिंह, पूसीरे के महाप्रबंधक अंशुल गुप्ता और जिंदल स्टेनलेस के निदेशक तरुण खुल्बे ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस स्पर्धा में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के कई प्रतिष्ठित खेल हस्तियों की उपस्थिति थीं। पूर्वोत्तर हॉफ मैराथन में भारत के साथ-साथ विदेशों से भी लगभग सात हजार धावकों ने भाग लिया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास और राष्ट्र निर्माण में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप पूसीरे ने जिंदल स्टेनलेस और इनोवेशन इंडिया के सहयोग से पूर्वोत्तर राज्य में हॉफ मैराथन की एक श्रृंखला आयोजित करने के लिए भागीदारी की है। पूर्वोत्तर भारत में खिलाड़ियों को सशक्त बनाने और खेल गतिविधि के विकास के उद्देश्य से




पूरे पूर्वोत्तर भारत में पूर्वोत्तर हॉफ मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागियों ने तीन अलग-अलग दौड़ श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ हुई। 21 किमी की हॉफ मैराथन सुबह 05.30 बजे एनएफआरएसए स्टेडियम से शुरू होकर गौशाला, जालुकबारी पीपी और हाजो रोड तक और उसी दिशा में वापस एनएफआरएसए स्टेडियम पर समाप्त हुई। इस हाफ मैराथन धावकों (पुरुष) की दौड़ में केन्या के पॉल ईयाने ने प्रथम स्थान हासिल किया। बेरहानू (इथियोपिया) पुरुषों की दौड़ में दूसरे स्थान और तीसरे स्थान पर केन्या के जेम्स किप्लेटिंग रहे। इसी तरह महिलाओं की दौड़ में इथियोपिया की चेर्नेट प्रथम, एमेबेट (इथियोपिया) को दूसरा और भारतीय धावक नीतू कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में दोनों श्रेणियों में 21 किमी, 10 किमी और 5 किमी दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार राशि, पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस श्रृंखला में दूसरा आयोजन 26 फरवरी को दार्जिलिंग और इसके बाद तीसरा 12 मार्च को तवांग में आयोजित किया जाएगा। पूर्वोत्तर हॉफ मैराथन से संबंधित एक वेबसाइट ऑनलाइन पंजीकरण के लिए तैयार की गई है।

## मृत अवस्था में मिला नर तेंदुआ

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** तिनसुकिया जिला के डिगबोई इलाके से एक मृत तेंदुआ को वन विभाग ने बरामद किया है। वन विभाग ने रविवार को बताया कि हमें सूचना मिली की डिगबोई के बोगापानी चाय बागान के मैनेजर के बंगला के पीछे नाले में मृत अवस्था में एक तेंदुआ देखा गया। जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत तेंदुआ को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग ने आशंका व्यक्त किया है कि बरामद नर तेंदुआ की उम्र लगभग 9 से 10 महीने का होगा। संभवत: अन्य मादा तेंदुआ के साथ हुए वर्चस्व की लड़ाई में उसकी मौत हुई होगी या चाय बागान में व्यवहार किए गए केमिकल खाने की वजह से उसकी मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पूरा मामला साफ हो जाएगा कि आखिर तेंदुआ की मौत कैसे हुई।

## जेसीआई बेलतला का अन्नपूर्णा जनकल्याण स्थायी कार्यक्रम आयोजित

**गुवाहाटी ( नसं )।** जेसीआई बेलतला ने अपने स्थाई कार्यक्रम अन्नपूर्णा जनकल्याण कार्यक्रम को बेलतला की एक बस्ती में आयोजित किया। जिसमें 200 से भी अधिक लोगों को आहार के साथ उपहार भी प्रदान किए गए। जेसीआई बेलतला की अध्यक्ष सुनीता कंदोई ने बताया कि वे उक्त कार्यक्रम को गुवाहाटी के विभिन्न जगहों पर हर 10 दिन के अंतराल पर आयोजित करते हैं एवं जरूरतमंदों को आहार के साथ जरूरत की वस्तुओं जैसे कपड़े, कंबल, शिक्षा से संबंधित सामग्री का भी वितरण करते हैं। इसी कड़ी में भविष्य में कैंसर हॉस्पिटल, ओल्ड एज होम, अनाथ आश्रम, अंध विद्यालय एवं जीएमसी मेडिकल के बाहर भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा आत्मनिर्भर कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से उन्हें मेहंदी लगाना, हैंड




राइटिंग को सुधारना, केक बनाना, नाखून सजावट करना, मेकअप करना आदि कार्यों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जिसके पश्चात महिलाएं उक्त काम को अपने रोजगार के लिए उपयोग में लाकर स्वावलंबी बन सकती है। आज के कार्यक्रम की संयोजिका रुखसाना बेगम और डिंपल गर्ग थी। कार्यक्रम में जेसीआई बेलतला की सचिव रितु अग्रवाल के अलावा श्वेता जालान, पिंकी अग्रवाल शबनम बेगम उपस्थित थी।

## परिवारवालों के हाथ-पैर बांधकर लाखों की लूट

**गोलाघाट ( हि.स. )।** गोलाघाट जिले के सरूपथार में असम-नगालैंड सीमा पर चुंगाजान के हालोगुरी में शनिवार रात डकैती की घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया है कि शनिवार की मध्य रात्रि को ऋतुपन हजारिका उर्फ सोनमइना नामक व्यक्ति के घर में कुछ बदमाश घुस गए। छह लुटेरों ने पिस्तौल की बल पर परिवार के सभी लोगों के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिया और बाद में घर सेनकदी के साथ-साथ सोने के गहने लूटकर फरार हो गये। डकैतों के जाने के बाद घर वालों ने शोर मचाया। जिसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर उनकी रस्सी खोली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इस घटना को लेकर सीमावर्ती इलाके में तनाव व भय व्याप्त है।

## टीपीएफ गुवाहाटी का बजट-2023 पर कार्यक्रम आयोजित *क्या खोया क्या पाया*

**गुवाहाटी ( नसं )।** तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम गुवाहाटी के तत्वाधान में बजट पर आधारित एक कार्यक्रम क्या खोया क्या पाया का आयोजन स्थानीय तेरापंथ धर्म स्थल में किया गया। यह आयोजन समाज के सभी बंधुओं को 1 फरवरी 2023 को प्रस्तुत हुए देश के आम बजट की बारीकियों को समझाने के लिए किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र के उच्चारण से किया गया। तत्पश्चात अध्यक्ष संतोष पुगलिया ने कार्यक्रम में आए हुए सभी व्यक्तियों का स्वागत किया। सुनील शर्मा ने प्रत्यक्ष कर में हुए परिवर्तनों के बारे में अवगत कराया तथा सीए मनोज नाहटा ने अप्रत्यक्ष कर मे हुए बदलाव को बहुत ही सरल भाषा में समझाया। कार्यक्रम मे प्रश्नकाल के दौरान दोनों वक्ताओं ने उपस्थित समाज बंधुओं की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम में भगवती इन्वेस्टमेंट के फाउंडर विकास हरलालका भी




उपस्थित थे। उन्होंने समाज बंधुओं को बचत करने की प्रेरणा दी तथा निवेश के विभिन्न अवसरों के बारे में भी अवगत कराया। कार्यक्रम के चेयरमैन तारकेश्वर संचेती ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज बंधुओं के लिए बहुत ही लाभदायक रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक सुमित चोरड़िया ने किया। तत्पश्चात शाखा सचिव पुखराज सेठिया ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया।

## एक्सपो वन-ऑर्गेनिक नॉर्थ-ईस्ट 2023 में एमओवीसीडी-एनईआर, असम ने लिया भाग



**गुवाहाटी।** डीओएच एंड एफपी असम के तहत उत्तर पूर्वी क्षेत्र असम के लिए मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट द्वारा प्रचारित किसान उत्पादक कंपनियों ने एक्सपो वन-ऑर्गेनिक नॉर्थ ईस्ट 2023 में 3-5 फरवरी, 2023 से गुवाहाटी के खानापाड़ा स्थित वेटरनरी कॉलेज के साइंस प्ले ग्राउंड में आयोजित 3-दिवसीय कार्यक्रम में भाग लिया। एक्सपो वन ने जैविक कृषि, नए नवाचारों, डिजिटलीकरण के संभावित उपयोग और नई प्रौद्योगिकियों पर जानकारी साझा करने के लिए उत्तर पूर्व पर केंद्रित जैविक क्षेत्र के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी को समायोजित किया। असम सरकार के माननीय कृषि मंत्री अतुल बोरा ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। एक्सपो का उद्देश्य उत्तर पूर्व क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों के बीच व्यापार संबंध को मजबूत करना और स्थानीय उत्पादकों के लिए व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। उभरते एफपीओ के लिए उद्योग परामर्श की संभावनाओं, मार्केटिंग रणनीतियों, रसद मुद्दों पर काबू पाने और चर्चा करने के लिए एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। एफपीसी को अपने जैविक उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिला, जिसमें क्रेता-विक्रेता बैठक के माध्यम से बाजार से जुड़ने का अवसर मिला। एफपीसी को घरेलू बाजारों में जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग, एफपीओ/एफपीसी के लिए ऑनलाइन मार्केटप्लेस बिजनेस मॉडल, अंतर्राष्ट्रीय निर्यात के अवसर आदि के बारे में जानकारी दी गई। एमओवीसीडी-एनईआर, असम योजना के तहत कुल 9 एफपीसी ने अपने स्टॉल लगाए और हल्दी, अदरक, जी9 किस्म के केले, लाल चावल, कुमोल शाऊल या मैजिक राइस, जोहा चावल, काला चावल, आदि जैसे विभिन्न जैविक उत्पादों का प्रदर्शन किया। बागवानी और खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, असम के निदेशक त्रिरंग भारतीय बोरा ने कहा कि हमारा मकसद उन किसानों और एफपीसी को देना है जो उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से जैविक उत्पादों में हैं, एक बाजार मंच और अन्य ब्रांडों, संस्थानों और संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए विभिन्न राज्यों से आ रहे हैं। मुझे आशा है कि हमारे जैविक किसानों को इस एक्सपो से अधिकतम लाभ मिलेगा।

## टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी ने केंद्रीय बजट 2023 पर एक स्टडी सर्कल मीटिंग आयोजित की

**गुवाहाटी ( नसं )।** टैक्स बार एसोसिएशन, गुवाहाटी ने 4 फरवरी, 2023 को केंद्रीय बजट-2023 विषय पर द ऑर्नेट होटल, गुवाहाटी में एक स्टडी सर्कल मीटिंग का आयोजन किया। बैठक की शुरूआत कोषाध्यक्ष एडवोकेट ब्रजेश शर्मा ने स्वागत भाषण से की। बैठक की अध्यक्षता टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए गोपाल सिंघानिया ने की। अपने संबोधन में सीए गोपाल सिंघानिया ने केंद्रीय बजट 2023 की मुख्य बातों की जानकारी दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बैठक से प्रतिभागियों को केंद्रीय बजट में प्रस्तावित बदलावों को समझने में मदद मिलेगी। सीए संजय कुमार जैन ने केंद्रीय बजट 2023 में जीएसटी प्रस्तावों को अपनी पावर प्वाइंट प्रस्तुति के साथ समझाया और सीए संजय मोदी ने केंद्रीय बजट 2023 में प्रत्यक्ष कर प्रस्तावों को समझाया। वक्ताओं ने शानदार ढंग से अपने संबंधित विषयों को प्रस्तुत किया। बैठक में 100 से अधिक चार्टर्ड एकाउंटेंट, कंपनी सचिव, लागत लेखाकार, अधिवक्ता, कर सलाहकार, व्यवसायी और अन्य लोगों ने भाग लिया। प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से




भाग लिया जिसमें दोनों वक्ताओं ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिया। प्रतिभागियों ने दोनों वक्ताओं के ज्ञान की सराहना की और साथ ही इस तरह की बैठक आयोजित करने के लिए एसोसिएशन की प्रशंसा की। अध्यक्ष सीए गोपाल सिंघानिया ने घोषणा की कि एसोसिएशन सरकार को बजट के बाद का ज्ञापन सौंपेगा, जिसमें आयकर और जीएसटी दोनों कानूनों में प्रस्तावित कुछ बदलावों में उपयुक्त संशोधन का सुझाव दिया जाएगा। बैठक का समापन उपाध्यक्ष सीए मनोज कुमार जैन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# खिलाड़ियों को सशक्त बना रहे खेल महाकुंभ जैसे आयोजन : मोदी





नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि अब देश में खेल और खिलाड़ियों को सशक्त बनाने की दृष्टि से देखा जा रहा है। पहले देश के नौजवानों में खेल का जज्बा होता था, लेकिन संसाधनों की कमी और सरकारी सहयोग का अभाव आड़े आ जाता था। अब हमारे खिलाड़ियों की इस चुनौती का समाधान हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार दोपहर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जयपुर महाखेल के प्रतिभागियों को संबोधित किया। जयपुर महाखेल का आयोजन, जयपुर ग्रामीण से लोकसभा सदस्य राज्यवर्धन सिंह राठौर द्वारा 2017 से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान ने देश को कई खेल प्रतिभाएं दी हैं और कई पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने, कहा, इतिहास गवाह है कि इस वीर भूमि के बच्चे अपने शौर्य से युद्ध के मैदान को खेल के मैदान में बदल देते हैं। इसलिए, अतीत से लेकर आज तक जब भी देश की सुरक्षा का सवाल उठता है, तो राजस्थान के युवा किसी से पीछे नहीं रहते हैं। नरेन्द्र मोदी ने देश के युवाओं से श्री अन्न यानी मोटे अनाज का ब्रांड एम्बेसडर बनने की अपील की है। उनसे इसके लाभ के बारे में स्कूल कॉलेजों में चर्चा करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मना रहा है और राजस्थान बाजरा की एक बहुत ही समृद्ध परंपरा का घर है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि कार्यक्रम में 125 से अधिक लड़कियों की टीमों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने खेल महाकुंभ को खेलों के क्षेत्र में बड़े बदलाव का सूचक बताया। उन्होंने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा बजट राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय को दिया गया है। इससे खेल प्रबंधन और खेल प्रौद्योगिकी जैसे सभी संबंधित विषयों में युवाओं को कई अवसर प्राप्त होंगे। प्रधानमंत्री ने खेल को एक विशाल उद्योग बताया, जिसमें विशेष रूप से एमएसएमई क्षेत्र में कई रोजगार सृजित करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि बजट में घोषित पीएम कौशल सम्मान से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा। सभी खेल उपकरण छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों द्वारा निर्मित किए जाते हैं। पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना छोटे व्यवसायों के लिए नए अवसर पैदा करने में मदद करेगी। जयपुर महाखेल में भाजपा सांसद राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि पिछली सरकारों में खिलाड़ी और खेलों की दुर्दशा रही, लेकिन अब सरकार खिलाड़ियों को सुविधा और सम्मान प्रदान कर रही है। उल्लेखनीय है कि महाखेल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन शुरू हुआ था। इस आयोजन में 450 से अधिक ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और सभी 8 विधानसभा क्षेत्रों के वार्डों के 6,400 से अधिक युवाओं व खिलाड़ियों की भागीदारी देखी गयी।

# 'गर्वी गुजरात' यात्रा 28 फरवरी को दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से होगी रवाना

**– भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन शुरू करेगा रेलवे**

अजय कुमार



नई दिल्ली। भारतीय रेलवे अपनी भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन चलाकर गुजरात की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए बहुत ही खास यात्रा गर्वी गुजरात की शुरुआत कर रहा है। आईआरसीटीसी की ओर से संचालित यह विशेष पर्यटक ट्रेन 28 फरवरी को दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से आठ दिनों की यात्रा पर रवाना होगी। पर्यटकों की सुविधा के लिए गुरुग्राम, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा और अजमेर रेलवे स्टेशनों पर चढ़ने और उतरने की सुविधा प्रदान की गई है। वाइब्रेंट गुजरात की विरासत को दर्शाने के लिए इस रेल यात्रा को भारत सरकार की एक भारत, श्रेष्ठ भारत योजना की भावना के अनुरूप डिजाइन किया गया है। अत्याधुनिक भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन फर्स्ट एसी और सेकेंड एसी क्लास के साथ आठ दिनों तक की समग्र यात्रा के लिए चलाई जाएगी। इस पर्यटक ट्रेन में 04 फर्स्ट एसी कोच, 02 सेकंड एसी कोच, एक अच्छी तरह से सुसज्जित पेंट्री कार और दो रेल रेस्तरां हैं। इसमें 156 पर्यटक सवार हो सकते हैं। गुजरात के प्रमुख तीर्थस्थलों और विरासत स्थलों यानी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, चंपानेर, सोमनाथ, द्वारका, नागेश्वर, बेट द्वारका, अहमदाबाद, मोढेरा और पाटन की यात्रा इस कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण होंगे। पर्यटक इस ट्रेन से गुरुग्राम, रेवाड़ी, रींगस, फुलेरा और अजमेर रेलवे स्टेशनों पर चढ़/उतर सकते हैं। आईआरसीटीसी ने ग्राहकों को ईएमआई भुगतान का विकल्प उपलब्ध कराने के लिए पेमेंट गेटवे के साथ समझौता भी किया है।

# डीडब्ल्यूसी अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को यूएस के हार्वर्ड विश्वविद्यालय से न्योता

अजय त्यागी



नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने खास सम्मान दिया है। स्वाति को हार्वर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले वार्षिक भारत सम्मेलन में बोलने के लिए वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया है। यह सम्मेलन 11-12 फरवरी 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का विषय होगा विजन 2047ः स्वतंत्रता के 100 वर्षों में भारत हार्वर्ड विश्वविद्यालय वार्षिक भारत सम्मेलन वैश्विक समुदाय के साथ अपने काम और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए, नीति निर्माताओं व्यापारिक नेताओं सांस्कृतिक और अकादमिक विशेषज्ञों के लिए एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। इससे पहले सम्मेलन में भारतीय मंत्रियों से लेकर व्यापारिक नेताओं और प्रभावशाली लोगों की मेजबानी करने का इतिहास रहा है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी अमर्त्य सेन जोया अख्तर विनोद राय अजीम प्रेमजी कांग्रेस नेता शशि थरूर पी. चिदंबरम और टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा सम्मेलन को संबोधित कर चुके हैं। दिल्ली महिला आयोग के मुताबिक स्वाति मालिवाल को लोकतंत्र विषय पर सम्मेलन को संबोधित करने के लिए कहा गया है। देश में तेजी से बदलते राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए उनसे अनुरोध किया गया है कि वे भारतीय लोकतंत्र की नींव और अगले 25 सालों में हम क्या हासिल करना चाहते हैं इस पर विचार रखें। स्वाति मालीवाल भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका और आगे बढ़ने के तरीके पर जमीनी स्तर पर और नीतिगत स्तर पर अपने वर्षों के काम से अपने अनुभव को साझा करेंगी। यात्रा के लिए मंजूरी मांगने के लिए, फाइल दिल्ली के उपराज्यपाल को 18 जनवरी 2023 को भेजी गई थी। यह अनुमोदन के लिए लंबित है दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा यह गर्व की बात है कि आयोग के काम को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है। मुझे वैश्विक मंच पर भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। मैं हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की यात्रा करने और अन्य वैश्विक नेताओं के साथ बातचीत करने और अपने देश की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि मुझे जल्द से जल्द अपेक्षित मंजूरी दी जाएगी ताकि मैं वैश्विक मंच पर भारत के समृद्ध और जीवंत लोकतंत्र पर अपने विचार साझा कर सकूं।


# राजधानी भोपाल में सरकारी ठेके से बिक रही है, अवैध शराब



भोपाल (ईएमएस)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सस्ती शराब के नाम से अवैध और गुणवत्ता विहीन शराब बेची जा रही है। शराब की बिक्री को लेकर ठेकेदारों के बीच में प्रतिस्पर्धा चल रही है। बिना बिल के और बिना कोड के शराब खुलेआम बिक रही है। सस्ती शराब बेचने के नाम पर दुकान के बाहर बैनर लगाकर प्रचार किया जा रहा है। कुछ दिनों पहले 80 फुट रोड पर आबकारी विभाग ने छापा डालकर अवैध शराब बेचने का मामला पकड़ा था। उसके बाद लेनदेन करके आरोपी ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। भोपाल के हबीबगंज नाके स्थित शराब दुकान जो अनिता लिकर और आशीर्वाद इंटरप्राइजेज को आवंटित है। यहां पर पिछले कई दिनों से आधी कीमत के बैनर लगाकर, खुलेआम शराब की बिक्री की जा रही है। जबकि इस तरह की बैनर लगाना पूरी तरीके से नियमों के विरुद्ध है। शराब खरीदने वालों को बिल भी नहीं दिए जा रहे हैं। शराब दुकानों को अनिवार्य रूप से ग्राहकों को बिल देने का कानून मध्य प्रदेश सरकार ने बना रखा है। इसके बाद भी बिना बिल और बिना कोडिंग वाली शराब खुलेआम बिक रही है। आबकारी के अधिकारी बड़े मासूम हैं। उन्हें कुछ पता नहीं होता है। जब भी मीडिया इस तरीके की गड़बड़ियों को उजागर करता है। तो वह जांच कराने का आश्वासन देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। इस सारे अवैध कारोबार में आबकारी अधिकारियों और शराब ठेकेदारों की मिलीभगत है। मध्य प्रदेश की राजधानी में बड़े पैमाने पर अवैध शराब, सरकारी ठेकों से बिक रही है।

# कर्नाटक की सभी 224 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी भाजपा : बोम्मई

**-सीएम बोम्मई ने कहा पूर्व सीएम सिद्धारमैया के कार्यकाल में लिया गया सबसे अधिक ऋण, इससे हो रही परेशानी**



बेंगलुरू (ईएमएस)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि राज्य के इतिहास में पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यकाल में सबसे अधिक ऋण लिया गया। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने आरोप लगाया था कि पिछले साल के बजट में घोषित काम का केवल 10 प्रतिशत ही लागू किया गया है और राज्य की उधारी 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, इस पर पलटवार करते हुए सीएम बोम्मई ने कहा बजट कार्यान्वयन का विवरण आगामी बजट सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। मोटे तौर पर समझ लिया जाना चाहिए कि राज्य की अर्थव्यवस्था पर बने दबाव पूर्व सीएम सिद्धारमैया के कार्यकाल में लिए गए भारी भरकम कर्जों की वजह से ही निर्मित हुए हैं। कर्नाटक कांग्रेस घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष जी परमेश्वर को दरकिनार किए जाने से नाखुश होने पर बोम्मई ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी का आंतरिक मामला है। उन्होंने कहा, लेकिन परमेश्वर बुद्धिमान व्यक्ति हैं और सब कुछ जानते हैं। अगर उन्होंने नाखुशी जाहिर की है, तो उन्हें इसे समझना चाहिए। सिद्धारमैया के बयान पर टिप्पणी करते हुए कि राज्य भर में कांग्रेस समर्थक लहर थी, उन्होंने कांग्रेस नेता को उस क्षेत्र के विधायकों की रक्षा करने का सुझाव दिया, जहां वह दौरा कर रहे हैं। श्री राम सेना प्रमुख प्रमोद मुथालिक के भाजपा से करकला में अपना उम्मीदवार नहीं उतारने के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर, बोम्मई ने कहा कि ऊर्जा मंत्री वी सुनील कुमार पिछले तीन चुनावों से निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, और यह उनका निर्वाचन क्षेत्र है। सीएम ने कहा, सभी को अपील करने का अधिकार है लेकिन एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में भाजपा सभी 224 विधानसभा क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारेगी।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में घटिया खाना सोशल मीडिया पर यात्री ने साझा किया वीडियो



मुंबई (ईएमएस)। वंदे भारत एक्सप्रेस में आप कभी बड़ा खाने की हिम्मत नहीं करेंगे। एक यात्री ने नाश्ते में वड़े और समोसे मंगवाए थे। लेकिन इस यात्री को जो वड़ा दिया गया था उससे तेल रिस रहा था। ग्राहक ने रेलवे से शिकायत की है कि वंदे भारत एक्सप्रेस में उसे घटिया क्वालिटी का खाना मिला. आईआरसीटीसी ने इस संबंध में जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल वर्षों से रेलवे में खराब गुणवत्ता वाले खाने की शिकायतें रहती है। खाना भी काफी महंगा है। यात्रियों ने प्रतिक्रिया दी है कि अगर उन्हें ऐसा खाना मिल रहा है जो बहुत अधिक पैसे देकर उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है तो बेहतर है कि घर का खाना साथ में लेकर सफर किया जाए। बता दें कि प्रताप कुमार नाम के एक यात्री ने वीडियो शेयर करते हुए दावा किया कि ट्रेन में घटिया खाना परोसा जा रहा है। इस वीडियो को ट्विटर पर शेयर करने वाले प्रताप कुमार का कहना है कि यह वीडियो वंदे भारत रेलवे में शूट किया गया है। इस क्लिप में यात्री ट्रेन में परोसे जाने वाले खाने से तेल निचोड़ते नजर आ रहे हैं। यात्री ने कैप्शन में दावा किया कि जहां वंदे भारत एक्सप्रेस में खाने की कीमतें बहुत अधिक हैं वहीं गुणवत्ता बहुत कम है। मालूम हो कि केंद्र सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी रूप से शुरू की गई वंदे भारत ट्रेन में खाने की कीमत बहुत अधिक है। अधिक पैसे देने के बावजूद घटिया किस्म का खाना दिया जा रहा है। नाश्ते में परोसे जाने वाले वड़े और समोसे बहुत घटिया होते हैं। इन तले हुए खाद्य पदार्थों से भारी मात्रा में तेल का रिसाव होता देखा गया। उसके बाद उसे अपने हाथ से दबाते हुए वीडियो एक यात्री ने सोशल मीडिया पर साझा किया है।

# सिसोदिया ने जी-20 की तैयारियों के लिए केंद्र से मांगे 927 करोड़

आशीष वर्मा



नई दिल्ली। देशभर में जी-20 शिखर सम्मेलन की खास तैयारियां चल रही हैं। शिखर सम्मेलन को लेकर बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। इस बीच दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को केंद्र सरकार को इस संबंध में पत्र लिखा है। सिसोदिया ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते केंद्र से विशेष विकास कार्य करने के लिए 927 करोड़ रुपये का अनुदान देने की मांग की है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र में सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली सरकार के लिए, जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के वास्ते अपने सीमित संसाधनों में से अतिरिक्त 927 करोड़ रुपये खर्च करना आसान नहीं होगा। वित्त विभाग का प्रभार संभालने वाले डिप्टी सीएम सिसोदिया ने यह भी कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए दिल्ली सरकार केंद्र को पूरा सहयोग देगी। अपने पत्र में उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के विभागों ने शहर में बुनियादी ढांचे के विकास और विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के लिए एक योजना तैयार की है जिसमें जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थलों के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य और शहर में प्रमुख स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन शामिल है। मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि केंद्रीय करों में अपने हिस्से के रूप में दिल्ली को कुछ भी भुगतान नहीं किया जा रहा है और शहर सरकार को कोई अतिरिक्त अनुदान भी नहीं दिया गया है। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि यहां तक कि राज्यों में नगर निकायों को उनकी आबादी के हिसाब से दी जा रही धनराशि भी दिल्ली नगर निगम को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। सिसोदिया ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी दिल्ली के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा ह्ममुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पूरी दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी कि जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान यहां आने वाले विदेशी मेहमानों को किसी तरह की परेशानी न हो।ह्व बता दें कि आगामी 9- 10 सितंबर को जी20 के 18वें शिखर सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में होगा। इसमें जी20 सदस्य देशों और आमंत्रित देशों के शीर्ष नेता व प्रमुख शिरकत करेंगे।

# ठाणे स्टेशन पर रिक्शा चालकों की मनमानी पर लगेगी लगाम, मनपा आयुक्त बांगर

मुंबई , (हि स )। ठाणे रेलवे स्टेशन पर ऑटोरिक्शा से यात्रा करने वाले आम नागरिकों से अभद्र व्यवहार करने वाले, मनमानी जगह पर ही रिक्शा ले जाने की शर्त रखना ऐसे तमाम ऑटोरिक्शे वालों पर अब ठाणे मनपा ने अब कड़ी कार्यवाही करने की योजना बना ली है। ठाणे महानगर पालिका के आयुक्त अभिजीत बांगर ने आज एक जारी बयान में कहा है कि ऐसे बेलगाम रिक्शेवालों को अब अनुशासित तरीके से यात्रियों के साथ उचित व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया जायेगा यदि रिक्शा चालक अपना आचरण नहीं सुधरेंगे तब कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। इस मामले में ठाणे मनपा प्रशासन, ठाणे पुलिस और यातायात पुलिस ने शुक्रवार 03 फरवरी, 2023को तय किया है कि ठाणे महानगर पालिका और पुलिस संयुक्त रूप से ठाणे रेलवे स्टेशन के बाहर अवैध और अनियंत्रित रिक्शा चालकों के खिलाफ अभियान चलाएंगी। बताया जाता है कि ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर को ठाणे पश्चिम रेलवे स्टेशन के बाहर के क्षेत्र में रिक्शा चालकों के अनियंत्रित व्यवहार के कारण यात्रियों को होने वाली परेशानी, अनाधिकृत स्टालों और ट्रैफिक जाम के बारे में कई शिकायतें मिली थीं। उसके बाद ठाणा क्षेत्र का दौरा कर ठाणे रेलवे स्टेशन के बाहर 150 मीटर के क्षेत्र में फेरीवालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गई. ठाणे रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन पांच लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। ठाणे रेलवे स्टेशन क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के उपाय करने की योजना है। उक्त बैठक में चर्चा की गई कि रिक्शों के संचालन में अनुशासन रखा जाए, ताकि यात्रियों को रेलवे क्षेत्र में लगने वाले जाम से राहत मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस मामले में ठाणे मनपा कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के एक बैठक भी आयोजित की गई थी, इस बैठक में यातायात पुलिस उपायुक्त विनय राठोड, पुलिस उपायुक्त गणेश गावड़े मनपा उपायुक्त शंकर पाटोले आदि अधिकारी उपस्थित थे।

इस सयुंक्त बैठक में स्टेशन से बाहर आने वाले यात्रियों को हाथ पकड़कर रिक्शे में घसीटना, अपेक्षित किराया न देने तक अड़ियल रुख अपनाते हुए रिक्शे को सड़क पर रोकना, किराए से मना करना, रिक्शा की अनियंत्रित पार्किंग, अनाधिकृत रिक्शों का व्यवहार, लोगों का उत्पीड़न, अन्य रिक्शा चालकों द्वारा महिला रिक्शा चालकों का उत्पीड़न, रेलवे इस बैठक में सीमा में खड़े होकर यात्रियों को भाड़े के लिए पीछा करने जैसी नागरिकों की शिकायतों पर विस्तार से चर्चा हुई। मनपा आयुक्त बांगर के अनुसार पिछले साल 500 से अधिक अनियंत्रित रिक्शा चालकों को दंडित किया गया था। हालांकि, पुलिस ने कहा कि तब से स्थिति नहीं बदली है।

# एनडीएमसी "टेस्ट द वर्ल्ड" और "इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स " की थीम पर जी 20 फूड फेस्टिवल आयोजित करेगी

राकेश शर्मा

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

नई दिल्ली। नई दिल्ली एनडीएमसी 11 और 12 फरवरी को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में "टेस्ट द वर्ल्ड" और "इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स " की थीम पर जी 20 फूड फेस्टिवल आयोजित करने जा रही है। इस फूड फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य जनता के लिए जी- 20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के भोजन के व्यंजनों का आनंद एक ही स्थान पर पहुंचाना है। जी-20 के सभी सदस्य देशों और अतिथि देशों को इस जी-20 फूड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। एनडीएमसी ने जी-20 सदस्य देशों सहित 29 देशों को इस फूड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। एनडीएमसी सभी इच्छुक जी-20 सदस्य देशों और अन्य अतिथि देशों को यहां आवश्यक स्थान / स्टॉल और अन्य ऑन-साइट लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करेगी। एनडीएमसी आवश्यकता के अनुसार ऑनसाइट बिजली/पानी के कनेक्शन और डस्टबिन भी प्रदान करेगी। इच्छुक जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को विभिन्न व्यंजनों की तैयारी के लिए अपने स्वयं के रसोइये / जनशक्ति और सामग्री लाने की आवश्यकता होती है, वे ला सकते है। आगंतुकों/ जनता को भुगतान के आधार पर भोजन तैयार करके परोसा जा सकता है। यह फूड फेस्टिवल अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और साथ ही पोषण स्वास्थ्य और भोजन की तैयारी पर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। भोजन तैयार करने की कार्यशालाएं या लाइव प्रदर्शन काउंटर भी इस भोजन उत्सव का हिस्सा होंगे, जिसमें व्यंजनों की तस्वीरें और व्यंजनों का प्रदर्शन भी शामिल है। सभी जी-20 देशों और अतिथि देशों के कलाकारों के लिए कला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए यहां एक समर्पित स्थान भी निर्धारित किया जाएगा।

# सेना की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव, अब पहले देनी होगी ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा

**– पहला ऑनलाइन सीईई अप्रैल, 2023 में होगा, तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया**

**– ऑनलाइन पंजीकरण फरवरी के मध्य में शुरू होंगे और एक महीने तक खुले रहेंगे**



नई दिल्ली, (हि.स.)। भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब सभी उम्मीदवारों को एक ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) देना होगा। इस परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को लिए शारीरिक फिटनेस और मेडिकल टेस्ट होगा। पहला ऑनलाइन सीईई अप्रैल, 2023 में होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। सीईई में ऑनलाइन पंजीकरण फरवरी के मध्य में शुरू होंगे और एक महीने तक खुले रहेंगे। भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती होने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए प्रक्रिया में बड़े बदलाव किये जाने की घोषणा की है। उम्मीदवारों को अब पहले एक ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) में शामिल होना होगा, उसके बाद फिजिकल फिटनेस और मेडिकल टेस्ट होंगे। सेना ने इस बारे में विभिन्न समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किए हैं और इस संबंध में अधिकारिक अधिसूचना फरवरी के मध्य में आसपास जारी होने की उम्मीद है। सेना ने यह फैसला पहले बैच की भर्ती रैलियों के दौरान देखी गई भीड़ को कम करके उन्हें अधिक प्रबंधनीय और प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए लिया है।

इससे पहले, अग्निवीरों के लिए भर्ती प्रक्रिया शारीरिक फिटनेस परीक्षण से शुरू होती थी और उसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण होता था। योग्य उम्मीदवारों को तब एक सामान्य प्रवेश परीक्षा में हिस्सा लेने के बाद अंतिम योग्यता सूची के आधार पर प्रशिक्षण के लिए चुना जाता था। पहले की प्रक्रिया में देश भर में 200 से अधिक स्क्रीनिंग केंद्रों पर लाखों उम्मीदवारों के शामिल होने पर बड़ी प्रशासनिक लागत शामिल थी। सेना के सूत्रों ने बताया कि शारीरिक और मेडिकल टेस्ट के लिए भर्ती रैलियों के आयोजन में आने वाली लागत को कम करने के लिए चयन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। अब भर्ती प्रक्रिया में बदलाव किये जाने से केवल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार ही शारीरिक और चिकित्सा परीक्षा देंगे। नई प्रक्रिया के तहत लगभग 40 हजार अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी, जो 2023-24 के अगले बैच में शामिल होने के इच्छुक हैं।

पहला ऑनलाइन सीईई संभवतः अप्रैल में देशभर के करीब 200 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इससे स्क्रीनिंग प्रक्रिया को आसान बनाने और इसमें शामिल लॉजिस्टिक्स में भी मदद मिलेगी। इसके लिए 'ट्रांसफॉर्मेशनल चेंजेज इन रिक्रूटमेंट इन इंडियन आर्मी' शीर्षक से प्रकाशित विज्ञापनों में भर्ती प्रक्रिया के लिए, तीन चरणों वाली नई कार्यप्रणाली की सूची दी गई है। इसके लिए अधिसूचना फरवरी मध्य के आसपास जारी होने की उम्मीद है। पहले ऑनलाइन सीईई के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

# शिक्षक की अपनी मर्यादा होती है : निशिरंजन तिवारी



देवरिया, (हि.स .)। विद्यार्थी जीवन से राष्ट्रवादी धारा में तीन दशक से काम करते हुये तमाम उतार-चढ़ाव चाहे सांगठनिक,सामाजिक रहे हो,मेरा प्रत्यक्ष साक्षात्कार हुआ है। अखिल भारतीय विद्यार्थी से 1986 में छात्र संघ के महामंत्री के रूप में शुरू राजनीतिक यात्रा आज भी अनवरत रूप से जारी है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,पूर्व जिला महामंत्री निशिरंजन तिवारी ने संवादाताओं से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक की अपनी एक मयार्दा रेखा होती है, साथ ही उसके नियमों से बंधा हुआ जीवन भी होता है। उक्त बन्धन से मुक्त होकर समाज जीवन एवं राष्ट्र जीवन के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर सकूं, प्रधानाध्यापक पद के दायित्व से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के माध्यम से मुक्त होने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में मैंने विभिन्न दायित्यों का निर्वहन किया, उसी की धारा को और मजबूत करने हेतु भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारत को विश्व गुरु बनाने के अभियान में मेरी जो भूमिका पार्टी तय करेगी, इस हेतु मैंने अपने आप को प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि मैंने अपने प्रधानाध्यापक पद के दायित्व मुक्ति की जानकारी प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री संगठन और क्षेत्रीय अध्यक्ष को दे दिया है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों केन्द्र सरकार द्वारा देश के अमृत काल में पेश आम बजट अर्थव्यवस्था के हर कोने को छूने वाला है। बजट में सभी का ख्याल रखा गया है।

एक लाइन में कहे तो सर्व समावेशी, आर्थिक रूप से विवेकपूर्ण, विकासोन्मुखी और भविष्योन्मुखी बजट है। यह अमृतकाल का बजट हमारे युवाओं, महिलाओं, किसानों, ओबीसी और अनुसूचित जनजाति पर केन्द्रित है। बजट ने राजकोषीय विवेक के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर में पूंजीगत व्यय, करों को कम करके और व्यापक आर्थिक स्थिरता को बनाये रखते हुये एक विकसीत भारत की आकांक्षा को पूरा करने के लिये एक मजबूत नीव रखी है। उन्होंने कहा कि बजट में मिलेट यानी मोटे अनाजों को अब एक नई पहचान दी गई है। ये पहचान है-श्री अन्न। मध्यम वर्ग के हित मे अब 5 लाख रुपये की बजाय 7 लाख रुपये तक की सालाना आय को टैक्स फ्री करने की घोषणा बजट में की गयी है। अब 7 लाख रुपये तक की इनकम वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये महिला सम्मान बचत पत्र शुरू करने की घोषणा बजट में किया गया है, जिसके तहत दो साल के लिए कोई भी महिला ₹2 लाख तक जमा करवा सकती है। उन्होंने कहा कि इस पर सरकार 7.75% ब्याज देगी। अग्निपथ योजना-2022 में पंजीकृत अग्निवीरों को "अग्निवीर कॉर्पस फंड" से प्राप्त भुगतान पर किसी भी प्रकार का टैक्स नही लगेगा, इसकी घोषणा बजट में किया गया है। अंत्योदय योजना के तहत गरीबों के लिए मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति को एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि गरीबो के हित में पीएम आवास योजना के बजट को बढ़ाने का काम भी मोदी सरकार ने किया है। बजट में रेलवे के लिये पूंजीगत परिव्यय को बढ़ा कर 2.40 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है । जो अब तक का सर्वाधिक है। पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देते हुए कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने का काम बजट में किया गया है।

# वोट बैंक के लिए नहीं होती सरकार की योजनाएं : योगी

**-योगी ने भाऊराव देवरस सेवा न्यास के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित किया**

लखनऊ, (हि. स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की योजनाएं वोट बैंक के लिए नहीं होती हैं। सरकार की योजनाओं की मंशा समाज के स्वावलंबन की होती है। समाज को स्वावलंबी बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रदेश में कई तरह की योजनाएं चला रही है। हमारी सरकार ने ऐसी कई स्कीम प्रारंभ की है जो छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने में बड़ी मदद कर सकती है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बालिकाओं के लिए प्रदेश के अंदर कन्या सुमंगला योजना चालू की गई है। बालिका के जन्म लेने के समय यदि उसका रजिस्ट्रेशन हो गया तो उसके नाम पर उसके परिवार के पास सरकार की तरफ से एक निश्चित राशि पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि अक्सर बालक और बालिकाओं के बीच में भेद किया जाता है, बालिका के साथ भेदभाव ना हो इसके लिए हमने मिशन इंद्रधनुष शुरू किया। इसके माध्यम से एक साल में सभी प्रकार के टीके बालिकाओं को लगे यह सुनिश्चित किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी रविवार को भाऊराव देवरस सेवा न्यास के महामना शिक्षण संस्थान बालिका प्रकल्प के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संत रविदास की 646वीं जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बालक और बालिकाओं के लिए हमने अभ्युदय कोचिंग का शुभारंभ किया, जिससे बच्चों को फिजिकली और वर्चुअली फ्री में कोचिंग मिल रही है, जिसमें हमारे कम्पटीशन से निकले योग्य अभ्यर्थी पढ़ रहे हैं। इस बार यूपी लोकसेवा आयोग में 43 बच्चे ऐसे थे, जो अभ्युदय से जुड़े थे और उनका चयन हुआ। हम गरीब बच्चों को टेबलेट और स्मार्टफोन भी दे रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों और समाज को जागरूक होना होगा। यूपी में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं हैं, हमें युवाओं को तैयार करना है। एमएसएमई यूपी का सबसे बड़ा बेस रखता है, यूपी के निर्यात को शासन ने थोड़ा प्रोत्साहन दिया और आज वह फिर से चलने लग गया और अब 1.60 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात यूपी से हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्किल मिशन का चतुर्थ चरण प्रारम्भ होने जा रहा है, हमें अपने युवाओं को इसके लिए तैयार करना होगा। सारी योजनाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना अनिवार्य है ताकि डिग्री लेने के बाद युवाओं को यहां वहां भटकना ना पड़े। योगी ने कहा कि भारत की परम्परा सदैव स्वावलंबन की रही है। इसके पीछे यहां का समाज रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की बात



वास्तविकता है। पहले हमारे गांव और समाज आत्मनिर्भर थे। शासन पर उनकी निर्भरता न्यूनतम थी, जब समाज आगे चलेगा और सरकार उसके पीछे होगी तो समाज आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होगा। वहीं जब सरकार आगे और समाज पीछे होगा तो समाज परावलंबी बनेगा। सरकार से हर चीज के लिए उम्मीद करेगा। उन्होंने कहा कि गुलामी के कालखंड में हमारे गौरव के बोध को समाप्त करने के प्रयास किए गए।

यही कारण थे कि हमारे बड़े-बड़े आस्था और शिक्षण के केंद्र तोड़े गए। भारतीय समाज खुद पर गौरव की अनुभूति न कर सके इसके लिए हमारे स्वाभिमान को कुचला गया। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पहला ऐसा राष्ट्रीय पर्व है जिसे पूरे देश ने मनाया और उसके साथ जुड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर देश की 140 करोड़ की आबादी ने इस महोत्सव पर अपने-अपने घर पर तिरंगा लगाया और भारतीयता का एहसास दिलाया। यही भारतीयता का एहसास सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड के दौरान भी देखने को मिली, जब इतनी बड़ी आबादी ने टीमवर्क के रूप में कार्य किया, दुनिया का सबसे अच्छा कोरोना प्रबंधन का उदाहरण भारत ने दिया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार और समाज जब अनुशासन के साथ आगे बढ़ता है तो परिणाम भी उसी रूप में सामने आते है। उदाहरण के रूप में आज दो महापुरुषों से जुड़े पवित्र संस्थान के भूमि पूजन के कार्यक्रम के साथ हम जुड़े हैं। पहले डॉक्टर भाऊराव देवरस जिन्होंने लखनऊ में रह कर छात्रसंघ की राजनीति में सक्रिय हुए और देश की आजादी के आंदोलन में अपना योगदान एक युवा और नागरिक के रूप में किया। उसके उपरांत समाज के साथ जुड़ कर उसके लिए काम किया, जो आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है। दूसरा नाम है भारत रत्न पंडित महामना मदन मोहन मालवीय का है, जो स्वतंत्र संग्राम सेनानी थे। वह आजादी के आंदोलन के दौरान न्यायालय जा कर क्रांतिकारियों की पैरवी भी करते थे। महामना मालवीय एक समाज सुधारक भी थे। पवित्र गंगा को रोकने का प्रयास जब हुआ तब उन्होंने गंगा महासभा के माध्यम से आवाज उठाई। उन्होंने भारतीय परंपरा के अनुसार एक स्वतंत्र भारत में कैसा भारत हमें चाहिए उसके लिए कार्य किया और काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसा संस्थान प्रारम्भ किया। कार्यक्रम में सीएम योगी ने संस्थान के तीन शिक्षकों और 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए अपने पहले प्रयास में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान सीएम ने शिक्षकों को शाल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाया। उसके बाद सीएम योगी ने प्रकल्प की प्रथम स्मारिका का विमोचन किया। महामना मदन मोहन मालवीय के जीवन पर आधारित इस स्मारिका में देश के मूर्धन्य विद्वानों के लेख हैं। न्यास की अर्धवार्षिक पत्रिका सेवा चेतना का भी सीएम योगी ने विमोचन किया।

# करणी सेना ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका



**- करणी सेना श्रीरामचरितमानस मानस के प्रति अशोभनीय टिप्पणी बर्दाश्त नहीं करेगी : राणा**

मुरादाबाद (हि.स.)। रविवार को मुरादाबाद में करणी सेना ने हिन्दुओं के सुप्रसिद्ध ग्रंथ श्रीरामचरितमानस मानस पर अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में कटघर थाना क्षेत्र के महमूद चौराहे पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला फूंका। इस दौरान सभी प्रदर्शनकारियों ने स्वामी प्रसाद मौर्य की गिरफ्तारी की मांग की। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा ने कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने श्रीरामचरितमानस मानस के प्रति अशोभनीय टिप्पणी की है,करणी सेना यह बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि कब तक हिंदू समाज अपने ग्रंथों व अपने भगवान के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां सुनता रहेगा। बिहार के शिक्षा मंत्री के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य का ऐसी अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना, ऐसे लोगों की तुच्छ मानसिकता को दशार्ता है।

इसे करणी सेना कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संगठन अवनीश चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित ठाकुर, जिला अध्यक्ष ठाकुर अखिलेश सिंह कठेरिया, शिवकुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष युवा शक्ति ठाकुर, अभिरित प्रताप सिंह, ठाकुर अभिषेक सिंह कठेरिया, ठाकुर चेतन सिंह राणा,अमित कुमार सिंह, ठाकुर तनवीर सिंह, ठाकुर बॉबी सिंह, सचिन शर्मा, कुलदीप सैनी, कुलदीप सिंह गिल, रवि कश्यप, विजय चौहान, मंकू ठाकुर, विक्की ठाकुर, प्रिंस ठाकुर, अतुल चौहान, सुमित चौहान, ऋषभ ठाकुर, आकाश प्रजापति, रजत ठाकुर, लोकेश प्रजापति, अमन ठाकुर, रणजीत चौहान आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में बनेंगे 27 अंडरपास

**- उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य अभियंता ने समीक्षा बैठक में दी जानकारी**



मुरादाबाद (हि.स.)। उत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य अभियंता (पीसीई) एस्के पांडेय ने मुरादाबाद रेल मंडल के इंजीनियरिंग अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने बताया कि हाल में पेश हुए आम बजट में रेल मंडल के 27 से अधिक अंडर पास बनाने का स्वीकृति मिली हैं। उन्होंने आगे कहा कि मंडल के काफी पुराने रेलवे पुलों की मरम्मत करें, जहां नए पुल बनने हैं वहां की तैयारी शुरू करें। समीक्षा बैठक में पीसीई एसके पांडेय ने आगे कहा कि मुरादाबाद रेल मंडल के सभी क्षेत्र के इंजीनियर लक्ष्य से 10 से 20 प्रतिशत पीछे हैं। मार्च तक लक्ष्य के अनुरूप काम पूरा करें। रेललाइन की मरम्मत के लिए ट्रेन संचालन बंद करने की अनुमति नहीं मिलती है, इस मामले को लेकर परिचालन विभाग के अधिकारियों से वार्ता करें। इसके अलावा उन्होंने स्टेशनों के सुधार कार्यों व यात्री सुविधा के कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

# डीजीसीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलते ही मूंढापांडे हवाई पट्टी से शुरू हो जाएगी "उड़ान"

**- हवाई पट्टी पर उड़ान के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने डीजीसीए की टीम को बुलाने का अनुरोध करेगा जिला प्रशासन**




मुरादाबाद (हि.स.)। अपर जिलाधिकारी प्रशासन सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मुरादाबाद में मूंढापांडे हवाई पट्टी पर उड़ान के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने हेतु मुरादाबाद जिला प्रशासन द्वारा डायरेक्टरेट आफ सिविल एविएशन की टीम को शीघ्र बुलाने का अनुरोध किया जाएगा। एडीएम प्रशासन सुरेंद्र सिंह ने आगे बताया कि मुंढापांडे स्थित हवाई पट्टी पर डायरेक्टरेट आफ सिविल एविएशन द्वारा बताए गए कार्यों को लगभग पूरा कर लिया गया है सिर्फ हवाई पट्टी पर घास को सही करने का काम शेष रह गया हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने हवाई पट्टी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा परखा था टीम ने हवाई पट्टी पर डीजीसीए द्वारा बताए गए कार्य के समय रहते पूरा कर लेने पर संतोष जताया। एडीएम प्रशासन ने बताया कि डीजीसीए ने मूंढापांडे हवाई पट्टी के मामले में कुछ आपत्तियां लगाई थी इनमें प्रमुख रूप से वहां बन रही पुलिस चौकी को हटाना, मुख्य द्वार को सही करना, सीढ़ियों का निर्माण करना और मैदान को एक लेवल पर लाना था। मामले में शासन ने एयरपोर्ट की मरम्मत के लिए 1.5 करोड़ रुपए बजट की मंजूरी दे दी थी। उन्होंने बताया कि मुख्य गेट को अंदर से बंद कर दिया गया हैं, सीढ़ियां भी बन गई हैं, इन्हीं सब कार्यों का निरीक्षण करने के लिए दिल्ली से क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक उत्तरी क्षेत्र राजेश नीलकंठ शिंदे और संयुक्त महाप्रबंधक सिविल उत्तरी क्षेत्र सुनील प्रसाद की टीम मूंढापांडे एयरपोर्ट पर पहुंची थी। यह दोनों अधिकारी अब डीजीसीए को अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

# सरहुल के सरकारी अवकाश में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

रांची, (हि.स.)। झारखंड में आदिवासियों का प्राकृतिक पर्व सरहुल 24 मार्च को मनाया जाएगा लेकिन झारखंड सरकार, रांची विश्वविद्यालय और झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 23 अप्रैल को अवकाश दिया है। इस पर नाराजगी प्रकट की गयी है। राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा और सरना धर्म गुरु डॉ. प्रवीण उरांव ने इसपर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि यह सरकारी अफसरों की लापरवाही का बड़ा उदाहरण है। झारखंडी पर्व-त्योहार को लेकर सरकारी कैलेंडर और अवकाश सूची में ऐसी त्रुटि कैसे और कहां से हुई। यह गंभीर विषय है। यह लापरवाही आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। इसको लेकर वे डॉ. उरांव कार्मिक विभाग, रांची विश्वविद्यालय और झारखंड एकेडमिक काउंसिल को पत्र लिख चुके हैं लेकिन अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया है।

अगर जल्द ही इसमें सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 मार्च की रात पूजा और घड़ों में पानी रखने की रस्म, 24 मार्च की सुबह सभी सरना स्थल एवं अखरा में पूजा-अर्चना और दोपहर बाद शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके बाद 25 मार्च को फुलखोंसी है।


# अमित शाह ने देवघर के अनुकूल चंद्र आश्रम में गुरु से लिया आशीर्वाद

**-दो दिनों के दौरे के बाद केंद्रीय गृह मंत्री दिल्ली रवाना**



देवघर, (हि.स.)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड प्रवास के दूसरे दिन रविवार को सपत्नीक देवघर के सत्संग नगर स्थित अनुकूल चंद्र आश्रम पहुंचे। यहां उन्होंने स्वामी अनुकूल चंद्र और ठाकुर मां को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही यहां पर धार्मिक विषयों को लेकर आश्रम में उपस्थित गुरु बबाई दा से चर्चा भी की। शाह ने सत्संग आश्रम को आर्थिक मदद का आश्वासन भी दिया। इसके बाद वे देवघर एयरपोर्ट से बीएसएफ के विशेष विमान से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। अमित शाह ने आश्रम के गुरु के साथ कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहले से ही इस आश्रम की चर्चा सुन रखी थी लेकिन कभी आने का मौका नहीं मिल पाया। इस बार देवघर में रात्रि विश्राम करने का अवसर मिला और वे सुबह ही यहां दर्शन के लिए उपस्थित हो गए। उल्लेखनीय है कि इस आश्रम में लाखों श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं। यहां के भोजन के लिए विशेष तौर पर बनाए गए आनंद बाजार नाम के छह मंजिला भवन में सवा लाख से अधिक अनुयायी एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। देवघर एयरपोर्ट पर मंत्री बादल पत्रलेख, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, दीपक प्रकाश, बाबूलाल मरांडी, डीसी देवघर मंजूनाथ भजंत्री और एसपी सुभाष चंद्र जाट आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि देवघर प्रवास के पहले दिन शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा बैद्यनाथ के दरबार में पूजा-अर्चना की थी। इसके बाद जसीडीह में बनने वाले इफको के नैनो खाद फैक्टरी का शिलान्यास किया था। इसी क्रम में शाह ने भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। उन्होंने देवघर के मैहर गार्डन में ही रात्रि विश्राम किया।

# धनबाद मंडल में कई कार्य योजनाओं की मिली स्वीकृति : सांसद



मेदिनीनगर, (हि.स.)। रेल मंत्रालय ने गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज और बरवाडीह-चिरिमिरी अम्बिकापुर रेल लाइन की स्वीकृति प्रदान कर दी है। रेल लाइन के सर्वे कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये का बजट में प्रावधान हुआ है। बरवाडीह- चिरिमिरी- अम्बिकापुर रेल लाइन निर्माण के लिए तो डीपीआर तैयार हो रहा है। उसके अनुमोदन के पश्चात राशि आवंटित की जाएगी। यह बातें सांसद बीडी राम ने रविवार को कही। उन्होंने कहा कि धनबाद मंडल के अंतर्गत जिन कार्य योजनाओं की स्वीकृति मिली है उनमें गया-शेरघाटी, डालटनगंज वाया रफीगंज रेलवे लाइन के लिए 20 करोड़ रुपये, रमना-सिंगरौली डबलिंग के लिए 309 करोड़ रुपये, गढ़वा रोड़-रमना (32.32 किलोमीटर) डबलिंग के लिए 4 करोड़ रुपये, गढ़वा में निर्माण कार्य प्री 90 करोड़ रुपये शामिल हैं। इनके अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के उन्नयन और सौंदर्यीकरण के लिए संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत धनबाद मंडल के डालटनगंज, गढ़वा रोड़, गढ़वा टाउन, नगर उंटारी और पंड़ित दीन दयाल उपाध्याय मंड़ल के अंतर्गत जपला, मुहम्मदगंज एवं हैदरनगर रेलवे स्टेशनों का चयन करना शामिल हैं।

# अडानी मामले में जदयू अध्यक्ष ललन ने कहा, दाल में काला है

पटना, (हि.स.)। जदयू अध्यक्ष ललन सिंह ने अडानी समूह के संदर्भ में सामने आई बातों पर ट्विट करते हुए कहा है कि दाल में काला है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कारण अडानी समूह में एलआईसी का निवेश हुआ और अब आम लोगों का हजारों करोड़ रुपये डूब गया है। इसके बाद भी मोदी सरकार इन मुद्दों पर बात करने को तैयारी नहीं है। ललन सिंह ने आज ट्विट किया है कि ह्यअबतक जो सच्चाई उभरकर सामने आयी है, वह बताती है कि सत्ता का संरक्षण प्राप्त एक कॉरपोरेट घराने ने अबतक का सबसे बड़ा 81,000 करोड़ रुपये का आर्थिक घोटाला करके देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त कर ही दिया है। साथ ही देश के करोड़ों लोगों ने एलआईसी (जीवन बीमा) में अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए जो निवेश किया था, वह भी अंधकारमय हो गया है। हिंडनबर्ग के एक खुलासे से एलआईसी को एक दिन में 18,000 करोड़ का घाटा हुआ, जो इस देश के आम लोगों का पैसा था। इस मुद्दे पर सरकार संसद में बहस कराने से क्यों भाग रही है? दाल में जरूर कुछ काला है...! उन्होंने ट्विट में कुछ मीडिया रिपोर्टों की कटिंग भी लगाई है।

# सीएम की यात्रा से पूर्व तैयारी का जायजा लेने मच्छरगांवा पहुँचे प्रभारी मंत्री



मोतिहारी, (हि.स.)। बिहार के मद्य निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री सह जिला के प्रभारी मंत्री सुनील कुमार रविवार की सुबह कोटवा प्रखंड क्षेत्र के मच्छरगांवा पहुँचे। जहां उन्होने अगामी 15 फरवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की संभावित समाधान यात्रा के तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने सूबे के पहला गोर्वधन गैस प्लांट सहित चल रहे अन्य कार्यो की प्रगति का समीक्षा करते हुए कई दिशा निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है, कि सीएम समाधान यात्रा के दौरान जिले के कोटवा प्रखंड के मच्छरगांवा व केसरिया प्रखंड के गोछी पंचायत जहां विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्तुप अवस्थित है, वहां पहुंचने की संभावना है। जिसको लेकर समृद्ध बिहार,समृद्ध गांव निर्माण हेतु बिहार लोहिया स्वच्छता मिशन द्वारा गोवर्धन योजनान्तर्गत गैस प्लांट निर्माण वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट निर्माण, जल जीवन हरियाली योजना अंतर्गत तालाब का जीर्णोद्धार, मनरेगा के द्वारा वृक्षारोपण /पुराने वृक्षों की सुरक्षा/खेल का मैदान/छः बेड का उपस्वास्थ्य केंद्र/हाट सेड निर्माण आदि कार्य पूरे तेज गति से कराया जा रहा है। इन कार्यो की प्रगति के बारे में प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक से जानकारी ली और कई आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र, उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी सदर, निदेशक डीआरडीए, सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, डीएसपी सदर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, स्थानीयमुखिया सभी वार्ड सदस्य, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बिहार के 80 लाख किसानों को केन्द्रीय बजट से मिलेगा लाभः विजयंत पांडा




पटना, (हि.स.)। इस साल का केंद्रीय बजट ऐतिहासिक है। इसमें बिहार पर मोदी सरकार ने खास ध्यान रखा है। बजट में बिहार में किसानों के लिए करोड़ों रुपये का कृषि ऋण स्वीकृत हुआ है। बिहार के 80 लाख किसानों को इससे लाभ होगा। यह बातें भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयंत पांडा ने कही। वह रविवार को पटना के कैलाशपति मिश्र सभागार में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयंत पांडा ने कहा कि जीएसटी 20 साल से उपेक्षित था। मोदी सरकार के आने के बाद यह लागू हुआ है। इस बार मोदी सरकार ने 10 लाख करोड़ का बजट पेश किया है। इसमें सभी वर्गों के हित का ध्यान रखा गया है। बिहार के दलित, पिछड़े निषाद समाज के लिए बजट में विशेष प्रावधान है। बिहार में इस समाज के लिए 6,000 करोड़ की राशि अलग से दी गई है। बजट में पर्यटक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए विशेष राशि दी गई है। बिहार को इसका फायदा उठाना चाहिए। नीतीश सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में जो बजट की राशि आवंटित की जाती है बिहार सरकार उसे पूरा खर्च नहीं कर पाती है। बिहार में हर घर नल जल योजना में काफी समय से रुका हुआ था।

इस योजना में 12,000 करोड़ की राशि आवंटित हुई है उसका खर्च नहीं हो पाया है। बिहार की तुलना में नॉर्थ ईस्ट के राज्य में इन योजनाओं को लागू किया गया तो उन राज्यों का विकास हो रहा है।

विजयंत पांडा ने कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा के लिए कोई कमी नहीं होने देगी। केंद्र की ओर से प्रधानमंत्री आवास के तहत बिहार में 15,79,000 घर बनाए गए हैं। उन्होंने बिहार के आर्थिक विकास दर के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में बिहार की आबादी बढ़ी है लेकिन उस लिहाज से विकास नहीं हुआ।

# लालू यादव किडनी ट्रांसप्लांट के बाद 10 फरवरी को लौटेंगे स्वदेश



पटना, (हि.स.)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव 10 फरवरी को सिंगापुर से दिल्ली लौटेंगे। यह जानकारी राजद के पूर्व सांसद मो. अली अशरफ फातमी ने ट्वीट करके दी है। अली अशरफ फातमी ने ट्वीट कर लिखा है कि आज लालू यादव से सिंगापुर में करीब तीन घंटे तक मुलाकात की। इस दौरान उनकी बड़ी बेटी और राज्यसभा सांसद बहन मीसा भारती और रोहिणी आचार्या भी मौजूद रहीं। उन्होंने लालू प्रसाद सहित उनकी बेटियों मीसा भारती और किडनी डोनेट करने वाली रोहिणी आचार्या के साथ फोटो भी सोशल मीडिया पर डाली है। सोशल मीडिया पर डाली गयी तस्वीर में लालू प्रसाद और रोहिणी आचार्या दोनों ऑपरेशन के बाद स्वस्थ दिख रहे हैं। लालू प्रसाद हाफ सफेद शर्ट पहने हुए हैं और रोहिणी आचार्या भी सफेद कुर्ती में हैं। लालू प्रसाद के चेहरे पर चमक भी दिख रही है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव इन दिनों सिंगापुर में हैं। वे वहां किडनी ट्रांसप्लांट के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## संपादकीय

# सुक्खू की प्राथमिकता में पर्यटन

**विधायकों** की प्राथमिकताओं में हिमाचल का नजरिया कुछ बदला सा है, तो कुछ बदलने की जरूरत है। विधायक प्राथमिक बैठकों के दौर में हर साल हिमाचल खुद से मुलाकात करता है, लेकिन इस बार व्यवस्था बदलने के नाम पर सुखविंदर सुक्खू ने भी बतौर मुख्यमंत्री अपनी प्राथमिकताएं जोड़ दी हैं। यह पहली बार हो रहा है कि कोई मुख्यमंत्री सहजता से हिमाचली विकास में स्वीकार्यता बढ़ा रहा है। खास तौर पर जब वह विधानसभा क्षेत्र में पर्यटन खोजने का आह्वान करते हुए दिखाई देते हैं, तो पर्यटन मानचित्र राज्य की प्राथमिकताओं का दस्तावेज बनता हुआ दिखाई देता है। सरकार साहसिक खेलों, ईको टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन तथा नए डेस्टिनेशन स्थापित करने के प्रति वचनबद्ध दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने कांगड़ा को 'पर्यटन राजधानी' का तमगा पहनाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र भी किया है। जाहिर है पर्यटन के रास्ते सारे प्रदेश की छवि और आर्थिक संभावनाओं में इजाफा होगा और इस तरह भविष्य का सबसे सुदृढ़ रास्ता बन सकता है। दूसरी ओर विधायकों के अपने मूल प्रश्न हैं और कुछ परंपरागत इच्छाएं भी दर्ज हो रही हैं। भले ही कांग्रेस सरकार ने आते ही पूर्ववर्ती सरकार के कुछ फैसलों को अर्थहीन मानकर पलट दिया या कार्यालयों-संस्थानों को डिनोटिफाई कर दिया, लेकिन विधायक प्राथमिकताओं में पुनः इनकी बहाली के मंतव्य उभरे हैं। इससे इतर अगर धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर नगर पंचायत के गठन या सुलाह के विधायक विपिन सिंह परमार विद्युत परियोजनाओं पर जल कर लगाने का सुझाव दे रहे हैं, तो ऐसे विजन का स्वागत करना होगा। इस बार विधायक प्राथमिकताओं में खास बात यह भी रही कि कई विधायकों ने रज्जु मार्गों, सुरंग मार्गों, फ्लाई ओवर, सैनिक अकादमी, पार्किंग, मल निकासी खेल मैदानों या बस अड्डों के निर्माण जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को वरीयता दी है। प्राथमिकताओं में राज्य का दृष्टिपत्र दिखाई देता है, फिर भी कालेज या कार्यालय मांग रहे जनप्रतिनिधि ऐसी लाइब्रेरी, प्रशिक्षण केंद्र या निवेश केंद्र नहीं मांग रहे, जो युवा पीढ़ी को अपना भविष्य संवारने में मददगार सिद्ध होंगे। बहरहाल अगर विधायक प्राथमिकताओं से राज्य की प्राथमिकताओं का सफर शुरू होता है, तो इस बार पर्यटन व इससे जुड़ी गतिविधियों को हम आगामी बजट के समर्थन में काफी हद तक देख पाएंगे। दरअसल पूरे हिमाचल को पर्यटन गंतव्य बनाने से पहले हमें घोषित रूप से 'पर्यटन राज्य' बनना होगा। इस दिशा में मुख्यमंत्री का आश्वासन सारे प्रदेश को नया अवसर दे रहा है। हम प्राथमिकता के अभाव में पर्यटन आर्थिकी व इससे जुड़े रोजगार को अनसुना करते रहे हैं। उदाहरण के लिए चांशल वैली और चूड़धार की बर्फ से लदी ढलानों में अगर स्कीइंग ही शुरू कर दें, तो अनछुए पर्यटन को नई मंजिलें मिलेंगी। इस बार पौंग जलाशय में पिछले सालों से कहीं अधिक प्रवासी पक्षी आए हैं, लेकिन हम इस क्षेत्र को अधोसंरचना व सुविधाओं के अभाव में अनछुआ छोड़ रहे हैं। प्रदेश में आने वाले अस्सी फीसदी पर्यटक केवल धार्मिक आयोजनों या आस्था की वजह से पहुंचते हैं, लेकिन इस संभावना का हम विस्तारित या सक्षम नहीं बना पाए। ऊना की पहचान सिख पर्यटन के रास्ते अगर आगे बढ़ती है, तो इसके साथ पांवटा साहिब व मणिकर्ण के गुरुद्वारे भी जुड़ जाएंगे। इसी के साथ ग्रामीण, हाई-वे, धरोहर, एग्रो, मनोरंजन व हाट बाजार पर्यटन भी जुड़ जाए, तो प्रदेश की संपूर्णता में हर विधानसभा क्षेत्र एक न एक डेस्टिनेशन बना पाएगा। सरकार बिना कोई अतिरिक्त व्यय किए 68 विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक 'पर्यटन गांव' बसा सकती है। करना सिर्फ यह है कि ग्रामीण विकास, कला-संस्कृति, जलशक्ति, पीडब्ल्यूडी, वन, मार्केटिंग बोर्ड, पर्यटन, कृषि-बागबानी तथा प्रशासन मिल कर ऐसी परियोजनाएं बनाएं ताकि 68 पर्यटक गांव अपनी विशिष्टता दर्ज कर सकें।

> मुख्यमंत्री ने कांगड़ा को 'पर्यटन राजधानी' का तमगा पहनाने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना का जिक्र भी किया है। जाहिर है पर्यटन के रास्ते सारे प्रदेश की छवि और आर्थिक संभावनाओं में इजाफा होगा और इस तरह भविष्य का सबसे सुदृढ़ रास्ता बन सकता है। दूसरी ओर विधायकों के अपने मूल प्रश्न हैं और कुछ परंपरागत इच्छाएं भी दर्ज हो रही हैं। लभे ही कांग्रेस सरकार ने आते ही पूर्ववर्ती सरकार के कुछ फैसलों को अर्थहीन मानकर लपट दिया या कार्यालयों-संस्थानों को डिनोटिफाई कर दिया, लेकिन विधायक प्राथमिकताओं में पुनः इनकी बहाली के मंतव्य उभरे हैं। इससे इतर अगर धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर नगर पंचायत के गठन या सुलाह के विधायक विपिन सिंह परमार विद्युत परियोजनाओं पर लज कर लगाने का सुझाव दे रहे हैं, तो ऐसे विजन का स्वागत करना होगा।

## कुछ अलग

# अडाणी पर संसदीय उबाल

**अडानी** समूह की कंपनियों के भीतर का सच क्या है, वह भारतीय रिजर्व बैंक, सेबी और एनएसई सरीखी नियामक संस्थाओं के जरिए सार्वजनिक होना चाहिए। संसद के भीतर उछल-कूद करने और हंगामा बरपाने से किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता। नेता प्रतिपक्ष प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात कर विपक्ष की चिंताओं और सवालों को रख सकते थे। सदन स्थगित करने पड़े, इससे हासिल क्या हुआ? हम अमरीकी फर्म हिंडनबर्ग की रपट पर ही भरोसा नहीं कर सकते, क्योंकि अमरीका और यूरोप में ही उसकी विश्वसनीयता सवालिया है। चूंकि अडानी समूह की कंपनियों में देश के बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का पैसा निवेश हुआ है, कंपनियों को कजर्.दिए गए हैं। दरअसल वह पैसा देश के आम आदमी का है। अडानी की कंपनियों की सम्यक जांच इसलिए भी तर्कसंगत और अनिवार्य है, ताकि समूह 'अग्नि-परीक्षा' दे सके। यदि कोई आर्थिक घोटाला आकार ले रहा है या कंपनियों की बैलेंस शीट में हेराफेरी की गई है अथवा अडानी समूह भीतर से खोखला है या कंपनियों के शेयर ओवर वेल्यूड हैं अथवा अडानी समूह ने कुछ फर्जी 'कागज़ी कंपनियां' भी बना रखी हैं, इन तमाम सवालों के सच सामने आने चाहिए। अमरीकी फर्म की रपट के बाद से अब तक अडानी समूह की संपत्ति 8.76 लाख करोड़ रुपए घट चुकी है। तमाम कंपनियों के शेयर नकारात्मक हैं। समूह की प्रमुख 5 कंपनियों पर 1.62 लाख करोड़ रुपए का कजर्.है। रपट से पहले का सच यह था कि अडानी की संपत्ति बीते अढाई साल के दौरान 13 गुना बढ़ी थी। बीते तीन साल में कंपनियों के शेयरों में करीब 819 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी और चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे-तीसरे स्थान तक पहुंच गए थे। अब अडानी 17वें स्थान तक लुढक़ चुके हैं। सुखद ख़बर यह है कि बैंकों ने फिलहाल स्पष्ट किया है कि उनका निवेश सुरक्षित है। भारतीय स्टेट बैंक समेत कई बैंक अपनी रपट रिजर्व बैंक को भेज रहे हैं। केंद्रीय बैंक ने निवेश और कजर्.के ब्योरों की रपटें बैंकों से तलब की थीं। एलआईसी का मात्र 1 फीसदी निवेश अडानी समूह में है। उसने टाटा, रिलायंस, एल एंड टी आदि कई सूचीबद्ध कंपनियों में भी निवेश कर रखा है। अडानी समूह की कंपनियों के खुलासों और फिर शेयरों का लगातार धड़ाम होते रहना भारत के संदर्भ में एक चिंतित सरोकार तो है, क्योंकि इन कंपनियों में आम भारतीय की गाढ़ी कमाई का पैसा लगा है, लेकिन यह विदेशी रपट भारत की संप्रभुता, सम्पन्नता और आर्थिक बढ़ोतरी पर प्रत्यक्ष आक्रमण नहीं मानी जा सकती। देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री भी इतने अशक्त नहीं हैं कि एक विदेशी फर्म उन्हें निशाने पर ले सके, लिहाजा हमारे विपक्षी दलों को न तो लोगों में दहशत पैदा करनी चाहिए और न ही संसद के भीतर उबाल के हालात होने चाहिए। बहरहाल रिजर्व बैंक, सेबी, एनएसई और अघोषित तौर पर प्रवर्तन निदेशालय अपने-अपने स्तर पर जांच कर रहे हैं।

> अमरीकी फर्म की रपट के बाद से अब तक अडानी समूह की संपत्ति 8.76 लाख करोड़ रुपए घट चुकी है। तमाम कंपनियों के शेयर नकारात्मक हैं। समूह की प्रमुख 5 कंपनियों पर 1.62 लाख करोड़ रुपए का कजर्.है। रपट से पहले का सच यह था कि अडानी की संपत्ति बीते अढाई साल के दौरान 13 गुना बढ़ी थी। बीते तीन साल में कंपनियों के शेयरों में करीब 819 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी और चेयरमैन गौतम अडानी दुनिया के अमीरों की सूची में दूसरे-तीसरे स्थान तक पहुंच गए थे।

## छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा

# आम आदमी की उम्मीदों पर खरा उतरता बजट

योगेश कुमार गोयल

> विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अलगे वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा और ये उम्मीदें बेकार भी नहीं गई। सरकार ने 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च का जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें सरकार की पावतियां केलव 23.3 लाख करोड़ रुपये की ही होंगी और इस भारी-भरकम घाटे को पूरा करने के लिए सरकार विनिवेश के जरिये करीब 51 हजार करोड़ रुपये की धनराशि जुटाएगी जबकि उसे 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बाजार से ऋण लेने पड़ेंगे।बाकी की कमी को लघु बचतों के जरिये पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बजट के प्रावधानों को देखते हुए प्रतीत होता है कि सलक विकास वृद्धि में बढ़ोतरी के लिए करीब 10 लाख करोड़ रुपये की धनराशि पूंजीगत खाते से खर्च करके सरकार देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहती है।

**वित्त** वर्ष 2023-24 के बजट पर पूरे देश की नजरें केन्द्रित थी क्योंकि आम आदमी को इस बजट से ढ़ेर सारी उम्मीदें थी। दरअसल माना जा रहा था कि इस वर्ष होने जा रहे कई विधानसभा चुनावों के साथ-साथ अगले वर्ष लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा और ये उम्मीदें बेकार भी नहीं गई। सरकार ने 45 लाख करोड़ रुपये के खर्च का जो बजट प्रस्तुत किया है, उसमें सरकार की पावतियां केवल 23.3 लाख करोड़ रुपये की ही होंगी और इस भारी-भरकम घाटे को पूरा करने के लिए सरकार विनिवेश के जरिये करीब 51 हजार करोड़ रुपये की धनराशि जुटाएगी जबकि उसे 15 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा के बाजार से ऋ ण लेने पड़ेंगे। बाकी की कमी को लघु बचतों के जरिये पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। बजट के प्रावधानों को देखते हुए प्रतीत होता है कि सकल विकास वृद्धि में बढ़ोतरी के लिए करीब 10 लाख करोड़ रुपये की धनराशि पूंजीगत खाते से खर्च करके सरकार देशभर में रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ-साथ औद्योगिक उत्पादन को भी बढ़ावा देना चाहती है। छोटे और मध्यम उद्योगों को शुल्क ढ़ांचे में रियायतें प्रदान कर सरकार यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि अपने उत्पादन को बढ़ाने के साथ-साथ यह क्षेत्र रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में भी सहभागी बने। इस बार के केन्द्रीय बजट में विभिन्न क्षेत्रों को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण आम जनता को आयकर दरों में राहत दिया जाना है। दरअसल बहुत लंबे समय से आयकरों दरों में बदलाव की मांग की जा रही थी। नई कर व्यवस्था में आयकर सीमा में छूट को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख किए जाने से न केवल छोटे करदाताओं को बहुत बड़ी राहत मिलनी तय है, वहीं इससे मिशन 2024 मोड में जुटी भाजपा को सीधा फायदा मिलेगा। हालांकि पुरानी कर व्यवस्था भी लागू रहेगी जिसके तहत अभी भी 80सी, पीएफ, आवासीय कर्ज के मूलधन और ब्याज के भुगतान इत्यादि पर छूट हासिल की जा सकती है, जो नई कर व्यवस्था में नहीं मिलेगी लेकिन इस छूट के बगैर भी सात लाख



कर्मचारियों के अवकाश नकदीकरण पर मिलने वाली छूट को 3 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा, महिला सम्मान सेविंग सर्टिफिकेट की घोषणा इत्यादि सियासी दृष्टिकोण से भाजपा के प्रति सकारात्मक माहौल में वृद्धि करने में सहायक साबित हो सकती हैं। बजट में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्णय हैं, जो स्पष्ट तौर पर इस बार के बजट में भाजपा सरकार की ओर से राजनीतिक संदेश देते प्रतीत होते हैं। देश के 80 करोड़ लोगों को जनवरी 2024 तक मुफ्त अनाज योजना भाजपा की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जो 2022 के विधानसभा चुनावों में भी उसके लिए कुछ राज्यों में गेमचेंजर साबित हो चुकी है और विरोधी भी मानते रहे हैं कि भाजपा को इस योजना का बड़ा सियासी लाभ मिलता रहा है। गरीबों के लिए चलाई जा रही इस योजना के अलावा आवास योजना, पेयजल योजना और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना इत्यादि के आवंटन में बड़ी वृद्धि, आदिवासियों के लिए 15 हजार करोड़ की नई योजना, व्यक्तिगत करदाताओं के लिए नई कर व्यवस्था इत्यादि कई ऐसी घोषणाएं हैं, जो देश के निम्न और मध्यम आय के लोगों को भी आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानममंत्री आवास योजना तो मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जिसके लिए 2022-23 के बजट में 48 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया था लेकिन इस बार के बजट में उसे 66 फीसदी बढ़ाकर सरकार ने इस योजना के लिए 79500 करोड़ रुपये आवंटित करने की घोषणा की है। इस योजना के तहत 2024 तक करीब 2.94 करोड़ गरीब लोगों को घर मुहैया कराने का लक्ष्य रखा गया है। वैसे सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.94 करोड़ में से 2.12 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है और ये घर गरीबों को सौंपे भी जा चुके हैं। जनजातीय समूहों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति सुधारने और उनके निवास स्थल को बुनियादी सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए 'प्रधानमंत्री विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह' (पीएमपीवीटीजी) विकास मिशन की घोषणा करते हुए इसके लिए 15 हजार करोड़ रुपये का खाका पेश किया गया है। ऐसे में अनुसूचित जातियों-जनजातियों वाले मतदाता क्षेत्रों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की झलक बजट में नजर आ रही है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अभी तक देशभर में करीब साढ़े चार करोड़ गरीब लोग मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। इस योजना में आवंटन को पिछले साल के 6457 करोड़ रुपये के बजट से बढ़ाकर 7200 करोड़ कर दिया गया है। इस वित्त वर्ष में प्रधानमंत्री किसान सम्मान के लिए 60 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया जा चुका है और पीएम-किसान के तहत 11.4 करोड़ किसानों को अभी तक 2.2 लाख करोड़ रुपये का नकद हस्तांतरण भी किया जा चुका है। जल जीवन मिशन के लिए बजट को पिछले साल की तुलना में 60 हजार करोड़ से बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये किया गया है, जिसके तहत 2024 तक देश के सभी 20 करोड़ परिवारों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार के मुताबिक 2019 तक केवल तीन करोड़ परिवारों को ही पीने का साफ पानी उपलब्ध था लेकिन जल जीवन मिशन के तहत अभी तक करीब 11 हजार करोड़ परिवारों लोगों को पीने का साफ पानी मुहैया कराया जा चुका है। 'स्किल इंडिया मिशन' के तहत बजट में डिजिटल प्लेटफार्म की घोषणा की गई है। डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये उद्यम और रोजगार की ट्रेनिंग देने, नियोक्ताओं तक युवाओं की सीधी पहुंच बढ़ाने को लेकर इस प्लेटफार्म के जरिये होने वाला कार्य लाखों युवाओं के बीच भाजपा के प्रति समर्थन बढ़ाने में सहायक हो सकता है। देशभर में इस योजना के विस्तार की घोषणा के मद्देनजर डिजिटल प्लेटफार्म से बड़ी संख्या में युवा लाभान्वित हो सकते हैं।

# 'कल्पवास' में बिकती है बांसुरी, चलती है रेहान की जिंदगी

> गंगा और त्रिवेणी स्नान से सिर्फ मोक्ष ही नहीं अर्थ एवं धर्म की भी प्राप्ति होती है। दुनिया भर में नदी सभ्यता में इतना बड़ा भूभाग कहीं नहीं लिमता है जहां विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला आयोजित होता है।कल्पवास में साम्प्रदायिक सद्भाव भी देखने को लिमता है। प्रयागराज को कुंभ, संगम और तंबुओं की नगरी से भी जाना जाता है। पूरे महींने भर देश-विदेश से आए श्रद्धालु और भक्त तंबू में कल्पवास करते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्य एवं साधु-संतों का आगमन होता है। प्रत्येक 12 साल पर कुंभ का आयोजन होता है। जिसमें नागा साधुओं की पेशवाई देखते बनती है। कहा जाता है ब्रह्मा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ यहीं किया था।'प्र' से प्रथम और 'याग' से यज्ञ। इसकी वजह इसका नाम प्रयाग पड़ा। इस पवित्र धर्मनगरी के अधिष्ठाता भगवान विष्णु हैं जो स्वयं यहां वेणी माधव के रूप में विराजमान है। पुराणों में सात पुरियां हैं। जिसमें अयोध्या, मथुरा, मायापुरी, काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका है।पुरियों को तीर्थराज प्रयाग की धर्म पत्नियों की संज्ञा दी गई है। सात पुरियों में काशी सर्वश्रेष्ठ है। इसे तीर्थराज की पटरानी कहा गया है।

**माघ** मकरगत रवि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।। देव दनुज किन्नर नर श्रेनीं। सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी।। तीर्थराज प्रयाग गंगा के विसाल मैदान में बसा है। प्रयाग को सभी तीर्थं का राजा कहा गया है। प्रयाग समस्त कष्टों को हरने वाला ही नहीं अनेका संस्कृतियों के मिलन का संगम भी है। यहाँ गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती के साथ देश के विभिन्न धर्म-संस्कृतियों का भी कल्पवास में त्रिवेणी बहती हैं। गंगा और त्रिवेणी स्नान से सिर्फ मोक्ष ही नहीं अर्थ एवं धर्म की भी प्राप्ति होती है। दुनिया भर में नदी सभ्यता में इतना बड़ा भूभाग कहीं नहीं मिलता है जहां विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक मेला आयोजित होता है। कल्पवास में साम्प्रदायिक सद्भाव भी देखने को मिलता है। प्रयागराज को कुंभ, संगम और तंबुओं की नगरी से भी जाना जाता है। पूरे महींने भर देश-विदेश से आए श्रद्धालु और भक्त तंबू में कल्पवास करते हैं। चारों पीठों के शंकराचार्य एवं साधु-संतों का आगमन होता है। प्रत्येक 12 साल पर कुंभ का आयोजन होता है। जिसमें नागा साधुओं की पेशवाई देखते बनती है। कहा जाता है ब्रह्मा ने सृष्टि का प्रथम यज्ञ यहीं किया था।'प्र' से प्रथम और 'याग' से यज्ञ। इसकी वजह इसका नाम प्रयाग पड़ा। इस पवित्र धर्मनगरी के अधिष्ठाता भगवान विष्णु हैं जो स्वयं यहां वेणी माधव के रूप में विराजमान है।पुराणों में सात पुरियां हैं। जिसमें अयोध्या, मथुरा, मायापुरी, काशी, कांची, अवंतिका और द्वारका है। पुरियों को तीर्थराज प्रयाग की धर्म पत्नियों की संज्ञा दी गई है। सात पुरियों में काशी सर्वश्रेष्ठ है। इसे तीर्थराज की पटरानी कहा गया है। धार्मिक मान्यता के अनुसार सभी क्षेत्रों की उत्पत्ति प्रयागराज से हुई है और प्रयागराज ने इन्हें मोक्ष का अधिकार प्रदान किया है। प्रयाग में मास भर का आयोजित होने वाला कल्पवास हमारी सांझी सांस्कृतिक विरासत है। कल्पवास क्षेत्र में जाति-धर्म, भाषा और रंग का भेद मिट जाता है। प्रयाग में विभिन्न धर्म और संस्कृतियों से आने वाला व्यक्ति सिर्फ सिर्फ प्रयाग का होकर रह जाता है। प्रयाग में सिर्फ मनुष्यता दिखती है। यहाँ आपको सब कुछ मिल जाएगा। परेड ग्राउंड में आपकी जरूरत के सभी सामान भी मिल जाएंगे। देश के कोने-कोने से आयी दुकानें और सांझा संस्कृति के लोग मिल जाएंगे। कल्पवास में जाति-धर्म और भषा भेद का भाव मिट जाता है। प्रयाग को अच्छी तरह जानने के लिए सिर्फ कल्पवास और त्रिवेणी स्नान काफी नहीं है। उसे पढ़ने के लिए रेत-रेत में बिखरना होगा। तब आपको पता चलेगा कि इस पवित्र रेती में पूरा भारत विभिन्न रंग-रूपों में बिखरा पड़ा है। संगम की रेती में बिहार के रेहान राजा की बांसुरी क्यों बजती है। झारखण्ड के जय प्रकाश की फिरंगी क्यों नाचती है। साहारनपुर के सलीम बालमखीरा का चूरन क्यों बेचने आते हैं। इनके लिए कल्पवास का क्या मतलब है। इन्हीं के जीवन संघर्ष में छुपा है अर्थ, धर्म और मोक्ष का अर्थ। परेड ग्राउंड में देश भर से आए खादी ग्राम उद्योग की दुकाने मिल जाएंगी। कान्हा- श्याम की सुंदर मूर्ति और कपड़े पर मिल जाएंगे। धार्मिक पुस्तकों के शौकीन हैं तो गीता प्रेस गोरखपुर का मेले भर में किताबों की दुकान भी मिलेगी। रामदाने की पट्टी और बच्चों के खिलौने आसानी से सुलभ मिलते हैं। कल्पवास शिवरात्रि तक चलेगा। गंगा घाट पर स्नान के दौरान हमें बिहार के रेहान राजा बांसुरी बेचते मिल गए। उसकी उम्र तकरीबन 15 साल की है। अपने अब्बा के साथ पहली बार प्रयाग कल्पवास में आए हैं बांसुरी बेचने। लॉकडाउन के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दिया। बाबा के साथ मेले में बांसुरी बेचकर पैसा कमाते हैं। उस पैसे से बहन की शादी करेंगे। लॉकडाउन के बाद पैसे की किल्लत होने लगी तो पढ़ाई छोड़नी पड़ी। पांचवीं तक पढ़ाई की है। बाद में अब्बा के साथ पुस्तैनी धंधे में लग गए। रेहान छपरा जिले के बनियापुर थाना के मिसकारी टोला गांव से आते हैं। रेहान ने बताया कि उनकी तीन बहने हैं उनकी शादी करनी है एक की हो गई है दूसरे की करनी है। बैंक का काफी कर्ज है अब्बा इसी बांसुरी की कमाई से बैंक की किस्त भरते हैं। रेहान राजा ने बताया कि अमावस के दिन पंद्रह सौ रुपए की कमाई हुई थी। अमावस से हम लोग यहां आए हैं। 80 से 90 लोग है। सभी मुस्लिम हैं। मेला क्षेत्र में हम लोग रहते हैं और गंगा नहाते हैं। भीड़ कम होने से कमाई पर असर पड़ा है। बांसुरी के लिए आसाम से बांस आता है उसी की बांसुरी हमारे परिवार और गांव के लोग बनाते हैं। उसी बांसुरी को कल्पवास और दूसरे मेले में बेचकर लोग अपनी आजीविका चलाते हैं। कल्पवास की रेती में ही झारखण्ड के राजमल साहबगंज, उदवाँ के रहने वाले जय प्रकाश राय मिल गए। वह बच्चों के लिए खिलौने के साथ बांस और कागज से बनी फिरंगी बेच रहे थे। उन्होंने बताया कि मेले में हर दिन 300 से ₹500 बचा लेते हैं। धंधा तो हजार रुपए तक का हो जाता है लेकिन सामानों के खर्च को काटकर इतना बच जाता है। वह मेले में पिछले 13 जनवरी से आए हैं। गंगा में नित्य स्नान करते हैं। इसके बाद अपने रोजी-रोजगार में लग जाते हैं। कल्पवास खत्म होने के बाद वह दिल्ली चले जाएंगे और वहां यहीं फिरंगी बेचेंगे। संगम वापसी करते समय मुझे पुल नंबर चार के रास्ते में सहारनपुर के सलीम मिल गए। सलीम बालम खीरा का चूर्ण बेच रहे थे। बोले ले लीजिए साहब। यह पेट के लिए अचूक रामबाण है। बस भोजन के बाद गुनगुने पानी से फांक लीजिए। सुबह पेट सफा तो सारे रोग दफा। ₹200 किलोग्राम का है साहब। हमने सलीम से चूर्ण का एक पैकेट खरीद लिया। उन्होंने बताया कि अब तक तीन कुंतल से अधिक चूरन बेंच चुके है। सहारनपुर के सलीम से हमने पूछा कि आजकल देश में हिंदू मुस्लिम का अधिक प्रचार है। आप हिंदू मेले में आए हैं आपको कोई डर नहीं लगता। बोले राजनीति को छोड़िए साहब। देश सबका है। राजनीति से क्या मिलेगा। हम यहां हर साल आते हैं। प्रयाग में किसी जाति-धर्म का भेदभाव नहीं। यहां प्रशासनिक सहयोग खूब मिलता है। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रयाग में लगने वाला कल्पवास अप्रत्यक्ष रुप से पूरे देश को एक धागे में पिरोता है। कल्पवास 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का सबसे अनुपम उदाहरण है।






## देश दुनीया से

# परीक्षा प्रणाली में नकल का मर्ज

**उत्तराखंड** में यह प्रवृत्ति कुछ अधिक व्यापक है। अधीनस्थ कर्मचारी चयन आयोग से लेकर लोक सेवा आयोग तक इसकी जद में आ गए हैं। हैरत तो यह है कि पर्चा लीक को लेकर अभी धर-पकड़ जारी ही थी, नियम-कानून सख्त बनाने के प्रयास चल ही रहे थे कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 8 जनवरी को आयोजित पटवारी परीक्षा का पर्चा भी लीक हो गया। ऐसी घटनाओं ने प्रदेश को नए ढंग से सोचने पर विवश किया है और राज्य सरकार एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है कि निष्पक्ष परीक्षा के लिए क्या नियम और कानून हों। यह महत्त्वपूर्ण है कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी नकल को लेकर प्रधानमंत्री से बेझिझक बात कर रहे हैं और शायद इस असमंजस में हैं कि बेहतर अंक पाने का यह कहीं अच्छा तरीका तो नहीं। इसमें कोई दो राय नहीं कि नकल या पर्चा लीक जैसी प्रवृत्तियां प्रतिभा को ही नष्ट कर देती हैं। मगर जिस प्रकार शिक्षा और परीक्षा के मुकाबले पूंजी खड़ी हो रही है, उसमें सिक्के की खनक को अगर महत्त्व मिलता रहा, तो प्रतिभाशाली धोखे के शिकार हो जाएंगे। प्रधानमंत्री का जवाब बहुत सारगर्भित था। उन्होंने कहा कि जो मेहनती विद्यार्थी है उसकी मेहनत उसकी जिंदगी में अवश्य रंग लाएगी। कोई नकल करके दो-चार अंक ज्यादा ले जाएगा, मगर वह कभी आपकी जिंदगी में रुकावट नहीं बन पाएगा। इसमें कोई दुविधा नहीं कि भीतर की ताकत ही आगे ले जाती है, मगर नकलविहीन व्यवस्था बनाना भी सरकार की जिम्मेदारी है। सुशासन की परिपाटी में एक सजग प्रहरी के तौर पर सरकार का नकल और पर्चा लीक रोकना अनिवार्य पहलू है। अगर शिक्षा, परीक्षा या प्रतियोगिता में नकल और पर्चा लीक को शून्य नहीं किया जाता, तो देश का विकास भी बाधित होगा। विभिन्न प्रदेशों में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भी कमोबेश ऐसी घटनाएं देखने को मिलती रही हैं। हिमाचल प्रदेश कर्मचारी भर्ती चयन आयोग की परीक्षा में पर्चा लीक से लेकर हरियाणा कांस्टेबल भर्ती में आठ माह में दो बार पर्चा लीक, राजस्थान में शिक्षक पात्रता परीक्षा (रीट) परीक्षा का पर्चा लीक इसके कुछ उदाहरण भर हैं कि परीक्षाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराने में भर्ती एजेंसियां और सरकारें बौनी सिद्ध हुई हैं। बिहार लोक सेवा आयोग की सड़सठवीं प्रारंभिक परीक्षा पर्चा लीक होने के चलते स्थगित करनी पड़ी थी। इस प्रतियोगिता में छह लाख प्रतियोगियों ने आवेदन किया था और परीक्षा शुरू होने से ठीक पहले पर्चा सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। बिहार लोक सेवा आयोग और सरकार की बड़ी किरकिरी हुई और प्रतियोगी छात्रों ने जमकर हंगामा किया। इससे पहले अलग-अलग रूपों में उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, हरियाणा और राजस्थान में पर्चा लीक के मामले हो चुके हैं। बिहार में ही अग्निशमन सेवा 2021 और सिपाही भर्ती की परीक्षा में पर्चा लीक हुआ। पिछले साल उत्तर प्रदेश में बारहवीं बोर्ड में अंग्रेजी का पर्चा लीक होने के कारण प्रदेश के चौबीस जिलों में परीक्षा स्थगित कर दी गई थी। यूपीटीईटी परीक्षा 2021 का पर्चा लीक हुआ। हरियाणा में यूजीसी-नेट परीक्षा का पेपर लीक हुआ और गुजरात में हेड क्लर्क परीक्षा और दसवीं का हिंदी का पर्चा बाहर आ गया था। उत्तराखंड में भर्ती परीक्षाओं की गड़बड़ी, मसलन स्नातक स्तरीय भर्ती, वन दरोगा भर्ती, सचिवालय रक्षक भर्ती समेत कई प्रतियोगी परीक्षाओं में जो गड़बड़ियां मिलीं, उससे सरकार की काफी किरकिरी हुई है। परीक्षा से पहले पर्चा बाहर आ जाना परीक्षा प्रणाली पर गहरे सवाल खड़े करता है। ऐसे माफिया से परीक्षा को सुरक्षित कैसे किया जाए, यह भर्ती एजंसियों और सरकार दोनों के लिए बड़ी चुनौती है। इसे रोकने को लेकर राज्य सरकारें अपने ढंग से कानूनी कसरत में लगी रही हैं। इस मामले में पुलिस धारा 120बी, 420 और 468 के तहत मुकदमा दर्ज करती है, जिसमें क्रमशः गंभीर अपराध, धोखाधड़ी से संपत्ति के वितरण और दस्तावेजों के गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अधिकतम सात वर्ष तक की जेल और जुर्माना संभव है। कई राज्यों ने तो संपत्ति जब्त करने जैसे उपाय भी इस्तेमाल किए हैं। राजस्थान सरकार ने नकल रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया है, जिसमें दस करोड़ का जुर्माना और दस साल की सजा शामिल है। उत्तराखंड सरकार भी पर्चा लीक के खिलाफ सख्त कानून लाने में लगी हुई है।

> चूंकि शिक्षा सही ज्ञान की खोज की जगह बाजार बनती जा रही है, शायद इसीलिए नलक भी कारोबार बन गई है। ज्यादातर प्रतियोगी परीक्षाओं में तमाम सावधानी के बावजूद पर्चे बाहर आ जाते हैं। जल्दी और आसानी से धन इकट्ठा करने की इच्छा और सत्यनिष्ठा का अभाव इसके लिए अधिक जिम्मेदार है। यह प्रवृत्ति केलव प्रतियोगी परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। स्कूल-कालेज और विश्वविद्यालय भी इससे अछूते नहीं हैं। यह चिंता की लकीर को और गहरा कर देता है।

## नागरिक बोध

# पेशावर की घटना पर विदेशमंत्री ने माना ऐसे धमाके पाकिस्तान में ही होते है भारत मे नही

**पाकिस्तान** के पेशावर की मस्जिद में नमाजियों पर हुए बम धमाके से पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आरिफ ने भी दुःख व्यक्त किया। यह हमले पाकिस्तान में ही हो सकते है भारत मे नही होते है। वहा नमाजियों पर कभी हमले होते हुए नही पढ़ा है। यह सर्वविदित है कि मक्का मदीने पर आस्था रखने वाला मुसलमान भारत मे जितना सुरक्षित है उतना पाकिस्तान में नही नही है। भले ही वह इस्लामिक कंट्री है। पाकिस्तान में सिया सुन्नी की जमात पर आए दिन हमले और झगड़े होते है। आतंकियो की हर एक मांग नही मानने पर सरकार का घेराव करते है। कश्मीर की अमन शांति पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकियों द्वारा खत्म की जाती है। पाकिस्तान आतंकवादियों का जनक है और ये आतंकी उनको ही निशाना बना रहे है। सौ नमाजियों की आत्मघाती हमले में मौत के बाद पाकिस्तान की आँख खुल गई है । पाकिस्तान ने आतंकी बीज बोए है। उसको आज अपने ही देश मे भोग रहे है।भारत और इजरायल में पार्थना के दौर में भी कोई नमाजी पर आत्मघाती हमला नही हुआ है। पाकिस्तान इन दिनों आर्थिक संकट और महंगाई की मार झेल रहा है।दिवालिया घोषित की कगार पर है। पाकिस्तान एक आतंकी सगठनों को श्रेय देने वाला देश है। इस पर दुनिया को रहम नही है। मुस्लिम देशो ने पाकिस्तान की मदद के लिए हाथ खींच लिए है।न्यूक्लियर बम और कुरान लेकर निकलने के बयान को पाकिस्तान ने समर्थन नही किया है। लेकिन नटफट लोगो के विवादित बयान के लिए भरत की तरह पाकिस्तान में भी छूट है। पाकिस्तान आतंकियों ने आरिफ से हमले करवाने की गुप्तगु से पाकिस्तान को अब देश मे बढ़ रहे आतंकी हमले से घबरा उठा है। जम्मु कश्मीर के डीजीपी ने माना कि पाकिस्तान कश्मीर में शांति भंग कर सांप्रदायिक हमले करवाना चाहता है। लेकिन पाकिस्तान भी सुरक्षित नही है। आरिफ शिक्षक है और सरकारी नौकरी करता है। आरिफ ने पहले भी पाकिस्तान में हमले कर चुका है। अमन के दुश्मन पाकिस्तान को आतंकवादी देश मे तब्दील करके दिवालिया तक पहुंचा दिया है। लेकिन भारत पड़ोसी देश होते हुए भी कभी शांति से नही रह सका।



# चीन के जासूसी बैलून पर अमेरिका की स्ट्राइक: बाइडेन ने फाइटर पायलट्स को बधाई दी; चीन की चेतावनी- हमारे पास भी एक्शन लेने का अधिकार

**वॉशिंगटन।**
आठ दिन से अमेरिका के ऊपर मंडरा रहे चीन के जासूसी बैलून को एयरफोर्स ने बुधवार को मार गिराया। प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने यह एक्शन लेने का आदेश दिया था, जिसके बाद अमेरिकी फाइटर पायलट्स ने बलून पर स्ट्राइक की। बलून नष्ट हो जाने के बाद बाइडेन ने अपने फाइटर पायलट्स को बधाई दी है। वहीं, अमेरिका की इस कार्रवाई पर चीन ने कड़ा एतराज जताया है। चीन ने कहा कि बलून को तबाह करके अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है। चीन ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा है कि हमारे पास भी कार्रवाई का अधिकार है और हम जरूरी एक्शन ले सकते हैं।

**अमेरिकी एक्शन के बाद 2 सबसे बड़े बयान**
जो बाइडेन- बैलून को तबाह करने में हम सफल रहे हैं, मैं इस मिशन को पूरा करने वाले पायलट्स को बधाई देता हूं। चीन- अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन किया है। हमारे पास भी कार्रवाई का अधिकार है और हम जरूरी एक्शन ले सकते हैं।

**अमेरिका में कब-कब कहां नजर आया बैलून** - बैलून को 28 जनवरी को अमेरिकी एयरपोर्ट जोन में दाखिल होते हुए देखा गया था। इसके बाद वह 3 फरवरी को मोटांना क्षेत्र में उड़ता दिखा। यह अमेरिका का एक न्यूक्लियर मिसाइल क्षेत्र है। सेना को शक था कि बैलून जासूसी कर रहा है। यहां की जानकारियां चीन तक पहुंचा रहा है। इसी वजह से उस पर नजर रखी जा रही थी।

**बैलून एपिसोड का असर क्या हुआ** - अमेरिका के आसमान में चीन का जासूसी बैलून आने से दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक क्राइसिस, यानी कूटनीतिक संकट पैदा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक- अमेरिका के फॉरेन मिनिस्टर एंटनी ब्लिंकन ने चीन के दौरे को रद्द कर दिया। वो रविवार से दो दिन के चीन के दौरे पर जाने वाले थे।

**चीन ने अमेरिका को क्या जवाब दिया** - चीन ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा था कि जिसे अमेरिका खुफिया जानकारी इकट्ठा करने वाला जासूसी बैलून कह रहा है वो केवल एक सिविलियन एयरशिप है, जो अपने तय रूट से भटक गया। इसका इस्तेमाल केवल मौसम की जानकारी के लिए होता है। इसके बाद शनिवार को चीन के विदेश मंत्रालय ने एक और बयान जारी किया था। चीन ने कहा था उन्होंने कभी किसी देश की सीमा या एयरस्पेस का उल्लंघन नहीं किया है। अमेरिका के कुछ नेता और मीडिया इस घटना की आड़ में चीन की छवि बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले को शांति से सुलझाया जाना चाहिए।

**बाइडेन के आदेश पर बैलून को नष्ट किया गया** - शनिवार दोपहर को राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि मैंने आदेश दिए हैं कि उस बैलून को तबाह कर दिया जाए। इसके बाद उस बैलून के ऐसे इलाके में आने का इंतजार किया गया जिससे उसे गिराए जाने पर लोगों को कोई खतरा न हो। फिर 2 बजकर 39 मिनट पर पेंटागन के अधिकारियों ने बताया कि कैरोलिना कोस्ट से 6 मील की दूरी पर सभी तरह के एयर ट्रैफिक को बंद कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सेना व न्यायपालिका के खिलाफ बयानबाजी पर पाकिस्तान में होगी पांच साल की सजा, नया विधेयक तैयार



**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान में सेना व न्यायपालिका के खिलाफ विपक्ष के हमलों के बीच शहबाज शरीफ सरकार ने नया विधेयक तैयार किया है। इसके अनुसार, सेना व न्यायपालिका के खिलाफ गलत बयानबाजी करने पर पांच साल तक की सजा का प्रावधान है। यह विधेयक पाकिस्तान दंड संहिता (पीपीसी) और दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) में संशोधन की अनुमति देता है। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, इस विधेयक को जल्द ही कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। नया आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2023, पीपीसी 1860 में धारा 500 के बाद एक नई धारा 500 का सुझाव देता है। नए विधेयक में कहा गया है कि जो कोई भी न्यायपालिका, सशस्त्र बलों या उनके किसी भी सदस्य का उपहास या अपमान करता है तो वह दंडनीय कारावास का दोषी होगा। व्यक्ति को पांच साल तक के लिए या अधिकतम 10 लाख तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। इसी तरह पीपीसी की अनुसूची में, धारा 500 में 500 नामक एक नया खंड जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि अपराधी को बिना वारंट के गिरफ्तार किया जाएगा और अपराध गैर-जमानती और गैर-शमनीय होगा जिसे केवल सत्र न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है। कैबिनेट सारांश में कहा गया है कि हाल के दिनों में देश में न्यायपालिका और सशस्त्र बलों पर हमले बढ़ गए हैं। महत्वपूर्ण राज्य संस्थानों और उनके अधिकारियों के खिलाफ नफरत फैलाने के उद्देश्य जानबूझ कर साइबर अभियान शुरू किया जा रहा है।

### रूस तैनात कर रहा ज्यादा से ज्यादा सैनिक, जेलेंस्की ने माना- अब लड़ना हो रहा मुश्किल



**कीव** । रूस और यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग को करीब एक साल हो रहे हैं। दोनों ओर से हजारों की संख्या में मौते हुई हैं। यूक्रेन के शहर के शहर उजड़ गए हैं, लेकिन जंग अभी भी जारी है। इस बीच रूस ने यूक्रेन के शहरों पर कब्जा करने के लिए पूर्व की दिशा में सैनिकों की तैनाती बढ़ा दी है। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी माना है कि देश के पूर्व में अग्रिम मोर्चे पर स्थिति कठिन होती जा रही है। इस क्षेत्र में जीत हासिल करने क लिए रूसी सेना यूक्रेन के बखमत शहर पर कब्जे की कोशिश कर रही है, जिससे यूक्रेन के महत्वपूर्ण आपूर्ति मार्ग को नियंत्रण में लेकर उसकी कमर तोड़ी जा सके। शनिवार को वीडियो संदेश में जेलेंस्की ने कहा, मुझे कहना पड़ रहा है कि स्थिति कठिन है और यह और भी कठिन होती जा रही है। यह फिर से वही समय आ रहा है। आक्रमणकारी हमारे रक्षातंत्र को तोड़ने के लिए अधिक से अधिक सैनिक तैनात कर रहा है। उन्होंने कहा, बखमत, वुहलदार और लेमान व अन्य दिशाओं में स्थिति कठिन है। बता दें, रूसी सेना बखमत से लगभग 120 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोयला खनन वाले शहर वुहलदार पर भी कब्जा करने की कोशिश कर रही है। इससे एक दिन पहले शुक्रवार को जेलेंस्की ने कहा था कि उनकी सेना जब तक लड़ सकती है, तब तब तक बखमत के लिए लड़ेगी। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि बखमत की स्थिति गंभीर होती जा रही है।

### एनएसए डोभाल- बैरो की मीटिंग में अचानक पहुंचे पीएम सुनकः स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को बढ़ाने में सहयोग का भरोसा दिलाया, भारतीय हाईकमिशन ने जानकारी दी



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके ब्रिटिश समकक्ष टिम बैरो के बीच लंदन में हुई बैठक में शामिल हुए। भारतीय हाईकमिशन ने डोभाल की सुनक से मुलाकात की जानकारी दी। एनएसए डोभाल का लंदन दौरा मंगलवार को वॉशिंगटन में अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन से मुलाकात के ठीक बाद हुआ। हाईकमिशन ने ट्वीट किया- एनएसए सर टिम बैरो और एम. डोभाल की मुलाकात में पीएम ऋषि सुनक भी कुछ देर के लिए शामिल हुए। ट्रेड, डिफेंस, एस एंड टी में स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को बढ़ाने में ब्रिटिश सरकार के समर्थन से जुड़ा पीएम का आश्वासन हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें सर टिम के भारत दौरे का इंतजार रहेगा। हफ्ते की शुरुआत में एनएसए डोभाल ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से भी मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने कई वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की थी। साथ ही उन्होंने बाइलेटरल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को और गहरा करने पर भी जोर दिया।

## पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ का निधन

# दुबई के अस्पताल में लंबे समय से इलाज चल रहा था, 79 की उम्र में आखिरी सांस ली

**दुबई।**
पाकिस्तान के तानाशाह और पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का रविवार को निधन हो गया। वे 79 साल के थे। मुशर्रफ लंबे वक्त से बीमार थे। दुबई के अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मुशर्रफ 20 जून 2001 से 18 अगस्त 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति रहे। मई 2016 में पाकिस्तान की एक अदालत ने उन पर देशद्रोह के आरोप लगाए थे। इसके बाद वो देश छोड़कर दुबई चले गए तो उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया।

**कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था** - मुशर्रफ कई महीने से अस्पताल में भर्ती थे। जून 2022 में उनके परिवार ने सोशल मीडिया पर कहा था कि वे अमाइलॉइडोसिस नाम की बीमारी से जूझ रहे हैं। इसकी वजह से उनके सभी अंगों ने काम करना बंद कर दिया। अमाइलॉइडोसिस में इंसान के शरीर में अमाइलॉइड नाम का असामान्य प्रोटीन बनने लगता है। यह दिल, किडनी, लिवर, नर्वस सिस्टम, दिमाग आदि अंगों में जमा होने लगता है, जिस वजह से इन अंगों के टिशूज ठीक से काम नहीं कर पाते।

**मुशर्रफ 1965 में भारत से लड़े थे युद्ध, कारगिल की साजिश रची** - कॉलेज की पढ़ाई खत्म करने के बाद 21 साल की उम्र परवेज मुशर्रफ ने बतौर जूनियर अफसर पाकिस्तानी आर्मी जॉइन कर ली। न्होंने 1965 में भारत के खिलाफ जंग लड़ी। खास बात ये है पाकिस्तान ये जंग हारा। इसके बावजूद पाकिस्तान सरकार ने मुशर्रफ को मेडल दिया। 1971 के युद्ध में भी मुशर्रफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसे देखते हुए सरकार ने उन्हें कई बार प्रमोट किया। 1998 में परवेज मुशर्रफ जनरल बने। उन्होंने भारत के खिलाफ कारगिल की साजिश रची। जंग भी हारे और दुनिया में पाकिस्तान को बदनाम भी करा दिया। अपनी जीवनी इन द लाइन ऑफ फायर-अ मेमॉयर में जनरल मुशर्रफ ने लिखा कि उन्होंने कारगिल पर कब्जा करने की कसम खाई थी। लेकिन नवाज शरीफ की वजह से वो ऐसा नहीं कर पाए। मुशर्रफ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से मिलना चाहते थे लेकिन तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार टालमटोल कर रही थी। लेकिन मुशर्रफ ने वाजपेयी से मिलने की ठान ली थी। यह मुलाकात 18 अप्रैल 2005 को हुई। मुशर्रफ ने पाकिस्तान वापसी के लिए पालम हवाई अड्डे जाते समय अपना काफिला 6 कृष्ण मेनन मार्ग पर रुकवा दिया था। वे अटल बिहारी वाजपेयी से मिले और कहा, सर, अगर आप प्रधानमंत्री होते तो आज दोनों देशों के बीच के रिश्ते कुछ और होते। 1998 में तत्कालीन पाक पीएम नवाज शरीफ ने परवेज मुशर्रफ पर भरोसा करके उन्हें पाकिस्तानी सेना का प्रमुख बनाया। लेकिन एक साल बाद ही 1999 में जनरल मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर दिया और तानाशाह बन गए। सत्ता संभालते ही नवाज शरीफ को परिवार समेत पाकिस्तान छोड़ना पड़ा था। सत्ता में रहते हुए जनरल मुशर्रफ ने बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वालों के साथ काफी बुरा सुलूक किया। सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी गई। यही कारण है कि सत्ता जाने के बाद में बलूच महिलाओं ने अमेरिका से जनरल मुशर्रफ को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने की मांग की थी। 3 नवंबर 2007 की इमरजेंसी और फिर मार्शल लॉ की घोषणा के मामले में 2013 में मुशर्रफ पर देशद्रोह का केस चला, इसके बाद नवाज शरीफ की सरकार ने अप्रैल 2013 में उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्राओं पर बैन लगा दिया था।



### इस्राइली सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी, नए कानून के विरोध में तेल अवील की सड़कों पर उतरे लोग

**तेल अवीव** । इस्राइल में सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों को नियंत्रित करने वाले कानून के खिलाफ लोगों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। यहां बीते पांच सप्ताह से इस कानून के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। शनिवार को भी इस्राइल के तेल अवीव की सड़कों पर हजारों प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए और बेंजामिन नेतन्याहू सरकार के विवादास्पद कानूनी सुधारों के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस्राइली झंडे लहराती हुई भीड़ ने शहर की केंद्रीय काल्पन स्ट्रीट को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल की नई सरकार को विश्व शांति के लिए खतरा करार दिया। बता दें, नए कानून के तहत इस्राइली सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने का अधिकार मिल जाएगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इस्राइल के यरुशलम, हाइफा, बेर्शेबा और हर्जलिया व तेल अवीव समेत देश के कई शहरों में हजारों लोगों प्रदर्शन किया। हाइफा में हुए विरोध प्रदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री यायर लापिड भी शामिल रहे। उन्होंने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि हम अपने देश को बचाएंगे क्योंकि हम एक अलोकतांत्रिक देश में नहीं रहना चाहते हैं। नेतन्याहू सरकार द्वारा प्रस्तावित नए कानून के तहत 120 सीटों वाली इस्राइली संसद में 61 सांसदों के साधारण बहुमत से सुप्रीम कोर्ट के फैसले को रद्द किया जा सकेगा। प्रस्तावित सुधार उस प्रणाली को भी बदल देगा जिसके माध्यम से न्यायाधीशों की नियुक्ति की जाती है। इससे न्यायपालिका में राजनेताओं को अधिक नियंत्रण मिलेगा।

# एक दिन में देगी 150 लीटर दूध...चीन के वैज्ञानिक क्लोनिंग के जरिए बना रहे सुपर गाय



**बीजिंग**
चीन के वैज्ञानिक अपने शोध के चलते हमेशा विवादों में रहते हैं। इस बार चीनी वैज्ञानिकों ने जो किया है वह और भी चौंकाने वाला मामला है। दरअसल, चीनी वैज्ञानिकों ने तीन सुपर गाय बछड़ों का सफलतापूर्वक क्लोन किया है, जो एक बार पूरी तरह से विकसित हो जाने पर, औसत अमेरिकी गाय की तुलना में 50प्रतिशत अधिक दूध का उत्पादन करने में सक्षम हैं।

बछड़ों का जन्म लिंग्वू शहर में पिछले महीने स्वस्थ हुआ था। बताया कि पैदा हुए पहले बछड़े का वजन 120 पाउंड था और यह 2 6 फीट लंबा था। वैज्ञानिकों ने राज्य के स्वामित्व वाले मीडिया आउटलेट को बताया कि बछड़ों का आकार और त्वचा का पैटर्न गायों के समान है।

### गाय अपने जीवनकाल में एक लाख लीटर दूध देगी

चीनी वैज्ञानिकों ने कहा कि बछड़े अंततः प्रति वर्ष 18 टन दूध या अपने जीवनकाल में 1 लाख लीटर दूध का उत्पादन करेंगे। अमेरिकी कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार, तुलनात्मक रूप से, औसत अमेरिकी गाय एक वर्ष में लगभग 12 टन दूध का उत्पादन करती है। यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने कहा है कि क्लोन गाय का मांस और दूध पारंपरिक रूप से पैदा हुए जानवरों के भोजन के रूप में खाने के लिए सुरक्षित है।

### होल्स्टीन फ्राइजियन गाय

तथाकथित सुपर गायों को हॉल्स्टीन फ्राइजियन गायों का उपयोग करके बनाया गया था, जो मवेशियों की एक डच नस्ल है जो दूध की औसत मात्रा से अधिक उत्पादन करने के लिए जानी जाती है। चीनी वैज्ञानिकों ने पिछले साल दुनिया के पहले आर्कटिक भेड़िये की क्लोनिंग के लिए सुर्खियां बटोरीं, लेकिन सुपर गाय प्रयोग को शोधकर्ताओं द्वारा एक और महत्वपूर्ण सफलता के रूप में सराहा गया, जिन्होंने यह भी नोट किया कि चीन गायों के आयात पर कितना निर्भर करता है।

दूध और पनीर की बढ़ती मांग का सामना करते हुए, चीन अपनी डेयरी गायों का लगभग 70प्रतिशत अन्य देशों से आयात करता है। बताया कि राष्ट्र की सीमाओं के भीतर लगभग 6.6 मिलियन होल्स्टीन फ्रेशियन गाय हैं, लेकिन प्रत्येक 10,000 में से केवल पांच वास्तव में दूध की उच्च मात्रा का उत्पादन करने में सक्षम हैं।

# चिंता का मकड़जाल है रूमीनेटिंगः जो समस्या न सुलझे उस बारे में न सोचें, दिमाग की सेहत पर पड़ता है असर; गाने सुनकर टालें

**वॉशिंगटन।**
कई लोग ऐसे भी होते हैं जो आपसी कहासुनी की बातें दिल पर ले लेते हैं। वे तब उसका जवाब देना चाहते थे, लेकिन नहीं दे नहीं पाए। फिर शाम को घर पर घंटों उन बातों के बारे में सोचते रहते हैं, जो आप कहना चाहते थे, पर कह नहीं पाए। या फिर आप कहां गलत थे। लाख कोशिश के बाद भी इन विचारों को न रोक पाने को चिंता का मकड़जाल यानी रूमीनेटिंग कहते हैं। आपकी चिंता का मकड़जाल जब रोजमर्रा की जिम्मेदारियों को प्रभावित करने लगे, तो समझ लें कि आप इसका शिकार हो चुके हैं। एक स्टडी के अनुसार, अमेरिका के डॉ. ट्रेसी मार्क्स मानते हैं कि यह कोई खराब मानसिक स्थिति नहीं, बल्कि उससे भी बड़ी समस्या है।

### आम विचारों से अलग है रूमीनेटिंग

अगर दिमाग का ब्रेक कंट्रोल से बाहर हो गया है तो यह रेड अलर्ट है। इसका पैटर्न आम विचारों को इससे अलग करता है। कुछ बातों का ध्यान रखकर इसे ठीक किया जा सकता है। चिंतन का एक और लक्षण है। आप उन समस्याओं के बारे में सोचते हैं जिन्हें सुलझाया नहीं जा सकता। मसलन कोई अतीत की बात। जिसे आप चाह कर भी नहीं बदल सकते।

### ध्यान भटकाकर रूमीनेटिंग से बच सकते हैं




आप इस मकड़जाल में फंसते चले जाते हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि कुछ चीजें अपना कर आप खुद इससे बाहर निकल सकते हैं। इसे तोड़ने के लिए सबसे पहले ध्यान कहीं और लगाने की कोशिश करें। गाने सुनने के दौरान उनके बोल या धुन पर गौर करें। इससे विचारों का प्रवाह कुछ वक्त के लिए टूटेगा।

### स्ट्रेसफुल चिंतन सेहत के लिए खराब

चिंतन तब तक खराब नहीं होता जब तक वो स्ट्रेसफुल न हो। हालात खराब होने पर यह अन्य तरह की मानसिक बीमारियां पैदा कर सकती हैं। इसलिए अगर ओवरथिंकिंग काबू न हो तो थैरेपी जरुर लें। अतीत को भुलाकर जहां हैं उस पल के बारे में सोचें।

# अमेरिका में आर्कटिक ब्लास्ट, -79 डिग्री पहुंचा तापमानः ठंड के चलते स्कूलों में छुट्टी, मेन राज्य में 42 साल बाद इतनी सर्दी

**मैसाचुसेट्स।**
अमेरिका में शुक्रवार को ठंड के चलते आर्कटिक ब्लास्ट हो गया, जिससे क्षेत्र में तापमान में भारी गिरावट रिकॉर्ड की गई। न्यू हैम्पशायर के माउंट वॉशिंगटन में टेम्परेचर -79 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। घटते तापमान को देखते हुए न्यूयॉर्क सहित न्यू इंग्लैंड के मैसाचुसेट्स, कनेक्टिकट, रोड आईलैंड, न्यू हैम्पशायर, वर्मोंट और मेन में करीब 16 मिलियन लोगों के लिए चेतावनी जारी की गई है। फिलहाल वर्मोंट में तापमान -26 डिग्री सेल्सियस है। वहीं, मेन राज्य में 1981 के बाद पहली बार इतनी ठंड पड़ रही है। यहां पारा -24 डिग्री पहुंच गया है। राज्य में लोगों के लिए 150 शेल्टर खोले गए हैं। पूरे क्षेत्र में ठंड के चलते सभी ईवेंट्स कैंसिल कर दिए गए हैं।

### क्या है आर्कटिक ब्लास्ट



नॉर्थ पोल के आसपास का इलाका आर्कटिक के नाम से जाना जाता है। आर्कटिक ब्लास्ट में इसी हिस्से से ठंडी हवा का एक बड़ा सा गोला कनाडा से होते हुए अमेरिका पहुंचता है और अमेरिका के ज्यादातर हिस्सों में अचानक से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाती है। इस स्थिति में कुछ ही घंटों में तापमान 11 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा गिर सकता है। मैदानी इलाकों में टेम्परेचर -57 डिग्री सेल्सियस तक कम हो सकता है। ठंड को देखते हुए बोस्टन, वॉर्सेस्टर और मैसाचुसेट्स में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई, जिससे बस का इंतजार करने वाले या पैदल जाने वाले बच्चों को हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट न हो। बोस्टन के मेयर ने शहर में इमरजेंसी घोषित करते हुए वॉर्म सेंटर्स खोले हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने इस ठंड को 'वन्स इन अ जनरेशन' बताया है। माउंट वॉशिंगटन स्टेट पार्क में पूर्वोत्तर की सबसे ऊंची चोटी पर तामपान -46 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं बोस्टन में -13 डिग्री तो वॉर्सेस्टर-मैसाचुसेट्स में पारा -16 डिग्री रहा। ये ठंड आने वाले समय और बढ़ सकती है। शुक्रवार को कनाडा से बहने वाली आर्किटक हवाओं के चलते तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। काबेतोगामा, मिनेसोटा, ओंटारियो के पास दोपहर करीब 1 बजे अमेरिका में दिन की सबसे ज्यादा ठंड दर्ज की गई। यहां तापमान -39 डिग्री रहा। कनाडा के वेदर स्टेशन यूरेका में शुक्रवार सुबह तापमान -41 डिग्री सेल्सियस रहा। पूर्वोत्तर में घटते तापमान के साथ साउथ के कुछ हिस्सों और टेक्सास में बर्फीली ठंड के बाद तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। यहां ठंड की वजह से कई हिस्सों में बारिश और बर्फबारी के साथ बिजली सप्लाई को भी नुकसान पहुंचा था लेकिन अब मौसम ठीक हो रहा है। शुक्रवार को ऑस्टिन, टेक्सास में तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रहा।

## पाकिस्तान में पेट भरने के लिए भारत का गेहूं जरूरी

# शाहबाज सरकार से पाक कारोबारी की मांग, बोले- भारत से दोस्ती का हाथ बढ़ाएं

**इस्लामाबाद** ।
पाकिस्तान में हालात बदतर हैं। महंगाई दर रिकॉर्ड 29प्रतिशत पर है। आटा जैसी जरूरी चीजों का संकट है। इस बीच, पाकिस्तानी कारोबारियों, उद्योगपतियों और चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने शहबाज सरकार से आग्रह किया है कि वो भारत के साथ कारोबार बहाल करे। यही वक्त का तकाजा भी है। सदस्यों का कहना है कि देश में दूरदराज के क्षेत्रों में गरीबों का पेट भरना है, तो भारत से गेहूं मंगाना चाहिए। पाकिस्तान के राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर इस समय भारत से रिश्ते अच्छे नहीं है, पर भारत के गेहूं से संकट से उबरने में मदद मिलेगी। इस्लामाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यवाहक अध्यक्ष फहद हुसैन ने कहा कि पाकिस्तान को गेहूं उत्पादन विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित हुआ है। ऐसे में भारत सहित पड़ोसी देशों से गेहूं आयात करके इस संकट से निपट सकते हैं। फहाद ने कहा कि देश में आम आदमी की कमाई इतनी नहीं है कि वह आटा जैसी बुनियादी चीज भी खरीद सके।

फहाद ने कहा हमने इस्लामाबाद के स्तर पर तो संकट दूर कर लिया है, लेकिन सिंध, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान जैसे दूर-दराज के प्रांतों में आटे का संकट कायम है। बुरे वक्त में पड़ोस से मदद लेने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रूस या अन्य देशों की बजाय भारत से गेहूं मंगवाना बेहतर विकल्प होगा, क्योंकि भारतीय गेहूं का स्वाद पाकिस्तान जैसा ही है। सीमाएं जुड़ी होने से बहुत कम खर्च में आयात हो सकेगा। सरकार भारत से कारोबारी नीति की समीक्षा तुरंत करे।



पाकिस्तान इतिहास के सबसे बड़े खाद्य संकट का सामना कर रहा है। पंजाब, खैबर पख्तूनख्वा, सिंध और बलूचिस्तान प्रांतों में 10 किलो आटा 3,000 पाकिस्तानी रुपए में बिक रहा है। आटे की कमी के चलते हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुए हैं।

### सरकार से सरकार के बीच हो गेहूं का सौदा

कृषि विशेषज्ञ अमजिद हुसैन का कहना है कि भारत से अनाज निर्यात करने में कोई नुकसान नहीं होगा। भारत सरकार ने केवल निजी निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है, लेकिन सरकार से सरकार का सौदा जारी है। बांग्लादेश, श्रीलंका और मालदीव को भारत से गेहूं मिल ही रहा है।

हुसैन का कहना है कि गेहूं नियमम भी होना चाहिए। निजी क्षेत्र से 37 लाख टन और सार्वजनिक क्षेत्र से सरकार 98 लाख टन तक गेहूं खरीदे। आज के हालात में 25 लाख टन गेहूं मंगाना होगा। ऐसे में भारत सबसे बेहतर रहेगा। ऐसा नहीं होता तो देश में संकट विकराल होगा।

### इमरान खान के दौर में जमाखोरी से बढ़ी कीमतें

गेहूं का संकट इमरान खान की पीटीआई सरकार के कार्यकाल के दौरान शुरू हो गया था, जब बिचौलियों और जमाखोरों ने कीमतों को बढ़ाने के लिए इसे स्टॉक कर लिया था। अफगानिस्तान में बड़े पैमाने पर तस्करी से गेहूं बाजार से गायब हो गया था।

# खनन सुरक्षा मानकों की पालना के प्रति सरकार गंभीर, वेट ड्रिलिंग एवं उन्नत तकनीक से खनन पर जोर : नायक



**जोधपुर, (हि.स.)।** निदेशक माइंस संदेश नायक ने सिलिकोसिस की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए वेट ड्रिलिंग एवं उन्नत तकनीक से खनन करने की आवश्यकता प्रतिपादित की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की भावना व निर्देशों के अनुसार समूचे प्रदेश में 23 जनवरी से एक माह का खान सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को निदेशक माइंस नायक ने जोधपुर में अधिकारियों व खनन संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक ली और खनन क्षेत्रों का दौरा भी किया। नायक ने खनन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रतिनिधियों के साथ बैठक में खानधारियों को सुरक्षित खनन करने पर जोर दिया और कहा कि मुख्यमंत्री सिलिकोसिस और सुरक्षित खनन को लेकर अतिगंभीर है। उन्होंने कहा कि राज्य के एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल स्वयं खान सुरक्षा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीक से खनन किया जा रहा है तो इससे एक ओर जहां वेस्टेज नहीं होगी वहीं डस्ट आदि ना होने से कार्मिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने सिलिकोसिस की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिए वेट ड्रिलिंग एवं उन्नत तकनीक से खनन करने को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन खानधारियों द्वारा वेट ड्रिलिंग एवं सुरक्षित खनन नहीं किया जाएगा, उनके विरुद्ध विभाग द्वारा निरीक्षण कर कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खानधारियों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा वर्तमान में अधिकांश खनन वायरशा मशीन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें वेट कटिंग होती है।

इसके अतिरिक्त कार्विंग वर्क सीएनसी मशीन की सहायता से किया जा रहा है जिससे डस्ट का उत्पादन नहीं होता है। उन्होंने क्वारी लाइसेंस के अवधि वृद्धि के लिए निर्धारित प्रीमियम राशि को कम करने की मांग की। जोधपुर वृत के अधीक्षण खनिज अभियंता धर्मेन्द्र लोहार ने जोधपुर वृत में खान सुरक्षा सप्ताह की प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा फील्ड का दौरा किया जा रहा है और खान सुरक्षा मानकों की पालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। एमएलपीसी के प्रतिनिधि राणा सेनगुप्ता ने खानों में वेट ड्रिलिंग के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग कर इस समस्या का निदान करने का सुझाव दिया। बैठक में खानधारियों के विभिन्न पत्थर उद्योग संघ के प्रतिनिधि, प्रोसेसिंग यूनिट के प्रतिनिधि, एमएलपीसी के प्रतिनिधि राणा सेनगुप्ता एवं खनिज विभाग के अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय जेके गुरुबक्षानी, जोधपुर वृत्त के अधीक्षण खनि अभियंता धर्मेंद्र लोहार, खनि अभियंता श्याम कापडी, सहायक खनि अभियंता सोहन लाल सुथार उपस्थित रहे। खान विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में निदेशक संदेश नायक ने जोधपुर में सैंड स्टोन क्वारी लाइसेंस क्षेत्र एवं सैंड स्टोन की प्रोसेसिंग यूनिट का निरीक्षण कर सैंड स्टोन के खनन एवं प्रोसेसिंग का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने खनिज विभाग द्वारा वर्तमान में बेरीगंगा वन खंड के डायवर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा खनिज विभाग के अधिकारियों को संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर डायवर्जन की प्रक्रिया शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# लो जी हो गई मरूधरा नीट एंड क्लीन, डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों के कायल हुए जयपुरराइट्स



**जयपुर, (हि.स.)।** डेरा सच्चा सौदा राजस्थान के श्रद्धालुओं ने शनिवार को पिंकसिटी जयपुर सहित पूरे प्रदेश के हर गांव-शहर व संभाग को स्वच्छता की अनुपम सौगात देकर कीर्तिमान रच दिया। अवसर था मरु प्रदेश के डेरा अनुयायियों की ओर से करीब पांच साल बाद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का एमएसजी महारहमोकर्म माह का शुभ भंडारा पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह के साथ सेलिब्रेट करने का। इस खुशी में पूरे प्रदेश में एक साथ चले इस सफाई महाभियान की शुरूआत पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां ने यूपी के शाह सतनाम आश्रम बरनावा से वर्चुअली स्वयं झाड़ू लगाकर की और सफाई महाअभियान से संबंधित स्लोगन लिखे गुब्बारे आसमान में छोड़कर किया। जयपुर में विधानसभा के नजदीक स्थित स्टेच्यू सर्किल से बॉलीवुड एक्टर व कोरियोग्राफर विकास सक्सेना, पार्षद उत्तम शर्मा व विद्याधर स्टेडियम समीप सेंट्रल स्पाइन चौराहा से नगर निगम हैरिटेज की मेयर सौम्या गुर्जर, कमिश्नर महेंद्रपाल सोनी, रिटायर्ड जज राम सिंह भंडारी द्वारा झाड़ू लगाकर की गई। इसके पश्चात गुलाबी नगरी के 18 अलग-अलग जोनों में बंटी साध-संगत सफाई कार्य में जुट गई। सफाई अभियान को लेकर प्रदेश के डेरा श्रद्धालुओं में भारी जोश देखने को मिला और सेवादारों ने देखते ही देखते गांव व शहरों में सफाई करके कूड़े-करकट की ढेरियां बना दी और बाद में स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर उन्हीं कूड़ा-करकट की ढेरियों को ट्रेक्टर-ट्रालियों में डालकर डंपिंग प्वाइंटों तक पहुंचाया गया। इसके अलावा बड़े बड़े गटर, नालियों, सीवरेज में उतरकर व सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों की सफाई कर उन्हें नीट एंड क्लीन किया। सेवादारों को सफाई करते देख हर शहरवासी दंग रह गए और सेवादारों की सेवा भावना के कायल हो गए। शहरवासियों ने साध संगत की सफाई के प्रति जोश, जज्बे को देखकर कहीं उन्हें इंसानियत का मसीहा तो कहीं भगवान का दूत बताकर उनकी प्रशंसा की। सेवादारों ने सफाई के साथ-साथ लोगों को भविष्य में अपने आस-पास व अपने गांव-शहर व संभाग को साफ सुथरा रखने के लिए जागरूक करते हुए शपथ पत्र भी भरवाए। सफाई के पश्चात सार्वजनिक स्थानों की मूर्त ही बदली नजर आई। सफाई करने के लिए जयपुर सहित अन्य शहरों में पहुंची साध-संगत को लग्जरी बसों, महंगी गाड़ियों में उतरता देख हर शहरवासी हैरान था। क्योंकि इन वाहनों से उतरने वाले हर शख्स के पास अपनी एक झाड़ू जरूर थी। उनकी हैरानी उस समय और बढ़ गई, जब उन्हें पता चला कि शहर की सफाई करने वाले सेवादारों में बहुत से डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर शामिल हैं। अपने गुरु पापा को तोहफा देने के लिए छोटे-छोटे बच्चे, बुजुर्ग महिला व पुरुष पूरी तन्मयता के साथ सफाई कार्य में जुटे हुए थे। साध-संगत सफाई के औजार जैसे झाड़ू, कस्सी, तसला, पल्ली, आरी, कुल्हाड़ी आदि अपने साथ लेकर आई। इतना ही नहीं साध-संगत अपने लिए लंगर-भोजन भी साथ लेकर पहुंची। परम पिता शाह सतनाम महाराज के एमएसजी महा-रहमोकर्म माह के उपलक्ष में 5 फरवरी को गुलाबीनगरी में एक साथ सात जगहों पर पावन भंडारा मनाया जाएगा। रूह-ए-सुख आश्रम, दौलतपुरा, जयपुर, राजधानी के विद्याधर नगर स्टेडियम, शिप्रा पथ, मानसरोवर, सांगानेर, दशहरा ग्राउंड, राजापार्क सहित कुल सात स्थानों पर सत्संग होंगे। इनमें गुरु वर्चुअली रूहानी सत्संग फरमाएंगे। इस दौरान राजस्थान प्रदेश की ग्राम पंचायतों और शहरों को गुरु द्वारा चलाई जा रही डेप्थ मुहिम के तहत नशा मुक्त करने के उद्देश्य से संकल्प दिलाया जाएगा। मेयर सौम्या गुर्जर ने कहा कि सफाई के इस महायज्ञ में जिस तरह से सभी डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने आहुति डाली है, उसके लिए धन्यवाद करती हूँ। इस अभियान में जयपुर शहर, गुलाबी नगरी को स्वच्छता की सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में आपका ये प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। जन सहभागिता के माध्यम से आपके सेवादार आमजन को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# राज्यपाल ने स्वच्छ जयपुर, स्वस्थ जयपुर का किया आह्वान




**जयपुर, (हि.स.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने रविवार को रामनिवास बाग से जयपुर मैराथन के 14वें संस्करण का झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। उन्होंने इस अवसर पर 'स्वच्छ जयपुर, स्वस्थ जयपुर' का नारा देते हुए कहा कि 'फिट इंडिया' अभियान को ऐसे मैराथन आयोजन ही आगे बढ़ाने वाले हैं। ऐसे आयोजनों से ही स्वस्थ तन और स्वस्थ मन के लिए हम अग्रसर हो सकते हैं। राज्यपाल मिश्र ने मैराथन में भाग लेने वाले देश-विदेश के धावकों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं भी दीं। संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित इस मैराथन में राज्यपाल के अलावा सांसद रामचरण बोहरा, बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद और रणविजय, मैराथन के आयोजक संस्कृति युवा संस्थान के पंडित सुरेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य जन भी सम्मिलित हुए। मैराथन के लिए रविवार प्रातः से ही लोगों में विशेष जोश और उत्साह दिखाई दे रहा था। बहुत से लोगों ने मैराथन में पगड़ी पहनकर भी दौड़ लगाई। युवाओं के साथ बड़ी संख्या में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने भी इसमें भाग लिया।

# राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी आर.के.शर्मा ने कार्यभार संभाला

**जयपुर, (हि.स.)।** ऊर्जा विभाग राजस्थान द्वारा आर.के.शर्मा को राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक पद पर नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उनका कार्यकाल एक वर्ष रहेगा। शर्मा ने शनिवार को विद्युत भवन, जयपुर में सीएमडी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इंजीनियर आर.के.शर्मा नवम्बर 2020 से जनवरी 2021 तक उत्पादन निगम के निदेशक (परियोजना) पद पर रहे। उसके बाद से विद्युत निगम में अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक का दायित्व बखूबी संभाल रहे हैं। उनको ऊर्जा एवं विद्युत उत्पादन क्षेत्र में 39 वर्ष से अधिक सुदीर्घ कार्य करने का अनुभव है। वे कोटा सुपर थर्मल, सूरतगढ़ सुपर थर्मल, छबड़ा सुपर थर्मल एवं कालीसिंध सुपर थर्मल जैसे प्रमुख बिजलीघरों में 30 वर्ष से अधिक समय तक ऑपरेशन, मेंटीनेन्स, सी.एंड आई. एवं कॉमर्शियल विभागों में विशिष्ट कार्य करते हुए उच्च तकनीकी पदों पर सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। शर्मा ने उत्तर क्षेत्रीय पावर समिति की सुरक्षा प्रणाली उपसमिति में बतौर सदस्य तीन वर्ष तक उत्पादन निगम का प्रतिनिधित्व किया है। वे प्रमुख विद्युत उपकरणों यथा जनरेटर, ट्रांसफार्मर की खराबियों की जांच के लिए गठित क्षेत्रीय समितियों के विशेषज्ञ सदस्य भी रहे है। उनका मुख्य फोकस उत्पादन निगम के सभी विद्युतगृहों के सुचारू संचालन, राज्य सरकार की बजट घोशणाओं की क्रियान्विति में नई परियोजनाओं के कार्य को गति देना एवं कर्मचारियों की कार्यदक्षता बढ़ाने पर रहेगा। सीएमडी आरके शर्मा ने अपनी प्रबंधकीय व उच्च तकनीकी कार्यकौशल से देशभर में व्याप्त कोयला संकट के दौरान छत्तीसगढ का दौरा कर कोयला संकट से जूझ रहे राजस्थान के सभी तापीय विद्युतगृहों को कोयला उपलब्ध करवाया तथा प्रदेश के बिजलीघरों में निरंतर विद्युत उत्पादन बाधित नहीं होने दिया। उन्होंने सूरतगढ सुपर थर्मल की लंबे समय तक बंद इकाइयों को फिर से चालू करवाया। साथ ही, जवाहर सागर पन बिजलीघर की बंद इकाइयों को भी पुनः चालू कर निगम को आर्थिक लाभ पहुंचाया। वे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट में घोषित छबडा व झालावाड में नई सुपर क्रिटिकल इकाइयों को निर्धारित समय में स्थापित करने पर जोर दे रहे हैं। उच्च तकनीकी क्षेत्र में लम्बा अनुभव होने से उन्होंने विद्युत उत्पादन निगम को अग्रणी बनाने के लिये कई दूरगामी कदम उठाये, जिससे राजस्थान में बिजली संकट की स्थिति पैदा नहीं हुई।

# पंजाब में जेल से चलाया जा रहा नशे का नेटवर्क, पुलिस ने चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया

**समराला (ईएमएस)।** पंजाब की जेलों से चल रहे नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेल से नशे का कारोबार चलाने वाले एक बड़े नशा तस्कर को नामजद किया है। नशा तस्कर के एक साथी को एक सप्ताह पहले पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसका एक अन्य साथी रविवार को 5 लाख रुपए की हेरोइन के साथ पुलिस के हाथ लगा है। पुलिस ने इस-के अलावा 3 अन्य तस्करों को भी अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मौके से फरार हुए एक तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों द्वारा छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में डीएसपी समराला वरयाम सिंह व थानाध्यक्ष भिंदर सिंह खंगूड़ा ने बताया कि स्थानीय पुलिस को सूचना मिली थी कि जेल में बंद एक बड़े नशा तस्कर द्वारा पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में नशे का नेटवर्क चलाया जा रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने 24 दिसंबर को समराला में हेरोइन सप्लाई करने आए गांव लश्करी नंगल (अजनाला) निवासी तस्कर अंग्रेज सिंह को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद जेल में बंद नशा तस्कर अमनदीप सिंह से समराला पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की और पता लगाया कि जेल में रहते हुए उस-के द्वारा पूरा नेटवर्क कैसे चलाया जा रहा है और उसके नेटवर्क से कौन-कौन से लोग जुड़े हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष भिंदर सिंह खंगूड़ा के नेतृत्व में पुलिस ने समराला के माछीवाड़ा रोड निवासी कुलवीर सिंह को लाखों रुपए कीमत की करीब 150 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा इस आरोपी को इलाके का सबसे बड़ा हेरोइन सप्लायर बताया जा रहा है और कई अन्य नामों का खुलासा होने के बाद पुलिस और भी गिरफ्तारियां कर सकती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा 400 ग्राम अफीम के साथ चंडीगढ़ निवासी प्रभाशरण सिंह और गांव भादलबुहा निवासी राजिंदर सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका एक अन्य साथी गांव लाल कला (समरला) निवासी वरिंदर कुमार मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने स्मैक बेचने के धंधे में शामिल एक अन्य युवक समराला की कमल कॉलोनी निवासी नवतेज सिंह उर्फ राजू को 10 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करने में भी सफलता हासिल की है।

# बहुमत के सिद्धांतों पर चलने वाली सरकार गुरु रविदास जी के सिद्धांतों के अनुसार नहीं: सुखबीर बादल



**चंडीगढ़(ईएमएस)।** एसजीपीसी के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि सरकार बहुमत के सिद्धांतों पर चल रही है। यह श्री गुरु रविदास जी के सबके बराबर होने के सिद्धांतों के अनुसार नहीं है। उन्होंने यह टिप्पणी श्री गुरु रविदास जी के जन्मस्थल में नतमस्तक होने के बाद डेरा सचखंड बल्लां के प्रमुख संत निरंजन दास से बातचीत करते हुए की। सुखबीर सिंह बादल व बसपा पंजाब के जसवीर सिंह गढ़ी के नेतृत्व में अकाली दल और बसपा के गठजोड़ के प्रतिनिधिमंडल ने श्री गुरु रविदास जी के जन्म दिवस पर जन्मस्थल के दर्शन किए। इस दौरान सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी का फलसफा आज भी उतना ही महत्व रखता है, जितना 500 साल पहले रखता था। आज के समय में इसकी बहुत जरूरत है। उन्होंने बताया कि कैसे सिख धर्म और शिरोमणि अकाली दल श्री गुरु रविदास जी के फलसफे पर चल रहे हैं, जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी की तरह सिख धर्म में भी खुद को अहमियत देने की जगह इंसानियत को पहल दी जाती है। इसी तरह हमेशा अकाली दल समानता और सामाजिक न्याय के लिए डटा है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल की डेरा बल्लां से लंबे जुड़ाव का जिक्र करते सुखबीर बादल ने कहा कि बादल साहिब हमेशा से ही भी धर्मों को सत्कार देने में विश्वास रखते हैं। इसी तरह वह भी राज्य में मनाए जाने वाले सभी धर्मों के पवित्र दिवस मनाते हैं।

# किसानों को भय दिखाकर खुश नहीं किया जा सकताः चौधरी वीरेन्द्र सिंह

**यमुनानगर, (हि.स.)।** भाजपा सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि किसान की समस्याएं बड़ी चुनौती हैं। किसान को कभी भी भय दिखाकर संतुष्ट नहीं किया जा सकता। समाधान के लिए किसानों से डायलॉग होना चाहिए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र सिंह शनिवार रात को यहां एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि किसानों को कभी भी भय दिखाकर संतुष्ट नहीं किया जा सकता। किसानों की समस्याएं बड़ी चुनौती हैं, उसके समाधान के लिए किसानों के साथ डायलॉग होना चाहिए। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा कि वह एक मूवमेंट पार्टी है। कांग्रेस 55 वर्ष के करीब सत्ता में रही। कांग्रेस में अब कोई लीडरशिप नहीं दिखाई देती। इनके नेता सत्ता में खो जाते हैं। हर जगह इनकी पार्टी की अंदरूनी लड़ाई हो रही है। हरियाणा में भी यहीं हाल है, जिसमें सभी अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का अपना एक विजन है और हर पार्टी की अपनी नीति होती है। भाजपा एक कैडर पार्टी है। उन्होंने कहा कि वे एंटी डिफेक्शन लॉ के खिलाफ हैं। जब यह लागू हुआ था, तब उसके कुछ कारण थे। आम बजट संबंधी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 45 लाख करोड़ रुपये का बजट है और भारत पांच ट्रिलियन डॉलर के नजदीक है। यह एक बड़ी अर्थव्यवस्था है।

आर्थिक सुधार नीति पर उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा और मनमोहन सिंह के समय में जितना लाभ उद्योगों को मिला, उतना किसानों को नहीं मिला। यह सोचने की बात है, जबकि गरीब किसानों ने कोरोना के समय अपना बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह रूटीन बजट और इसमें माध्यम वर्ग का जिक्र जरूर किया गया है। उन्होंने कहा कि छोटी सरकार का स्वतंत्र होना जरूरी है। वहीं, उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा कि इसका आमजन पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केंद्र में क्षत्रिय दलों के मुकाबले विपक्ष के रूप में ज्यादा मजबूत है।

# अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भारत जल्द बनेगा तीसरी महाशक्तिः जेपी दलाल



**भिवानी, (हि.स.)।** प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि शिक्षा के बल पर देश को आगे बढ़ाया जा सकता है, जिस देश के युवा शिक्षित होंगे वह देश आगे बढ़ेगा और शिक्षा के बल पर ही फिर से भारत को विश्व गुरू बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आज बेटियों को भी शिक्षित करना जरूरी है। जिस देश की बेटियां शिक्षित होगीं तो वह देश भी आगे बढ़ेगा। कृषि मंत्री रविवार को भिवानी के वैश्य मॉडल में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह के अंतिम दिन समारोह को संबोधित कर रहे थे। करोना काल की विषम परिस्थितियों के उपरांत पहली बार समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल बैंड, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट एंड गर्ल्ज गाइड ने बैंड की मधुर धुन और करतल ध्वनि से मुख्यातिथि और गणमान्य लोगों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कोरोना काल का जिक्र करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि कोविड-19 के दौरान भारत देश एक ऐसा देश रहा, जिन्होंने इस संकट के दौरान देश को मजबूत बनाए रखा और स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर फ्री में लोगों को वैक्सीन लगाकर कोविड से बचाने का काम किया। वहीं उन्होंने कहा कि आज दुनिया में अन्न का संकट है, मंहगाई की मार है, लेकिन किसानों के अथक प्रयास के बल पर हम देश में 22 माह से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अन्न देने का काम कर रहे हैं। तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह में सत्र 2021-22 के कनिष्ठ वर्ग के लिए 02 लाख 08 हजार 400 रुपए जबकि वरिष्ठ वर्ग को 11 लाख 08 हजार 800 रुपये की छात्रवृत्ति, नकद पुरस्कार व स्मृति चिन्ह देकर विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके साथ-साथ बोर्ड परीक्षाओं के सत्र 2021-22 में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 50 ग्राम स्वर्ण, 50 ग्राम रजत और 10 ग्राम रजत पदक व छात्रवृत्ति स्वरूप नकद राशि और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बोर्ड परीक्षाओ में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापक-अध्यापिकाओ को भी मुख्यातिथि और ट्रस्ट के गणमान्य सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। इन सबके साथ ही शैक्षणिक ही नहीं अपितु सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी, सत्र के दौरान 100 प्रतिशत उपस्थिति व अंतर्सदनीय व जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार राशि सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किए गए।

# संत रविदास ने सदैव समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने का काम कियाः देवेन्द्र बबली



**फतेहाबाद, (हि.स.)।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि संत गुरु रविदास ने सदैव समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने का काम किया, जिससे समाज में एकता को बनाया जा सके। संत रविदास किसी जाति या संप्रदाय विशेष के गुरु नहीं थे बल्कि पूरी मानवता के पथ-प्रदर्शक थे।संत-महात्माओं के विचारों, शिक्षाओं और आदर्शों को हम अपने जीवन में अपनाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। कैबिनेट मंत्री यहां संत शिरोमणि गुरु रविदास के 646वां जन्मोत्सव के अवसर पर टोहाना विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने संत रविदास जयंती के अवसर पर गांव गाजूवाला, भीमेवाला, कन्हड़ी, डांगरा, माधूआना, रत्ताखेड़ा, अमानी, भोडियाखेड़ा, फतेहपुरी, बोस्ती, डूल्ट, टिब्बी, ढेर, अम्बेडकर चौक टोहाना, हनुमान मूर्ति टोहाना, इंदिरा कालोनी टोहाना व वार्ड नंबर 13 में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान नागरिकों ने कैबिनेट मंत्री को गुरु रविदास की प्रतिमा उन्हें भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने गांव ठरवी में श्रीकृष्ण समिति गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में कथा वाचक स्वामी राजेन्द्र आनंद महाराज द्वारा गऊ कथा को भी सुना। उन्होंने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदास ने हमेशा ही बाहरी आडंबरों का विरोध किया है और जात-पात के भेदभाव से उठाकर सभी धर्मों को एकता सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। ऐसे में आज हमारा दायित्व बनता है कि हम गुरु जी के दिखाए मार्ग पर चलकर सच्चे हृदय से इंसानियत की सेवा करें। उन्होंने कहा कि शहर में करोड़ों रुपये की लागत से शहर के जलभराव को खत्म करने के लिए जो योजना बनाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती देने के लिए सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न संस्थानों के सदस्य, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं सहित आम नागरिकों मौजूद रहे।

# दशकों पुराने कब्जाधारियों को पक्के तौर पर भूमि आबंटित करने की मांग को लेकर शिवसेना का प्रदर्शन



**जम्मू, (हि.स.)।** शिवसेना जम्मू कश्मीर ईकाई ने दशकों पुराने कब्जाधारियों को पक्के तौर पर जमीनें आबंटित करने की मांग को लेकर रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के नेतृत्व में एकत्रित शिवसेना नेताओं ने जनता को बेघर एवं बेरोजगार न करो, तानाशाही बंद करो, दशकों पुराने कब्जाधारियों को भूमि आबंटित करो स्लोगन लिखे प्लेकार्ड पकड़ जोरदार नारेबाजी की। साहनी ने कहा कि सरकार मौखिक आश्वासनों के साथ भूमि आबंटित करने की प्रक्रिया को भी अंजाम दे। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल लगातार लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि आम एवं गरीब लोगों को तंग नहीं किया जाएगा लेकिन जिस प्रकार से जिला प्रशासन द्वारा लोगों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस एवं कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा हैं इससे लोगों को यह विश्वास नहीं बन पा रहा कि उनके आशियाने एवं खेती बाड़ी के लिए दशकों पहले पूर्व सरकारों द्वारा दी गई जमीनों से उन्हें बेदखल नहीं किया जाएगा। साहनी ने कहा कि जम्मू के बठिंडी इलाके की ईदगाह में सरकार की इस मुहिम के खिलाफ जारी धरना प्रदर्शन को अतिरिक्त जिला उपायुक्त के आश्वासन के बाद खत्म करने के अगले ही दिन यानि बीते कल मालिक मार्किट में एक शोरूम पर बुलडोजरों के साथ धावा बोला गया। साहनी ने कहा कि वह गुसाईं भीड़ द्वारा की गई पत्थरबाजी की कड़ी निंदा करते हैं और अपील है कि प्रशासन जनता के सब्र का इम्तिहान न लें। किसी का आशियाना या व्यवसायिक प्रतिष्ठान गिराने से कितने लोग बेरोजगार होंगे, कितने परिवारों के धर में चूल्हे बंद हो जाएंगे। इस मुहिम को अंजाम देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों को इसका अंदाजा नहीं है।

वह जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल से मांग करते है कि दशकों से सरकारी जमीनों पर बने आशियाने एवं खेती बाड़ी या अन्य व्यवसाय से अपने एवं अन्य परिवारों का पालन पोषण कर रहे हैं। उन्हें मानवीय आधार पर राहत दे और उनकी भूमि को सरकारी रिकॉर्ड के तहत पक्के तौर पर आवंटित करें ।

# मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 6 फरवरी को हल्की बर्फबारी की भविष्यवाणी की



**जम्मू (हि.स.)।** मौसम विभाग ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में 6 फरवरी को हल्की बर्फबारी की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 7-8 फरवरी को आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है। अधिकारी ने कहा 9 फरवरी से लेकर 11 फरवरी के बीच कई स्थानों पर बारिश तथा बर्फबारी की संभावना है। इस बीच बादल छाए रहने के बीच श्रीनगर में कुछ स्थानों को छोड़कर न्यूनतम तापमान में और वृद्धि देखी गई। श्रीनगर में पिछली रात का तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। काजीगुंड में पिछली रात का तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम में पिछली रात का तापमान शून्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कोकरनाग में पिछली रात का तापमान शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग में तापमान शून्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। कुपवाड़ा शहर पारा पिछली रात को शून्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जम्मू में पिछली रात का तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बनिहाल में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस, बटोटे में 3.8 डिग्री सेल्सियस, कटरा में 9.1 डिग्री सेल्सियस और भद्रवाह में 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के लेह और कारगिल में तापमान माइनस 10.8 डिग्री सेल्सियस और माइनस 15.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।




# इंडियन नॉलेज सिस्टम के लिए बजट दो गुना, क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ाने का भी प्रावधान

**नई दिल्ली।**
भारतीय भाषाओं के विकास को बजटीय प्रोत्साहन मिला है। युवाओं के बीच स्वदेशी भाषाओं और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय बजट में यह खास प्रावधान किया गया है। भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को पढ़ाने, बढ़ाने और युवाओं को इस ओर प्रोत्साहित करने के लिए 300.7 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इस बार यह बीते वर्ष 2022-23 के मुकाबले 20 प्रतिशत अधिक है। वहीं यदि भारतीय ज्ञान प्रणाली यानी इंडियन नॉलेज सिस्टम की बात की जाए तो इसके फंड में 100 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, केंद्र सरकार ने शैक्षिक संस्थानों में क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके तहत शैक्षिक संस्थानों में क्षेत्रीय भाषाओं में तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करना शामिल है। बजट दस्तावेज के अनुसार, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए अनुदान, वर्ष 2022-23 के 250 करोड़ के मुकाबले वर्ष 2023-24 में 300.7 करोड़ हो गया है। यदि 2021-22 से तुलना की जाए तो तब के 176.5 करोड़ के मुकाबले इस बार 70 प्रतिशत वृद्धि की गई है। जिन संस्थानों के माध्यम से क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है उनमें केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, केंद्रीय हिंदी संस्थान, उर्दू भाषा के प्रचार के लिए राष्ट्रीय परिषद और सिंधी भाषा के प्रचार के लिए राष्ट्रीय परिषद शामिल हैं। इसके अलावा केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान मैसूर, एक ऐसा संस्थान है जो तेलुगु, ओडिया, मलयालम और कन्नड़ सहित सभी भारतीय भाषाओं के प्रचार के लिए काम करता है। वहीं यदि भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) की बात करें तो योजना के लिए 2022-23 के 10 करोड़ रुपए के मुकाबले इस बार का बजट 20 करोड़ रुपए कर दिया गया है। भारतीय ज्ञान प्रणाली योजना के तहत, भारत के प्राचीन ज्ञान के तत्व और आधुनिक भारत में इसके योगदान को स्कूली पाठ्यक्रम और विश्वविद्यालय स्तर पर शामिल किया जा रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जी-20 फूड फेस्टिवल आयोजित करेगा एनडीएमसी




**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) 11 और 12 फरवरी को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में टेस्ट द वर्ल्ड और इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स की थीम पर जी 20 फूड फेस्टिवल आयोजित करने जा रही है। इस फूड फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य जनता के लिए जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों के भोजन के व्यंजनों का आनंद एक ही स्थान पर पहुंचाना है। जी-20 के सभी सदस्य देशों और अतिथि देशों को इस जी-20 फूड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। एनडीएमसी ने जी-20 सदस्य देशों सहित 29 देशों को इस फूड फेस्टिवल में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। गौरतलब है कि एनडीएमसी सभी इच्छुक जी-20 सदस्य देशों और अन्य अतिथि देशों को यहां आवश्यक स्थान, स्टॉल और अन्य ऑन-साइट लॉजिस्टिक सहायता प्रदान करेगी। एनडीएमसी आवश्यकता के अनुसार ऑनसाइट बिजली, पानी के कनेक्शन और डस्टबिन भी प्रदान करेगी। इसके अलावा इच्छुक जी-20 सदस्य देशों और अतिथि देशों को विभिन्न व्यंजनों की तैयारी के लिए अपने स्वयं के रसोइये, जनशक्ति और सामग्री लाने की आवश्यकता होती है, वे ला सकते हैं। आगंतुकों, जनता को भुगतान के आधार पर भोजन तैयार कर परोसा जा सकता है। यह फूड फेस्टिवल अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के बारे में जागरूकता पैदा करेगा और साथ ही पोषण स्वास्थ्य और भोजन की तैयारी पर शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करेगा। भोजन तैयार करने की कार्यशालाएं या लाइव प्रदर्शन काउंटर भी इस भोजन उत्सव का हिस्सा होंगे, जिसमें व्यंजनों की तस्वीरों और व्यंजनों का प्रदर्शन भी शामिल है। सभी जी-20 देशों और अतिथि देशों के कलाकारों के लिए कला और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए यहां एक समर्पित स्थान भी निर्धारित किया जाएगा।

### केंद्रीय कर्मचारियों को होली पर मिलेगा तोहफा! महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है सरकार



**नई दिल्ली ।** कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में केंद्र सरकार चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है। सरकार के इस फैसले का फायदा करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा। बता दें कि अभी केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी है, जिसे चार फीसदी बढ़ाकर 42 फीसदी किया जा सकता है। इस बढोतरी के लिए एक फार्मूले पर सहमति बनी है। बता दें कि कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा की जाती है, जो कि श्रम मंत्रालय का अंग है। औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना की जाती है। दिसंबर 2022 के लिए 31 जनवरी 2023 को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी किया गया है। इस सूचकांक के अनुसार, महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 फीसदी बैठती है।

### इंडिया की दिग्गज आईटी कंपनी में छंटनी: इंफोसिस ने एफए टेस्ट में फेल होने वाले 600 एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाला




**नई दिल्ली।** गूगल, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी बड़ी टेक कंपनियों के बाद अब इंडिया की दिग्गज आईटी कंपनी इंफोसिस ने भी छंटनी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंफोसिस ने इंटरनल फ्रेशर असेसमेंट टेस्ट को पास करने में फेल होने के बाद सैकड़ों नए फ्रेशर एम्प्लॉइज को कंपनी से बाहर कर दिया है। अगस्त 2022 में कंपनी में शामिल हुए एक फ्रेशर ने बिजनेस टुडे को बताया, मैंने पिछले साल अगस्त में इंफोसिस में काम करना शुरू किया था और मुझे स्ट्रीम के लिए ट्रेनिंग दी गई थी। मेरी टीम के 150 में से केवल 60 लोगों ने एफए एग्जाम पास किया था, बाकी हम सभी को 2 हफ्ते पहले टर्मिनेट कर दिया गया था। पिछले बैच (जुलाई 2022 में ऑनबोर्ड किए गए फ्रेशर्स) के 150 फ्रेशर्स में से टेस्ट में फेल होने के बाद लगभग 85 फ्रेशर्स को टर्मिनेट किया गया था।

# सतत पूंजीगत व्यय बुनियादी ढांचे के विकास व रोजगार सृजन की कुंजी : विशेषज्ञ




**नई दिल्ली।**
रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास और आर्थिक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ, केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय के परिव्यय को 2022-23 में 5.54 लाख करोड़ रुपये से 35.4 प्रतिशत बढ़ाकर 2023-24 में 7.50 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को अपने बजट भाषण के दौरान की गई प्रमुख घोषणाओं का विशेषज्ञों ने स्वागत किया। मंत्री ने बताया था कि पूंजीगत व्यय 2019-20 के व्यय के 2.2 गुना से अधिक हो गया है और यह 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद का 2.9 प्रतिशत होगा।

मंत्री ने कहा कि निजी निवेशों को अर्थव्यवस्था की जरूरतों के हिसाब से बढ़ने के लिए सार्वजनिक निवेश को आगे बढ़ाना चाहिए। एक अनुमान के अनुसार सरकार द्वारा पूंजीगत व्यय का प्रत्येक रुपया एक या दो साल के भीतर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 2-3 रुपये जोड़ता है। दूसरी ओर राजस्व व्यय, जैसे नकद हस्तांतरण, सकल घरेलू उत्पाद में 90 से 99 पैसे जोड़ता है। पूंजीगत व्यय में वृद्धि से सरकार को राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के निर्माण, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रेलवे के बुनियादी ढांचे के विकास से लेकर सभी बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव दिया गया। अर्थव्यवस्था में बुनियादी ढांचे के निर्माण और उन्नयन के लिए पूंजीगत व्यय में तेजी लाने के लिए, सरकार ने देश भर में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए 2020-2025 की अवधि के दौरान 111 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित बुनियादी ढांचा निवेश के साथ राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) शुरू की थी। एनआईपी को 6,835 परियोजनाओं के साथ लॉन्च किया गया था, जो 34 उप-क्षेत्रों को कवर करते हुए 9,000 से अधिक परियोजनाओं तक विस्तारित हो गया है। एनआईपी से परियोजना की तैयारी में सुधार, बुनियादी ढांचे में निवेश आकर्षित करने और आर्थिक विकास महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। इसी तरह गति शक्ति (इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान) को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में लॉन्च किया गया है, ताकि इंफ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन के लिए मंत्रालयों और विभागों को एक साथ लाया जा सके। यह बुनियादी ढांचे की अंतिम मील कनेक्टिविटी को भी सुगम बनाएगा और लोगों के लिए यात्रा के समय को भी कम करेगा। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत खर्च में क्रमिक वृद्धि से सड़क और रेलवे जैसे बुनियादी ढांचे पर खर्च निजी पूंजीगत खर्च को आकर्षित करने में सक्षम होगा, जो अर्थव्यवस्था की वृद्धि को पटरी पर लाने में मदद करेगा। इसके अलावा केंद्र सरकार सार्वजनिक कैपेक्स के व्यापक गुणक प्रभाव की उम्मीद करती है, जो अधिक नौकरियां पैदा कर सकता है, साथ ही साथ मांग भी बढ़ा सकता है, जिससे पूंजीगत व्यय पर अधिक पैसा खर्च करने के लिए व्यवसायों और उद्योग का नेतृत्व किया जा सकता है। उद्योग निकायों ने कैपेक्स में पर्याप्त वृद्धि की सरकार की पहल का स्वागत किया है। विशेषज्ञों ने कहा, विकास चक्र को गति में रखने के लिए निवेश और खपत को बढ़ावा देने की आवश्यकता थी। हमें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार ने पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय पर जोर देना जारी रखा है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 3.3 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। यह वैश्विक आर्थिक स्थिति के बीच सही दिशा में एक कदम है, जो अभी भी सहज नहीं है। एसोचैम के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने वित्त मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा, पूंजीगत व्यय में 33 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 10 लाख करोड़ रुपये का उछाल स्पष्ट रूप से भारत को लगातार तीसरे वर्ष दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बने रहने में मदद करने के संकल्प को दर्शाता है।

### कारोबारियों के गोल्ड बैज के लिए ट्विटर प्रति माह 1,000 डॉलर करेगा चार्ज

**नई दिल्ली।** ट्विटर ने व्यवसायों को गोल्ड बैज और ब्रांड और संगठनों को बनाए रखने के लिए प्रति माह 1,000 डॉलर का भुगतान करने के लिए कहा है। भुगतान न करने पर चेकमार्क वापस ले लिया जाएगा। एलन मस्क द्वारा संचालित कंपनी ब्रांड से संबद्ध अकाउंट में बैज जोड़ने के लिए प्रति माह 50 डॉलर अतिरिक्त शुल्क भी लेगी। सोशल मीडिया सलाहकार मैट नवरारा द्वारा पोस्ट किए गए एक स्क्रीनशॉट में संकेत दिया गया कि ट्विटर प्रति माह 1,000 डॉलर का भारी शुल्क लेने जा रहा है। नवरारा ने ट्वीट किया, ट्विटर 1000 डॉलर प्रति माह के लिए गोल्ड चेकमार्क वेरिफिकेशन और प्रति माह 50 डॉलर के लिए संबद्ध अकाउंट वेरिफिकेशन की पेशकश करने वाले व्यवसायों को ईमेल कर रहा है। ट्विटर द्वारा व्यवसायों को भेजे गए एक ईमेल में कहा गया है, शुरूआती एक्सेस सब्सक्राइबर के रूप में, आपको अपने संगठन के लिए एक गोल्ड चेकमार्क और सहयोगियों के लिए बैज मिलेगा। संगठनों के लिए वेरिफिकेशन प्रति माह 1,000 डॉलर है, और 50 डॉलर प्रति अतिरिक्त संबद्ध हैंडल प्रति माह एक महीने की मुफ्त संबद्धता के साथ है।

# आयकर की पुरानी प्रणाली हटाने की कोई समय सीमा नहीं , वित्त मंत्री सीतारमण का बड़ा बयान



**नई दिल्ली ।**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आयकर की पुरानी प्रणाली को खत्म करने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। सरकार ने सिर्फ नई और सरल टैक्स प्रणाली पेश की है जो कम आय वर्ग के लिए प्रोत्साहन की तरह है। वित्त मंत्री ने मुंबई में पत्रकारों से बजट के बारे में चर्चा करते हुए यह बात कही। वहीं, इस दौरान मौजूद मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने इन आरोपों को खारिज किया कि कर की नई प्रणाली निजी बचत को हतोत्साहित करेगी और इसका देश की अर्थव्यवस्था पर असर होगा। उन्होंने कहा, इसके जरिये लोगों को कई विकल्प दिए गए हैं कि अपने पैसे का वे क्या इस्तेमाल करना चाहते हैं। गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) के लिए विवादास्पद पी-नोट्स पेश करने के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने कहा कि ऐसे अन्य अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों के साथ प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखकर इसे जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत को इस बारे में जोखिम को कम करने का अधिकार है। वहीं बजट में हरित पहलों के लिए 35000 करोड़ रुपये खर्च के बारे में सोमनाथन ने कहा कि इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से पेट्रोलियम रिफाइनरियों में रेट्रोफिटिंग और रणनीतिक भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए किया जाएगा ताकि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटा जा सके। पैकेज का अंग है वोडाफोन बकाए को शेयर में बदलने का फैसला वित्त सचिव सोमनाथन ने कहा कि मोबाइल सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया पर बकाये के ब्याज को शेयर में बदलने का फैसला सभी दूरसंचार कंपनियों के लिए तैयार किए गए पैकेज का हिस्सा है। वोडाफोन में सरकार के शेयर निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के कब्जे में रहेंगे। बजट में मुख्य ध्यान आर्थिक वृद्धि पर रहा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पेश आम बजट में मुख्य ध्यान आर्थिक वृद्धि पर केंद्रित किया गया है। बजट पेश करने के बाद मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुंबई पहुंचीं वित्त मंत्री ने कहा, वृद्धि पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया गया है। हम पुनरुद्धार के साथ आर्थिक वृद्धि की बनाए रखना चाहते हैं।

# आपूर्ति की कमी के कारण बढ़ रहे मूंगफली के तेल के दाम



**अहमदाबाद।**
खाद्य तेल बाजार सुस्त है और कीमतें गिर रही हैं, चाहे वह ताड़ का तेल हो या सोयाबीन का। जीएनएन रिसर्च के मैनेजिंग पार्टनर नीरव देसाई ने कहा कि सिर्फ मूंगफली का तेल ही है, जिसकी कीमतें बढ़ रही हैं। देसाई के मुताबिक, मूंगफली तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है, क्योंकि पेराई के लिए मूंगफली की आपूर्ति कम है। इसका कारण यह है कि मूंगफली के कुल उत्पादन में से लगभग 60 प्रतिशत टेबल नट्स के लिए जाता है, (मूंगफली सीधे उपभोक्ताओं द्वारा खपत होती है), 8 प्रतिशत खेती के लिए बीज के रूप में उपयोग किया जाता है, बाकी 25 से 30 प्रतिशत मूंगफली पेराई के लिए उपलब्ध होती है। जब मूंगफली का उत्पादन कम होता है, तो यह सीधे पेराई को प्रभावित करता है। इस साल मूंगफली का उत्पादन 2 लाख मीट्रिक टन कम है, इसलिए पेराई कम है, जिसका असर कीमतों में भी दिख रहा है। मूंगफली का उत्पादन कम है और दूसरी ओर निर्यात बढ़ रहा है। इससे तेल मिलों को मूंगफली की आपूर्ति प्रभावित होती है। सौराष्ट्र ऑयल मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर विराडिया कहते हैं, जब कम तेल का उत्पादन होता है तो स्वाभाविक है कि कीमत बढ़ेगी। विराडिया का कहना है कि जिस तरह से मूंगफली तेल की कीमतों में वृद्धि हो रही है, यह अनावश्यक रूप से सरकार का ध्यान आकर्षित करेगा, जो मूंगफली की कीमत को प्रभावित करने वाले कुछ प्रतिबंध लगा सकती है। इससे किसान अन्य खाद्य तेलों के बीजों की ओर रुख कर सकते हैं। उन्होंने हवाला दिया कि कैसे किसान अरंडी और जीरा की ओर बढ़ गए हैं। उन्हें कहा कि 1970 और 1980 के दशक में गुजरात के किसान दो खाद्य तिलहन -- मूंगफली और तिल की खेती कर रहे थे। तिल के तेल पर जब प्रतिबंध लगाए गए, तो उसका उत्पादन कम हो गया।

वहीं, नीरव देसाई का मानना है कि जब किसानों को किसी विशेष फसल के लिए अच्छी कीमत नहीं मिलती है, तो वे दूसरी फसलों की ओर रुख करने लगते हैं, जहां उन्हें अच्छी कीमत मिल रही होती है। उदाहरण के लिए, पिछले साल किसानों को कपास की अच्छी कीमत मिली थी।

# एलआईसी कर्मियों ने कांग्रेस से कहा- राजनीति करें, विवाद में न घसीटें




**मुंबई।**
अदाणी समूह की कंपनियों में एलआईसी के निवेश को लेकर चार बड़ी यूनियन अब खुलकर सामने आ गई हैं। इन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर कहा है कि आप राजनीति करें, लेकिन एलआईसी को इसमें न घसीटें। आप संसद में चर्चा करें, लेकिन किसी महत्वपूर्ण संस्थान की विश्वसनीयता को न तोड़ें। यूनियनों ने खरगे से मिलकर 6 फरवरी को एलआईसी कार्यालयों पर होने वाले विरोध को रोकने की मांग की है। साथ ही खरगे से मिलकर उन्हें पूरे मामले से अवगत कराने को भी कहा है। इन चार यूनियनों में फेडरेशन ऑफ एलआईसी ऑफ इंडिया क्लास वन ऑफिसर्स एसोसिएशन, नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फिल्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लॉयीज एसोसिएशन और ऑल इंडिया एलआईसी एंप्लॉयीज फेडरेशन हैं। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंश्योरेंस फिल्ड वर्कर्स ऑफ इंडिया (एनएफआईएफडब्ल्यूआई) के महासचिव विवेक सिंह ने कहा कि हम चाहते हैं कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा लगाए गए आरोपों की सरकार निष्पक्ष जांच कराएं और सत्य को सामने लाए। एलआईसी दीर्घकालिक निवेशक : विवेक ने कहा, अदाणी समूह की कंपनियों के प्रति एलआईसी की समीपता एवं लाखों भारतीयों की गाढ़ी कमाई पर इसके संभावित प्रभावों के संबंध में हम कहना चाहते हैं कि एलआईसी दीर्घकालिक निवेशक है और पॉलिसी धारकों के दीर्घकालीन हितों को ध्यान में रखकर ही निवेश संबंधी निर्णय लिए जाते हैं। विवेक सिंह ने कहा कि एलआईसी की अपनी निवेश समिति है। निवेश संबंधी समस्त निर्णय इस समिति द्वारा सघन परीक्षण के उपरांत लिए जाते हैं । निवेश नीति के अनुसार 80प्रतिशत निवेश सुरक्षित प्रपत्रों, जैसे सरकारी प्रतिभूतियों एवं अन्य में किया जाता है। इक्विटी में मुश्किल से 20प्रतिशत निवेश ही किया जाता है। विवेक सिंह ने कहा, अदाणी समूह में किए गए निवेश एवं एलआईसी के संभावित नुकसान के संबंध में हम स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह नुकसान निराधार है। समूह की कंपनियों में एलआईसी के 36,474.78 करोड़ रुपये के कुल निवेश का वर्तमान बाजार मूल्य 56,142 करोड़ रुपये है। इस प्रकार एलआईसी 20000 करोड़ रुपये का संभावित लाभ अर्जित कर चुकी है। हालांकि यह लाभ भी काल्पनिक है।

# चैटजीपीटी का खतरा 10 प्रोफेशन पर सबसे ज्यादा: अभी से स्किल बढ़ाएं, इसे वैकल्पिक टूल बनाएं

**नई दिल्ली।**
टेक्नोलॉजी की दुनिया में इन दिनों एक शब्द ने कोहराम मचा दिया है। वह है 'चैटजीपीटी।' आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस चैटबॉट चैटजीपीटी पिछले साल 30 नवंबर को लॉन्च हुआ। जनवरी में इसके मासिक एक्टिव यूजर 10 करोड़ हो गए। इसके साथ ही यह इंटरनेट के इतिहास का सबसे तेजी से बढ़ने वाला कंज्यूमर एप्लीकेशन बन गया। जनवरी में रोज 1.3 करोड़ यूजर जुड़े। इतने इस्तेमाल के बावजूद हड़कंप है। क्यों... दरअसल, चैटजीपीटी से कई व्हाइट-कॉलर जॉब्स खतरे में हैं। एजुकेशन इंस्टिट्यूट में भी चिंता है। हालांकि यह खतरा निकट भविष्य में नहीं है।

### क्रांति है चैटजीपीटी, आएगी ही; प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी

दरअसल, चैटजीपीटी की कई सीमाएं हैं। जैसे यह फिलहाल 2021 तक का ही डेटा देता है। क्रिएटर ने इसे अपने हिसाब से बनाया है। यानी इसकी जानकारियां पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं। कई जवाब गलत भी देता है। इसलिए विश्वसनीय कम है। खास बात, चैटजीपीटी के पास इंसानों जैसा कॉमन सेंस नहीं है। यह कोई नई चीज विकसित नहीं कर




रहा है। यह मौजूदा डेटा के आधार पर ही सैंपल जनरेट करता है। चूंकि आने वाले समय में यह तेजी से विकसित होगा। इसलिए कई जॉब को खतरा तो होगा। यही संकट भारत पर भी है। बेहतर यह है कि हम मैनपावर की स्किल डेवलप करें। चैटजीपीटी से मुकाबला उद्देश्य नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह क्रांति है। आएगी ही। जब कंप्यूटर आया था, तब भी बोला गया था कि नौकरियां खा जाएगा। लेकिन हुआ उल्टा। काम जल्दी होने लगे हैं। चैटजीपीटी भी व्यर्थ समय बचाएगा। इससे सिर्फ उन लोगों पर फर्क पड़ेगा, जो स्किल डेवलप नहीं करेंगे। निकट भविष्य में चैटजीपीटी जैसे टूल से प्रोडक्टिविटी बहुत बढ़ने वाली है। चैटजीपीटी के कदम इन जॉब्स की तरफ टेक जॉब्स (कोडर्स, कंप्यूटर प्रोग्रामर्स, सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, सॉफ्टवेयर डेवलपर, डेटा एनालिस्ट) मीडिया जॉब्स (कंटेंट क्रिएशन, एडवरटाइजिंग टेक्निकल राइटिंग, जर्नलिज्म) लीगल इंडस्ट्री जॉब्स (पैरालीगल्स, असिस्टेंट्स) मार्केट रिसर्च एनालिस्ट्स टीचर्स, प्रोफेसर्स फाइनेंस जॉब्स (फाइनेंशियल एनालिस्ट्स, एडवाइजर) ट्रेडर्स, शेयर एनालिस्ट ग्राफिक डिजाइनर्स अकाउंटेंट्स कस्टमर सर्विस एजेंट।

क्या कर रहा चैटजीपीटी चैटजीपीटी (जनरेटिव प्री-ट्रेंट ट्रांसफॉर्मर) एप्लीकेशन ऐसा मशीन लर्निंग सिस्टम है, जो डेटा से सीखता है और रिसर्च कर परिणाम देता है। अब डाल-ई टूल भी मौजूद है। यह टेक्स्ट के बदले 3डी इमेज बनाता है। ऐसे बेहतर इस्तेमाल संभव टीचर्स कंटेंट की कमी पूरी कर सकते हैं। बचे समय में टीचिंग पर ध्यान दे सकेंगे। शिक्षा में एआई को अतिरिक्त टूल के रूप में शामिल कर सकते हैं। अन्यथा हमारा मौजूदा एजुकेशन सिस्टम पुराना साबित होगा। सैम आल्टमैन ने 8 साल की उम्र से कोडिंग सीखी।16 साल की उम्र में घर छोड़ दिया था। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी दो साल बाद छोड़ दी और मोबाइल एप बनाने लगे।

### कितने लोग वित्त सचिव से सहमत हाउसिंग लोन पर सोमनाथन के जवाब पर चिदंबरम ने कसा तंज




**नई दिल्ली ।** हाउसिंग लोन को लेकर वित्त सचिव के एक जवाब पर पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने तंज कसा है। उन्होंने ट्विटर पर कहा है कि उन्हें यह सुनका आश्चर्य हुआ कि हाउसिंग लोन बचत नहीं है। वित्त सचिव टीवी सोमनाथन ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि हाउसिंग लोन बचत नहीं है। इस पर चिदंबरम ने ट्वीट कर कहा है कि कितने लोग वित्त सचिव की बात से सहमत हैं। उन्होंने कहा, वित्त सचिव अपने इस 'सिद्धांत' पर फिर से विचार करें कि आवास ऋण बचत नहीं है। चिदंबरम ने कहा कि ब्याज का भुगतान और ऋण की किस्त वास्तव में एक खर्च है, लेकिन यह ऐसा व्यय है जो संपत्ति में बदल जाता है, जो एक बचत है। पूर्व वित्त मंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि आप यही पैसा छुट्टियों को बिताने या रेसकोर्स में खर्च करते हैं, तो इससे कोई संपत्ति नहीं बनती। तो यह बचत नहीं है। कांग्रेस नेता पी. चिंदबरम ने रविवार को कहा कि मुकदमे से पहले ही आरोपी को कैदी बनाने वाली आपराधिक न्याय प्रणाली संविधान का अपमान है। यह बात उन्होंने जामिया नगर हिंसा मामले में छात्र कार्यकर्ता शरजील इमाम तथा 10 अन्य के आरोपमुक्त होने के बाद कही। चिंदबरम ने अपील की कि सुप्रीम कोर्ट कानून के आए दिन होने वाले दुरुपयोग को खत्म करे।

# 70 साल पहले लिखे गए एक ब्रेकअप पत्र की होगी 15,000 डॉलर में नीलामी

## -अभिनेता मार्लन ब्रैंडो ने अभिनेत्री सोलेंज पोडेल को लिखा था

**पेरिस (ईएमएस)।** फिल्मी दुनिया में अभिनेता और अभिनेत्री के ब्रेकअप और पेचअप के किस्से बड़े आम हैं। लेकिन इस बार यह ब्रेकअप किस्सा बेहद खास है, क्योंकि आज से 70 साल पहले हुए एक अभिनेता के ब्रेकअप की कहानी फिर सामने आई है। द गॉडफादर के महान अभिनेता और ऑस्कर विजेता मार्लन ब्रैंडो के ब्रेकअप लेटर की अब नीलामी होगी। यह पत्र उन्होंने 1940 में अपनी प्रेमिका को लिखकर बताया था कि वह उसे क्यों छोड़ना चाहते थे। मार्लन ब्रैंडो ने अपने बढ़ते स्टारडम के समय यह लेटर लिखा था। इस लेटर को बोस्टन स्थित आरआर नीलामी द्वारा लिस्टेड किया गया है। पेंसिल से लिखे गए तीन पन्नों के इस नोट में कई



Dear Solange,
In order that you won't think me a complete boor, I am writing you this letter to explain that because of an erratic, highly fly-by-night temperament & wish not to humiliate and degrade your sentiments by seeing you only at my

स्पेलिंग मिस्टेक हैं। अगले हफ्ते होने वाली नीलामी में इस लेटर को 15,000 डॉलर में बेचा जा सकता है। ब्रैंडो ने फ्रांसीसी अभिनेत्री सोलेंज पोडेल को यह ब्रेकअप लेटर लिखा था। न्यूयॉर्क में ए स्ट्रीटकार नेम्ड डिजायर के निर्माण के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी और फिर धीरे-धीरे उनका प्यार परवान चढ़ने लगा। लेकिन कुछ वक्त के बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में खट्टास आ गई। ब्रैंडो ने हॉलीवुड में जबरदस्त स्टारडम हासिल किया, जबकि पोडेल एक फोटोग्राफर बन गई। ब्रैंडो ने ब्रेकअप लेटर लिखते हुए कहा, कृपया इस पत्र को खुले दिल से स्वीकार करें क्योंकि यह चौथी दफा ईमानदारी के साथ लिखा गया है, ताकि आप मुझे पूरी तरह से गंवार न समझें, मैं आपको लेटर यह समझाने के लिए लिख रहा हूं कि मैं को अपमानित और नीचा नहीं दिखाना चाहता। ब्रैंडो ने इस लेटर में गर्लफ्रेंड से माफी मांगी। अभिनेता ने पोडेल से कहा कि वह उन्हें हमेशा स्नेह, सम्मान और प्रशंसा के साथ याद रखने वाले हैं।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की बदली रिलीज डेट

## - राजकुमार की भीड़ की रिलीज डेट भी बदली

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज डेट बदल दी गई है। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह ने मुख्य भूमिका निभाई है। उधर राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की भीड़ रिलीज डेट भी दूसरी हो गई है। दोनों ही फिल्में पहले दूसरी तारीख पर रिलीज होने वाली थीं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के जरिए निर्देश-क के रूप में करण जौहर की वापसी का बेसब्री से इंतजार है। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की ये फिल्म की घोषणा होने के बाद से ही इसने लोकप्रियता हासिल की है। लेकिन फैंस को फिल्म के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा क्योंकि इसे अब 28 जुलाई तक के लिए टाल दिया गया है। फिल्म पहले 28 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। इस बीच राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म भीड़ की भी रिलीज डेट में बदलाव हुआ है।यह खबर फिल्म के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के आधिकारिक ट्विटर पेज ने शेयर की है। उन्होंने नई रिलीज डेट के साथ एक नया टाइटल पोस्टर शेयर किया और लिखा, रॉकी और रानी के परिवार हो रहे हैं तैयार और देखो ये प्यार की अनोखी कहानी! जादू, प्यार और जीवन से बड़ा मनोरंजन वापस लाना - #रॉकी और रानी की प्रेमकहानी




सिनेमाघरों में, 28 जुलाई 2023!फिल्म को टालकर रणवीर और आलिया की फिल्म के निर्माताओं ने मणिरत्नम की बड़ी फिल्म पोन्नियिन सेलवनः पार्ट 2 के साथ फिल्म के टकराव को टाल दिया है, जो अनुभवी फिल्म निमार्ता की ऐतिहासिक तमिल फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है। यह पहली बार नहीं है जब रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की रिलीज टाली गई है। यह फिल्म पहले 10 फरवरी, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन बाद में इसे 28 अप्रैल तक के लिए टाल दिया गया। राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर स्टारर भीड़ को अब नई रिलीज डेट 24 मार्च मिल गई है। इंस्टाग्राम पर राजकुमार राव ने फिल्म के सेट से एक फ्रेम पोस्ट किया।

# उम्मीदों से ज्यादा सफलता मिली है पठान को

## -सलमान द्वारा निभाई गई छोटी सी भूमिका भी आई पसंद

**मुंबई (ईएमएस)।** बॉक्स ऑफिस पर शाहरुख खान की फिल्म पठान को उम्मीदों से ज्यादा सफलता मिली है। इस फिल्म में सलमान खान द्वारा निभाई गई छोटी सी भूमिका ने दर्शकों का जो प्रतिसाद बॉक्स ऑफिस पर दिया वह निमार्ताओं और फिल्म के लेखक के लिए भविष्य में इन दोनों सितारों को लेकर पूरी फिल्म बनाने का संकेत दे गया है। दर्शक इस जोड़ी को करण अर्जुन की तरह फिर से परदे पर एक साथ देखना चाहते हैं। यह सम्भव हो सकता है इस बात का हिंट पठान के लेखक श्रीधर राघवन ने हाल ही में मीडिया को दिए अपने एक साक्षात्कार में दिया है।पिंकविला को दिए इंटरव्यू में पठान राइटर श्रीधर राघवन से सवाल किया गया कि क्या शाहरुख खान और सलमान खान को टाइगर से इतर किसी दूसरी मूवी में साथ देखने की उम्मीद की जा सकती है? इस पर उन्होंने जवाब दिया, हम हर चीज की उम्मीद कर सकते हैं। श्रीधर राघवन ने दो हीरो




से जुड़े प्रोजेक्ट की संभावनाओं के बारे में भी बातचीत की। उन्होंने कहा, इसे इस तरह देखते हैं कि अगर आप भाई-बहन हो तो आप लोग दिवाली पर जरूर मिलोगे। है ना? किसी एक बिंदू पर आप साथ होंगे।

तो मुझे यकीन है कि यहां बहुत सारे संयोजन और परिवर्तन भी होंगे। हमारी सोच यह है कि हम इन किरदारों को जितना ज्यादा एंजॉय कर सकें करें। श्रीधर राघवन ने सलमान खान और शाहरुख खान की मूवी पर हिंट देते हुए आगे कहा, मैं सामने बैठे शख्स (दर्शक) को ध्यान में रखकर चीजें लिखता हूं। मुझे लगता है कि हम सभी उस चीज से गुजरते हैं और मुझे यह भी लगता है कि ऐसा करना मजेदार होगा। मेरी सोच है कि कोशिश करते हुए हम इसे पूरा भी जरूर करेंगे। बतादें कि बालीवुड फिल्म उम्मीदों से परे जाकर कारोबार करने में सफल रही है। स्वयं फिल्म के निमार्ताओं ने नहीं सोचा था कि उनकी यह फिल्म इस तरह से तहलका मचाएगी।

# बिग बॉस फेम उर्वशी ढोलकिया की कार का हुआ एक्सीडेंट

मुंबई (ईएमएस)। बिग बॉस विनर टीवी एक्ट्रेस उर्वशी ढोलकिया का कार एक्सीडेंट होने की खबर है. हादसा उस वक्त हुआ जब अभिनेत्री मुंबई से सटे मीरा रोड में एक स्टू-डियो जा रही थीं। खबर है कि बच्चों की स्कूल बस ने उर्वशी की कार को जोरदार टक्कर मार दी। अभिनेत्री उ-र्वशी ढोलकिया मुंबई से सटे मीरा रोड स्थित एक स्टूडियो में शूट के लिए जा रही थीं. इसी बीच उनकी गाड़ी को एक स्कूल बस ने टक्कर मार दी। सौभाग्य से उर्वशी और उनका स्टाफ सुरक्षित है। उर्वशी ने स्कूल बस के खिलाफ पुलिस में



कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उनके मुताबिक यह महज एक हादसा था। उन्होंने कहा कि वह बिल्कुल ठीक हैं और चिंता की कोई बात नहीं है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन आराम करने की सलाह दी है।

# सीन को रियल दिखाने चलवा दीं असली गोलियां

## -बाल-बाल बचे बोमन ईरानी, बिग बी को ऊंट ने मारी लात

**मुंबई (ईएमएस)।** हम आपको बालीवुड की फिल्म शूटिंग का एक ऐसा किस्सा बता रहे हैं, जिसमें डायरेक्टर ने एक सीन को रियल दिखाने के चक्कर में असली गोलियां चलवा दीं। इसमें दो दिग्गज एक्टर्स की जान खतरे में आ गई थी। इस डायरेक्टर का नाम विधु विनोद चोपड़ा है। विधु अपनी फिल्मों में रियलिस्टिक अप्रोच के लिए अपनी पूरी मेहनत और दिमाग लगा देते हैं। लेकिन एक फिल्म के सेट पर उनके इस रियलिस्टिक अप्रोच की वजह से बोमन ईरानी खतरने में पड़ गए थे। इतना ही नहीं, इसी फिल्म के सेट पर अमिताभ बच्चन भी एक हादसे का शिकार हो गए थे। हालांकि उन्हें इसमें ज्यादा चोटें नहीं आई थीं।ये पूरा मामला है साल 2007 में आई फिल्म एकलव्यः द रॉय गार्ड के सेट की। डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा ने एक एक सीन को रियल बनाने के लिए असली गोलियां चलवाई। दरअसल, फिल्म में बोमन ईरानी राणा साब के किर-दार में थे। और अमिताभ बच्चन उनके बॉडीगार्ड एकलव्य थे। दोनों एक कार से रेगिस्तान में जाते हैं।




इस दौरान उनक पर गोलियों से हमला होता है। अमिताभ कार से उतरते हैं और गोलियां चलाने वाले को ढूंढ़ते हैं।फिर जैकी श्रॉफ पीछे से आते हैं और बोमन ईरानी पर गोलियां चलाते हैं। इस सीन को एक्शन डायरेक्टर टीनू वर्मा शूट कर रहे थे। कई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीनू ने इस सीन को शूट करने के लिए असली गोलियां चलवाई। रिस्क से भरे सीन से बोमन ईरानी बाल बाल बचे। वहीं, फिल्म के एक और सीन में एक बड़ा हादसा हुआ। विधु विनोद चोपड़ा ने अमिताभ बच्चन के साथ 400 ऊंटों के बीच एक सीन शूट करना था। इन ऊंटों को दौड़ना था और बिग बी को उनके बीच होना था। शूटिंग के दौरान एक ऊंट बिगड़ गया और उसने अमिताभ बच्चन के सिर पर लात मार दी। शुक्र है कि उन्होंने सिर पर राजस्थानी पगड़ी पहनी हुई थी, इसलिए उन्हें ज्यादा चोटें आईं। बता दें कि बॉलीवुड दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म इंडस्ट्री में से एक है। यहां दुनिया की सबसे ज्यादा फिल्में बनती है! एक्टर्स और डायरेक्टर्स की भरमार है। एक फिल्म को सुपरहिट बनाने में इन डायरेक्टर्स का बड़ा रोल होता है। ये फिल्मों को रियल दिखाने और आम लोगों से जोड़ने के लिए अपने क्रिएटिव दिमाग को बखूबी लड़ाते हैं। कई बार रियल शूट हो जाता है, तो कई बार हवा-हवाई, लेकिन डायरेक्टर्स अपनी मेहनत जारी रखते हैं।

# भूमि पेडणेकर ने उज्जैन में महाकाल के किए दर्शन

## कुछ ही दिन पहले प्रसिद्ध अभिनेत्री रुपाली गांगुली भी आई थीं उज्जैन

**उज्जैन (ईएमएस)।** भूमि पेडणेकर को महाकाल मंदिर के लड्डू गुरू और पंडित शिवम व्यास ने बाबा महाकाल के दर्शन कराए। उन्होंने भूमि को माला भी पहनाई। इसके बाद भूमि ने यहां मंदिर परिसर में स्थित भगवान गणेश के भी दर्शन किए। बता दें भूमि से कुछ ही दिन पहले टीवी जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री अनुपमा यानी रुपाली गांगुली भी उज्जैन आई थीं। वे मह-ाकाल मंदिर में तड़के होने वाली भस्म आरती में शामिल हुई थीं। उन्होंने भगवान महाकाल का पंचामृत अभिषेक भी किया था। रविवार को



भगवान महाकाल के मस्तक पर रजत चंद्र के साथ ॐ और मोगरे के सुगंधित पुष्प अर्पित कर राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया। उनके दर्शन के लिए शनिवार रात से ही भक्तों की भीड़ मंदिर के बाहर जमा हो गई थी। बता दें जिला प्रशासन ने महाकाल मंदिर के गर्भगृह के समय में परिवर्तन किया है। प्रशासन ने यहां निर्धारित समय को एक घंटा बढ़ा दिया है। पहले यह दर्शन दोपहर 1 से 4 बजे तक होते थे, अब इसका समय दोपहर 12:30 बजे से 4:30 बजे तक कर दिया है। कलेक्टर ने दर्शन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान यह निर्णय लिया। मंदिर समिति का कहना है कि इससे भक्तों को महाकाल के दर्शन का ज्यादा लाभ मिल सकेगा। उज्जैन में जिन लोगों को शीघ्र दर्शन करने हैं, उन्हें 250 रुपए का ऑनलाइन टिकट बुक करना होगा।

# अक्षय कुमार के साथ मस्ती भरे वीडियो में सलमान खान ने किया डांस



अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान के साथ एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दोनों डांस करते नजर आ रहे हैं। दोनों सुपरस्टार्स ने अक्षय की आने वाली फिल्म सेल्फी के पार्टी सॉन्ग पर मैं खिलाड़ी पर ठुमके लगाए। अक्षय कुमार ने सलमान को गाने की धुन पर नचाया और कहा कि वह जल्दी सीखते हैं। उनके सेलिब्रिटी दोस्तों और फैंस ने उनके डांस वीडियो पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, क्योंकि दोनों ने मैं खिलाड़ी का हुक स्टेप किया। अक्षय के 1994 के गीत मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी का रीमेक है। फैंस को अक्षय और सलमान की केमेस्ट्री और डांस काफी पसंद आया है। अक्षय और सलमान के फैंस में से एक ने कहा कि ह्लभाई ने मार डाला। एक अन्य यूजर ने लिखा, "पसंदीदा लोगों को एक साथ देखना अच्छा लगता है।" एक फैन ने कहा कि सलमान और अक्षय को एक साथ एक फिल्म करनी चाहिए।

# जाह्नवी का शिखर के साथ वीडियो हो रहा वायरल

## -वीडियो में दिखा ग्लैमरस लुक, यूजर बोले- कितनों को...

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस श्रीदेवी के बेटी जाह्नवी कपूर बीते कुछ समय से शिखर पहाड़िया संग अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। दोनों के डेटिंग की खबरें भी आए दिन सामने आती रहती हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर का एक वीडियो इन दिनों तेजी से वायरल हो रहा है।इस वीडियो में वह अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ कार में बैठी नजर आ रही हैं। ये वीडियो करण जौहर के घर से निकलते समय का है। बीते साल मालदीव में वेकेशन एंजॉय करने के बाद से अब तक दोनों ने अपने रिलेशन पर किसी तरह की कोई टिप्पणी नहीं की है। हाल ही वायरल हो रहा करण जौहर की पार्टी के बाद के इस वीडियो पर नेटिजंस भी जमकर एक्ट्रेस को ट्रोल कर रहे हैं। पार्टी के बाद दोनों को पैपराजी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया था। ये वीडियो 30 जनवरी 2023 की रात का है, जब वह करण जौहर के घर पर आयोजित पार्टी से बाहर आते हुए



एक साथ कार में नजर आए थे.सामने आए इस वीडियो में जाह्नवी कपूर का लुक काफी ग्लैमरस लग रहा है। बेज कोट के साथ ब्राउन मिनी ड्रेस में जाह्नवी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने बालों को खुला रखा था और एक ब्लैक स्लिंग बैग भी लिया था। वहीं शिखर ब्लू जींस के साथ फुल स्लीव्स के स्वेटर में काफी जच रहे थे। दोनों को कार में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं और पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैद कर लिया। इस वीडियो पर नेटिजंस भी जमकर रिएक्टर कर रहे हैं। इस वीडियो पर एक यूजर ने लिखा, विरल ने जाह्नवी के बॉयफ्रेंड की ऐनाउंसमेंट कर दी है। भले ही एक्ट्रेस ने इस बारे में कुछ बताया हो या नहीं। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, टाइमपास बॉयफ्रेंड. वहीं कुछ यूजर जाह्नवी को ट्रोल करते हुए लिख रहे हैं, कतनों को डेट करेगी?

# प्रियंका चाहर को विजेता घोषित करने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल

## - यह एक एडिटेड फोटो है जो बिग बॉस के फैन पेज से वायरल हो रही है

**मुंबई (ईएमएस)।** बिग बॉस 16 के फिनाले में अब कुछ ही दिन बचे हैं। दर्शकों से लेकर सेलिब्रिटी तक सब यह कयास लगा रहे हैं कि इस सीजन का विनर कौन बनने वाला है। सोशल मीडिया ने तो डिक्लेयर भी कर दिया है कि इस बार का विजेता कौन होगा। इंटरनेट पर एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है जिसमें सलमान खान विनर को ट्रा-ॅफी देते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस 16 का फिनाले जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है कि लोगों के दिलों की धड़कनें बढ़ती जा रही हैं। सुम्बुल के जाने के बाद शो में सिर्फ 6 सदस्य ही बचे हैं, शालीन भनोट, प्रियंका चाहर चौधरी, निमृत कौर अहलूवालिया, एमसी स्टेन, अर्चना गौतम और शिव ठाकरे। फैंस इस बात का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि इस प्रतियोगिता का विजेता कौन बनेगा। इस उत्साह के बीच, होस्ट सलमान खान की प्रियंका चाहर को विजेता और शिव ठाकरे को रनरअप घोषित करने की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है।

इससे पहले कि आप किसी नतीजे पर पहुंचे। गौरतलब है कि यह साफ तौर पर एक एडिटेड फोटो है जो बिग बॉस के फैन पेज से वायरल हो रही है। बता दें कि इस तस्वीर को देखकर फैंस काफी खुश हैं क्योंकि ज्यादातर लोग प्रियंका चाहर में एक विनर देखते हैं। प्रियंका गेम में शुरूआत से ही स्ट्रॉन्ग नजर आईं और उन्होंने अकेले दम पर इसे खेला। फाइल में प्रवेश कर चुके कंटेस्टेंट्स में, उ-ड़ारियां फेम ये एक्ट्रेस सबसे पॉपुलर हैं। दूसरी तरफ शिव भी काफी मजबूत नजर आ रहे हैं।

शिव हमेशा से मंडली का हिस्सा रहे उन्होंने साजिद और स्टैन के साथ मिलकर अपना गेम खेला। टॉर्चर टास्क में शिव की आंखों पर चोट के बावजूद वो हंसते हुए नजर आए, जिसने उनके फैंस का दिल जीत लिया। शिव, बिग बॉस मराठी के विनर रह चुके हैं।

## सूडोकु नवताल- 6334

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6333 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7081

*शब्द जाल में महाराष्ट्र के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | मु | ग | ल | ए | अ | ला | तु | र | ट |
| द | ह | ल | प्रे | व | बु | स | द | ह | कां | ड़ |
| र | स | म | म | दी | छ | ल | आ | र्म | ख | क |
| इं | स | ल | द | दि | वा | स | ढा | ल | श | क |
| डि | आ | दो | ग | न | ज | ना | प | णा | झ | ड़ |
| य | ना | द | र | दि | ग | उ | र | ण | दे | क |
| ती | व | ग | मी | या | प | र | भ | नां | व | को |
| सां | एं | ऊ | पु | द | ब | क | णी | ए | श | ल्हा |
| क | ग | ल | प | र | गी | स | री | औ | प | पु |
| क | ग | ली | प | लि | जी | त | ऐ | ओ | प | र |
| क | अ | म | रा | व | ती | स | व | र्धा | प | म |

अहमदनगर, अमरावती, नागपुर, वर्धा, बुलढाणा,लातुर, नांदेड़, कोल्हापुर, सांगली, परभणी

### शब्दजाल - 7080 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | व | दे | ह | रा | दू | न | ल | क |
| र | ल्मो | ल | रु | व | जी | ग | द | इ | ट | ली |
| ग | स | ड्ड | ल | द्र | छ | पु | चं | पा | व | त |
| क | ढ़ | ज | य | पु | प्र | न | प | न | ल | उ |
| क | क | वा | ग | श्री | ल | या | तू | ग | झ | ध |
| जी | क | ल | ल | ह | झ | पू | ग | ण | घ | म |
| उ | आ | नै | नी | ता | ल | ल | श | र | ला | सिं |
| क | त्त | दा | ई | धा | ब | क | फ | लो | श | ह |
| च | बा | र | न | ब्रा | जी | ल | री | ग | प | न |
| मो | पा | ल | का | व | ह | रि | द्वा | र | प | ग |
| ली | क | ल | प | शी | न | रा | बा | द | प | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग - 6034

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 4 | | 6 | 7 |
| 7 | 24 | 2 | 32 | 3 | 41 | |
| | 3 | | 5 | 6 | | |
| 6 | 28 | | 36 | | 30 | 4 |
| | | 5 | 6 | | 1 | |
| 5 | 39 | 7 | 43 | 4 | 25 | |
| 4 | | | | 1 | | 3 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6033 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 33 | 3 | 32 | 1 | 27 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 3 | 35 | 2 | 37 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |
| 2 | 32 | 4 | 36 | 4 | 30 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# पाकिस्तान में एशिया कप कराने का फैसला टला : मार्च में तय होगा फाइनल वेन्यू

**नई दिल्ली ।**
इस साल सितंबर में होने वाले एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पाकिस्तान से बाहर शिफ्ट हो सकता है। इस मसले पर एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक हुई। इसमें काउंसिल के चेयरमैन सचिव जय शाह और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन नजम सेठी भी शामिल हुए। बैठक में यह तय हुआ कि एशिया कप कहां होगा इसका आखिरी फैसला मार्च में लिया जाएगा।

**पाकिस्तान है ऑफिशियल होस्ट** - पाकिस्तान इस टूर्नामेंट का ऑफिशियल होस्ट है, लेकिन भारतीय टीम सुरक्षा कारणों से इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं कर सकती है। इसलिए टूर्नामेंट पाकिस्तान से बाहर शिफ्ट किया जा सकता है। तत्कालीनचेयरमैन रमीज राजा इसके बाद साथ तकरार की ओर बढ़ चले थे। उन्होंने धमकी दी थी कि अगर भारत एशिया कप खेलने नहीं आएगा तो पाकिस्तान की टीम भी इसी साल होने वाले वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने भारत नहीं जाएगी। इसके बाद पीसीबी में तख्तापलट हो गया। शहबाज शरीफ की सरकार ने रमीज की जगह नजम सेठी को चेयरमैन बना दिया। सेठी इसके बाद से मामले को ठंडा करने में लगे हुए हैं। फैसले को मार्च तक टाल दिए जाने के बाद सेठी अब पाकिस्तान में यह कह सकते हैं कि पाकिस्तान की मेजबानी अभी खारिज नहीं हुई है। हालांकि, इस बात की उम्मीद काफी कम है कि मौजूदा हालात के बीच पाकिस्तान टूर्नामेंट का होस्ट बना रह पाए।

**भारत ने पाकिस्तान जाने से मना किया** - साफ कर दिया है वह किसी भी तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट या सीरीज को खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। अगर एशिया कप पाकिस्तान में ही हुआ तो भारत में टूर्नामेंट नहीं खेलेगा। दोनों देशों के राजनीतिक संबंधों के चलते ये फैसला लिया है।

एशिया कप वेन्यू को लेकर अभी कुछ दिन और चर्चा करेंगे। उसके बाद ही आखिरी फैसला लेंगे। एग्जीक्यूटिव की अगली मीटिंग मार्च में होनी है। ऐसे में मार्च के दौरान ही वेन्यू को फाइनल होने की उम्मीद है।

**शिफ्ट हो सकता है टूर्नामेंट** - एशिया कप अगर पाकिस्तान में नहीं हुआ तो इसे शिफ्ट कराया जा सकता है। यहीं पिछला एशिया कप भी हुआ, जिसकी होस्ट श्रीलंका थी। श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल के चलते टूर्नामेंट नहीं कराया जा सका था। 2020 और 2021 में कोरोना के कारण आईपीएल सीजन भी में होस्ट कराए जा चुके हैं। ऐसे में एशिया कप के लिए भी बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पहला सेट गंवाने के बाद जीते सुमित नागल, भारत को दिलाई बराबरी, बेहतर रैंकिंग के होल्मग्रेन को हराया



**नई दिल्ली ।** सुमित नागल ने डेनमार्क के खिलाफ डेविस कप विश्व ग्रुप प्लेऑफ मुकाबले में दूसरे एकल मैच में पिछड़ने के बाद जीत दर्ज करते हुए भारत की वापसी कराई। पहले मैच में युकी भांबरी को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रुने ने 6-2, 6-2 से हराया। कठिन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ युकी 58 मिनट में ही हार गए। यूकी की हार के बाद डेनमार्क 1-0 से आगे हो गया था लेकिन सुमित ने 1-1 की बराबरी दिला दी है। एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी सुमित नागल ने दो घंटे 27 मिनट तक चले मैच में आगस्ट होल्मग्रेन को 4-6, 6-3, 6-4 से मात दी। विश्व रैंकिंग में 506वें स्थान पर काबिज नागल ने 484वीं रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया। पहले सेट में वह अपनी लय में नजर नहीं आए और विरोधी खिलाड़ी के खिलाफ संघर्ष करते दिखे. पहला सेट उन्होंने 4-6 से गंवाया। पच्चीस साल के सुमित नागल ने पहला सेट हारने के बाद मैच में शानदार वापसी की। इसके बाद उन्होंने होल्मग्रेन को संभलने का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे सेट में वापसी करते हुए उन्होंने 5-2 की बढ़त बनाई और नौवें गेम में सेट अपने नाम करके मुकाबला निर्णायक सेट तक खींचा। सुमित ने दूसरा सेट 6-3 से और आखिरी सेट 6-4 से जीता।

### डेविस कप : नॉरी ने ब्रिटेन को ग्रुप चरण के फाइनल में पहुंचाया




**बोगोटा।** निकोलस मेजिया पर कैमरुन नॉरी की सीधे सेटों में एकल जीत के बाद ग्रेट ब्रिटेन ने डेविस कप फाइनल्स ग्रुप चरण में जगह बनाई, जिससे मेहमानों ने कोलंबिया पर 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। निकोलस के खिलाफ जीत के साथ पहला अंक हासिल करने के बाद, नॉरी ने मुकाबले के दूसरे दिन मेजिया के खिलाफ 6-4, 6-4 से जीत के साथ अपनी टीम को निर्णायक तीसरा अंक दिलाया। पहले मैच में, डेनियल इवांस और नील स्कूप्स्की की युगल जोड़ी ने जुआन सेबेस्टियन कैबल और रॉबर्ट फराह के खिलाफ 6-4, 6-4 के परिणाम के साथ ग्रेट ब्रिटेन को 2-1 की बढ़त दिला दी थी। ब्रिटिश कप्तान लियोन स्मिथ ने कहा, सपोर्ट टीम और खिलाड़ियों ने जो किया है, उसके लिए बहुत गर्व है। सभी ने इसके लिए बहुत समय दिया है, लेकिन खिलाड़ियों को सलाम है। हमने पिछले दो दिनों में बेहतर प्रदर्शन किया है। टाई के पहले दिन, कोलंबिया के मेजिया ने डेनियल इवांस के खिलाफ 6-2, 2-6, 6-4 के परिणाम के साथ अपनी पहली शीर्ष 100 जीत हासिल की। नॉरी ने निकोलस बैरिएंटोस को 6-2, 7-5 से हराकर टाई को 1-1 से बराबर कर दिया। टाई में जीत के साथ, ब्रिटेन ने यूएस ओपन के बाद सितंबर में खेले जाने वाले डेविस कप फाइनल के ग्रुप चरण में 16 टीमों में जगह बनाई। ग्रुप चरण के लिए पहले से ही पुष्टि की गई अन्य टीमों में 2022 चैंपियन कनाडा, 2022 फाइनलिस्ट ऑस्ट्रेलिया, वाइल्ड कार्ड स्पेन और इटली और क्वालीफायर फ्रांस, संयुक्त राज्य अमेरिका, स्विट्जरलैंड, सर्बिया और स्वीडन शामिल हैं।

### पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली पर एफआईआर : पत्नी एंड्रिया का आरोप- नशे में गालियां दीं, मारपीट की; कांबली का फोन बंद

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली फिर से एक बार मुसिबत में फंस गए हैं। उनकी पत्नी एंड्रिया ने मारपीट का आरोप लगाया है और मुंबई के बांद्रा पुलिस्ट स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। एंड्रिया ने अपनी शिकायत में कहा कि उनके पति विनोद कांबली ने शराब के नशे में उनके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की है। हालांकि मुंबई पुलिस ने अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। उधर बांद्रा पुलिस ने कहा कि कांबली के खिलाफ मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला दर्ज कर लिया गया है। उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। उनका फोन बंद जा रहा है। उनकी पत्नी एंड्रिया ने अपनी शिकायत में खाना बनाने वाली बर्तन से हमला करने का आरोप लगाया है। इससे उनके सिर में चोट आई है। रविवार को बांद्रा पुलिस कांबली के घर पहुंची। उन्होंने कांबली को सेक्शन 41 अंतर्गत नोटिस दिया है। उन्हें पुलिस स्टेशन जाकर स्टेटमेंट रिकॉर्ड कराना होगा। यह घटना शुक्रवार के दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे के बीच बताई जा रही है। कांबली शराब पीकर घर में आए और उनकी पत्नी के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

## टीम इंडिया को भारत में हराना नामुमकिन जैसा

# पिछले 10 साल में लगातार 15 टेस्ट सीरीज जीती ; 42 में से सिर्फ 2 मैच हारी

**नई दिल्ली ।**
ऑस्ट्रेलिया की टीम चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने भारत आ चुकी है। 9 फरवरी से नागपुर में पहला टेस्ट शुरू होगा। ऑस्ट्रेलिया इस समय दुनिया की नंबर-1 टेस्ट टीम है और उम्मीद की जा रही है कि वह भारतीय टीम को कड़ी चुनौती देगी। हालांकि, भारत का अपने घर में पिछले 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो कंगारुओं का यहां सीरीज जीत पाना लगभग नामुमकिन लगता है। स्टोरी में आगे हम उन 5 रिकॉर्ड्स को जानेंगे जिससे साबित होता है कि टीम इंडिया ने अपने घर में जैसा दबदबा बनाया है वैसा इससे पहले किसी और टीम ने अपनी होम कंडीशन में नहीं बनाया था।



### घर में लगातार 15 सीरीज जीते

भारत ने 2013 से अब तक घर में लगातार 15 टेस्ट सीरीज जीत ली हैं। दुनिया की कोई भी टीम अपने घर में लगातार से 10 से ज्यादा टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी। भारत ने इन 15 में से 9 सीरीज में तो विपक्षी टीम को क्लीन स्वीप किया। 15 में से भी 8 सीरीज सेना देशों यानी साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को हराईं। इस दौरान हमने श्रीलंका और वेस्टइंडीज को भी हराया। भारत को आखिरी बार 2012 में इंग्लैंड ने टेस्ट सीरीज हराई थी। तब महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत 2-1 से हारा था।

### 10 साल के टाइम पीरियड में घर में सबसे ज्यादा जीत 80.95प्रतिशत

भारत ने 2013 से अब तक घर में 42 टेस्ट खेले हैं। इनमें उसे 34 में जीत और सिर्फ 2 में हार मिली। यानी इन 10 सालों में भारत का जीत प्रतिशत 80.95प्रतिशत रहा। दुनिया की कोई भी टीम किसी भी 10 साल के पीरियड में अपने घर में इससे अच्छा जीत प्रतिशत हासिल नहीं कर पाई है। भारत के बाद दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है। ऑस्ट्रेलिया ने 1998 से 2007 तक 10 साल के पीरियड में अपने घर में 79.66प्रतिशत टेस्ट मैचों में जीत हासिल की थी। उन्होंने इस दौरान 59 टेस्ट खेले और 47 में जीत दर्ज की।

### 15 में से 9 सीरीज में क्लीन स्वीप

पिछले 10 सालों में भारत ने जो 15 सीरीज जीतीं। इनमें भी दबदबा दिखाते हुए 9 सीरीज पर क्लीन स्वीप किया। एक टेस्ट मैच वाली सीरीज हटा दें तो 13 में से 7 में क्लीन स्वीप किया। एक-एक टेस्ट में भारत ने बांग्लादेश और अफगानिस्तान को हराया। भारत ने जिन देशों पर क्लीन स्वीप किया उनमें ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका जैसे देश शामिल हैं। साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया को इस दौरान भारत ने भारत में 8 बार सीरीज में हराया।

### एकतरफा जीत

भारत ने इन 10 सालों में 34 टेस्ट जीते। 34 में से 31 मुकाबले भारत ने एकतरफा अंदाज में जीते। जिन 3 मैचों को हम एकतरफा जीत में काउंट नहीं कर रहे हैं। वहां भी भारत ने एक मैच 75 रन के अंतर से जीता और 2 मैच 6 विकेट के अंतर से जीते।

इनके अलावा भारत ने 14 टेस्ट पारी के अंतर से जीते। 10 टेस्ट 200 से ज्यादा रन के अंतर से और 2 टेस्ट 100 से ज्यादा रन के अंतर से जीते। विकेट के अंतर की बात करें तो भारत ने 2 टेस्ट 10 विकेट से और 3 टेस्ट 8 विकेट के अंतर से जीते।

### भारत में दबदबे की वजह

हमारे स्पिनर्स और यहां की पिच। भारत आने वाली विदेशी टीमों को स्पिनर्स खेलने में परेशानी होती है। भारत में पिछले 10 सालों से रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने दबदबा बनाए रखा है। पिछले 10 सालों में भारत की पिचों पर स्पिनर्स द्वारा सबसे ज्यादा विकेट की बात करें तो अश्विन का नाम ही टॉप पर हैं। उन्होंने 42 टेस्ट में 258 विकेट झटके हैं। इनमें भी 19 बार पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लिए।

अश्विन ने तो अकेले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर के 8 टेस्ट में 50 विकेट लिए हैं। इस दौरान जडेजा ने भी 49 विकेट झटके। इस बार भी कंगारुओं को इन दोनों से चुनौती मिलेगी। इनके अलावा अक्षर पटेल और कुलदीप यादव भी हैं। जो किसी भी वर्ल्ड क्लास टीम को स्पिन ट्रैक पर धराशाई करने की काबिलियत रखते हैं।

# अकादमी पर अवैध कब्जे से परेशान भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष, बोलीं- सांसद बनने के बाद ऐसा हो रहा



**नई दिल्ली ।**
दिग्गज एथलीट और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा शनिवार (चार फरवरी) को मीडिया के सामने अचानक रो पड़ीं। वह केरल के कोझिकोड जिले में अपने अकादमी परिसर में अवैध निर्माण से परेशान हैं। मीडिया के सामने रोते हुए उन्होंने बताया कि यह बच्चियों की सुरक्षा का मामला है। कोई बिना इजाजत के कैसे छात्राओं के कैंपस में घुस सकता है

पीटी ऊषा ने कहा कि उनके सांसद बनने के बाद से यह मामला तेजी से बढ़ा है। उन्होंने मीडिया के सामने कहा, अवैध निर्माण के बारे में पानागढ़ पंचायत को जानकारी दी गई है। अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली लड़कियों की सुरक्षा की जानी चाहिए। मुझ पर निजी हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

**पीटी ऊषा ने मुख्यमंत्री से मांगी मदद** - पीटी ऊषा को जुलाई 2022 में भाजपा द्वारा राज्य सभा के लिए नामित किया गया था। उन्होंने केरल की सरकार और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से इस मुद्दे में हस्तक्षेप करने और परिसर में कथित अतिक्रमण को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला एथलीटों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

**कैंपस में बड़े स्तर पर कूड़ा डाला जा रहा** - उन्होंने कहा, ऊषा स्कूल की 25 महिला एथलीटों में से 11 उत्तर भारत से थीं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री को एक लिखित शिकायत दी है। कैंपस में बड़े स्तर पर कूड़ा डाला जा रहा है, जिसे ड्रग माफिया का भी खतरा है, लेकिन स्थानीय पंचायत अकादमी प्रबंधन को चारदीवारी बनाने नहीं दे रही है।

**ओमान चांडी सरकार ने लीज पर दी थी जमीन** - पीटी ऊषा ने कहा, कैंपस के ठीक बीच में किसी ने अवैध निर्माण किया था और जब हमने पूछा तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसके लिए पंचायत अधिकारियों की मंजूरी है। इस अतिक्रमण पर सवाल उठाने पर स्कूल प्रबंधन को भी अभद्र व्यवहार का शिकार होना पड़ा। 30 एकड़ की जमीन पर ऊषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स स्थित है। राज्य की पिछली ओमान चांडी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 30 साल के लिए उन्हें यह लीज पर मिली थी।

# दीपा कर्माकर ने अस्थायी निलंबन स्वीकार किया अनजाने में किया था प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन

**नई दिल्ली ।**
डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण 21 महीने का प्रतिबंध झेल रही भारतीय जिम्नास्टिक स्टार दीपा कर्माकर ने कहा कि मामला बिना किसी परेशानी के निपटाने के लिए उन्होंने अस्थायी निलंबन स्वीकार किया था। कर्माकर ने यह भी कहा कि उन्होंने अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ हिजेनामाइन (एस3 बीटा2 ) का सेवन किया जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में है। कर्माकर ने ट्वीट किया, मैंने अनजाने में उसे लिया और मुझे पता नहीं कि उसका स्रोत क्या था। मैंने अंतरराष्ट्रीय महासंघ के साथ मामला बिना किसी परेशानी के निपटाने के लिए अस्थायी निलंबन स्वीकार कर लिया। कर्माकर के डोप नमूने आईटीए द्वारा प्रतिस्पर्धा से इतर लिए गए। आईटीए अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) के डोपिंग निरोधक कार्यक्रम का जिम्मा संभालने वाली स्वतंत्र एजेंसी है। कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा क्योंकि उनके नमूने 11 अक्तूबर 2021 को लिए गए थे। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट में चौथे स्थान पर रही कर्माकर 2017 में सर्जरी के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। उनका आखिरी टूर्नामेंट बाकू में 2019 विश्व कप था।



### अनुराग ठाकुर बोले- जम्मू-कश्मीर में 1500 खिलाड़ी खेलो इंडिया विंटर गेम्स में खेलेंगे

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में होने वाले खेलो इंडिया यूथ विंटर गेम्स में देश के 1500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन खेलों की शुरुआत 10 फरवरी से गुलमर्ग में होगी। अनुराग ने राजभवन में उपराज्यपाल मनोज सिंहा के साथ मिलकर इस यूथ गेम्स का शुभंकर, गान और जर्सी का अनावरण किया। अनुराग ने कहा कि खेलो इंडिया विंटर गेम्स जम्मू-कश्मीर के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करेगा और साथ ही राज्य के पयर्टन को भी बढ़ावा देगा। खिलाड़ी और अधिकारी कश्मीर की सुंदरता और पिछले कई वर्षों से जम्मू-कश्मीर में आए बदलावों से मंत्रमुग्ध हैं। खेलो इंडिया विंटर गेम्स की शुरुआत से देश में यह संदेश जाएगा कि जम्मू-कश्मीर इस प्रतियोगिता को देखने के लिए लोगों का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड के कारण पिछले वर्ष खेलो इंडिया विंटर गेम्स का आयोजन नहीं हो पाया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच थी कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं की खेलों में भागीदारी होनी चाहिए। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के पहले संस्करण का आयोजन 2022 में हुआ था।

# फुटबॉल मैच के दौरान चले लात-घूंसे : केरल की लोकल लीग में दो अफ्रीकी प्लेयर्स आपस में भिड़े, फैंस ने भी की लड़ाई

**कालीकट।**
केरल के कालीकट में लोकल फूटबॉल टूर्नामेंट में दो अफ्रीकी प्लेयर्स आपस में भीड़ गए। दोनों के बीच लात घूंसे चले। इसके बाद दोनों टीमों ने भी आपस में लड़ाई शुरू कर दी। टीमों को देख फैंस भी मैदान में घुस गए और लड़ाई करने लगे।



### सेमीफाइनल मैच के दौरान हुई घटना

कालीकट में दो टीमों के बीच सेमीफाइनल खेला जा रहा था। इसमें रेफरी के निर्णय को लेकर दोनों टीमों के खिलाडियों के बीच धक्का मुक्की हो गई। रॉयल ट्रैवल्स कोझिकोड और सुपर स्टूडियो मलप्पुरम के दो अफ्रीकी खिलाड़ी एक दूसरे के ऊपर लात घूंसे चलाने लगे। लड़ाई तक मैच 1-1 से बराबरी पर था।

### रात में होता लोकल टूर्नामेंट

केरल का मालाबार एरिया फुटबॉल के प्रति प्रेम के लिए जाना जाता है। यहां सेवेंस फुटबॉल टूर्नामेंट खेला जाता है। इसमें एक टीम में 7 प्लेयर्स खेलते है। खिलाडी केरल के अलावा अफ्रीकी देशों से भी लाए जाते है। रात को होने वाले इस टूर्नामेंट को लेकर वहां के लोगो में बहुत उत्साह रहता है। इसके बाद दोनों टीमें आपस में भीड़ गई। कुछ देर बार स्थिति हाथ से निकल गई और फैंस भी मैदान पर आकर एक दूसरे से लड़ने लगे। इस स्थिति में पुलिस भी कुछ नहीं कर पाई।

### दोनों प्लेयर्स पर जुर्माना

सेवेंस फुटबॉल मैनेजमेंट ने दोनों टीमों के विदेशी प्लेयर्स पर पांच हजार का जुर्मान लगाया है। टूर्नामेंट के ऑफिशियल पेज ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी।

### टॉस के आधार पर मैच विनर

आयोजकों ने मैच को ससपेंड कर स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश की। उन्होंने पेनाल्टी शूटआउट के जरिए विजेता का फैसला किया। हालांकि, मैदान पर बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने शूटआउट करवाना भी असंभव हो गया। इस बजह से, रॉयल ट्रेवल्स को टॉस में जीतने की वजह से विनर घोषित कर दिया।

## पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं जोस हेजलवुड

# एड़ी की हड्डी पर आई चोट, दूसरा टेस्ट खेलने पर भी संशय

**नई दिल्ली ।**
ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। उन्हें एकिल्स इंजरी यानी उनकी एड़ी की हड्डी पर चोट लगी थी, जो फिर उभर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 32 साल के गेंदबाज दिल्ली टेस्ट में भी शायद ही खेल पाएंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जोश हेजलवुड अकिलिस की चोट से पूरी तरह रिकवर नहीं हुए हैं। उन्हें पिछले महीने गेंदबाजी करने के बाद बाएं पैर पर ये चोट लगी थी। मिशेल स्टार्क के बाद अगर जोस हेजलवुड भी शुरुआती मैचों से बाहर होते हैं तो ये ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए मुश्किल हो सकती है। पहले टेस्ट में खेलने को लेकर मैं निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकता - हेजलवुड वहीं हेजलवुड ने रविवार को बेंगलुरु में प्रैक्टिस सेशन से पहले कहा, पहले टेस्ट में खेलने को लेकर मैं निश्चित रूप से कुछ नहीं कह सकता। वहीं दूसरे टेस्ट में अभी समय है, इसलिए हम इसे अगले हफ्ते और अगले कुछ दिनों में देखेंगे और उम्मीद है कि मैं जल्द ही वापसी करूंगा। हेजलवुड ने पिछले 2 सालों में चार टेस्ट ही खेले हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता टेस्ट खेलना है। वह भारतीय दौरे के साथ ही एशेज के लिए तैयार हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह भारत में वापसी कर सकेंगे।




**स्टार्क साउथ अफ्रीक के साथ सीरीज में चोटिल हो गए थे** - मिशेल स्टार्क को साउथ अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन चोटिल हो गए थे। कैच लपकने की वजह से उनके बाएं हाथ की अंगुली में चोट लग गई थी। वह इस चोट से अभी तक उभर नहीं पाए हैं। वहीं, कैमरून ग्रीन की भी अभी तक वापसी नहीं हुई है। उन्हें भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान हाथ की उंगली पर चोट लगी थी। हेजलवुड के नहीं खेलने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। हेजवुड ने बोलैंड की तारीफ की और कहा कि अगर उन्हें मौका मिलता है तो वह भारत के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करेंगे। बोलैंड ने मेलबर्न में शानदार गेंदबाजी की है। जबकि सह सपाट विकेट था। यहां पर स्विंग कराना आसान नहीं था। उन्होंने पिछले महीने स्विंग पर काफी मेहनत की है। भारत 2004 से घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारा है। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2004 में 4 मैचों की सीरीज में भारत को 2-1 से हराया था। एक मैच ड्रॉ रहा था। इसके बाद से ऑस्ट्रेलियन टीम भारत में लगातार क्लीन स्वीप होने लगी। यहां तक कि 2004 के बाद उन्हें भारत में एकमात्र जीत भी 2017 में मिली, लेकिन तब भी उन्हें 2-1 से सीरीज हार झेलनी पड़ी थी। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में 4 टेस्ट और 3 वनडे खेलने हैं। 9 फरवरी से नागपुर में पहला टेस्ट शुरू होगा। फिर 17 फरवरी को दिल्ली में दूसरा, एक मार्च को धर्मशाला में तीसरा और 9 मार्च को अहमदाबाद में चौथा टेस्ट खेला जाएगा।

### अमेरिका की मेजर लीग में उन्मुक्त होंगे मार्की खिलाड़ीः ,पहला प्लेयर ड्राफ्ट 9 मार्च को नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में

**नई दिल्ली ।** अमेरिका की बहुप्रतीक्षित लीग मेजर लीग क्रिकेट का पहला प्लेयर ड्राफ्ट 9 मार्च को नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में होगा। आधिकारिक रूप से इस बात की पुष्टि की गई है। जुलाई में इस लीग का पहला आयोजन होगा। इस लीग के लिए अमेरिका पिछले कई सालों से तैयारी कर रहा है। इस लीग के आयोजन के लिए अमेरिका में कई देशों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आ कर बस गए। इसमें भारत के अंडर-19 वर्ल्ड कप चैम्पियन उन्मुक्त चंद का नाम भी शामिल है। मेजर लीग क्रिकेट के प्लेयर ड्राफ्ट से पहले 1 से 8 मार्च तक प्लेयर स्काउटिंग ह्यूस्टन में होगी। इसमें वे ट्रायल मैच का आयोजन करेंगे, जिसके जरिए अच्छे खिलाड़ियों पर नजर रखी जाएगी। इन 8 दिन के दौरान मैच में वे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जो माइनर लीग क्रिकेट में अच्छा खेल चुके हैं।

# पुणे के खूबसूरत पर्यटन स्थल

## एक बार घूमकर नहीं भरेगा मन



विकास और वैभव के साथ ही तकनीक और खान पान के लिए भी प्रसिद्ध है पुणे। शुद्ध मराठी बोलने और महाराष्ट्रीयन कल्चर को संजोने से लेकर चटपटी तीखी भाखरबड़ी बनाने और दोपहर में दुकान बंद करके आराम करने की आदत तक, पुनेरियों में सबकुछ खास है। इस शहर में आपको फौजी जीवन का कड़ा अनुशासन भी महसूस होगा और तेजी से विकास करती मल्टीनेशनल कंपनियों में भागती-दौड़ती युवा ऊर्जा भी। पुणे का टूर दफ्तर के काम से भी बन सकता है और यूं ही छुट्टियां बनाने के लिहाज से भी क्योंकि यह कई बढ़े शहरों से जोड़ने वाली कड़ी भी है। बहरहाल चलिए बात करते हैं इस ऊर्जा से भरपूर शहर के आस पास के उन स्थानों की, जहां आप आसानी से एक दिन की छुट्टी बिताने भी जा सकते हैं। इन स्थानों पर एडवेंचर भी मिलेगा और प्रकृति का सानिध्य भी। निर्भर इस बात पर करता है कि आप किस रूचि के साथ जा रहे हैं। तो इस बार अगर दफ्तर के काम से पुणे जाने का मौका मिले तो कोशिश करें आस पास की जगहें भी विजिट कर सकें। बाकी शहरों की तरह ही पुणे निवासी भी वीकेंड के लिए आस पास मौजूद जगहों पर परिवार और दोस्तों के साथ निकल पड़ते हैं। चूंकि पुणे में कई बढ़ी कंपनियां और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स हैं इसलिए यहां देशभर से लोग आते हैं और इसलिए वीकेंड में वे भी आस पास की जगहों को देखना पसंद करते हैं। ज्यादातर जगहें 50-60 किलोमीटर के दायरे में हैं इसलिए सुबह जाकर शाम तक लौटना भी सम्भव होता है और एक दिन की छुट्टी को भी आप मजेदार तरीके से बिता सकते हैं। झीलें या वाटर बॉडी और ऊंचे पहाड़ों की हरियाली किसे पसंद नहीं आती भला। इसके साथ अगर आप कुछ एडवेंचरस भी करना चाहते हैं तो यहां आपके लिए कई ऑप्शंस उपलब्ध हैं। पावना लेक पुणे से 50-60 किलोमीटर तो कामशेट 48-50 किलोमीटर की दूरी पर है। पावना लेक पर कैम्पिंग की सुविधा भी उपलब्ध है और कामशेट में पैराग्लाइडिंग की जा सकती है। अक्तूबर से अप्रैल का समय पावना लेक और अक्तूबर से मई का समय कामशेट जाने के लिए सबसे बढ़िया है। ये नाम आपने ज्यादातर फिल्मों में सुनें होंगे। बॉलीवुड के कुछ दिग्गज कलाकारों के फार्महाउस भी यहां मिल जाएंगे। दोनों ही जगह हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर हैं और खंडाला (65-70 किलोमीटर) व लोनावला (60-65 किलोमीटर) में आपको कुछ अनूठे स्थानीय स्वाद भी टेस्ट करने को मिल सकते हैं। प्राकृतिक झरनों को निहारते हुए यहां आपको कई बॉलीवुड गानों के सीन जरूर आएंगे। ये दोनों जगहें एक-दूसरे से मात्र 3 घंटे की दूरी पर है। तो आप दोनों जगहों पर एक दिन में जाने का प्लान भी बना सकते हैं। शहरों में तकनीक और मल्टीनेशनल के साथ ही कदम रखा है मनोरंजन और पर्यटन के मानव निर्मित स्थानों ने भी। अगर आप प्राकृतिक सौंदर्य से अलग, ऐतिहासिक धरोहरों से भिन्न कोई जगह विजिट करना चाहते हैं, हाईटेक और फन से भरपूर ये दोनों जगहें आपके एड्रीनलीन रश को बढ़ाने और लक्जरी को जीने के शौक को पूरा कर सकती हैं। ये दोनों ही जगहें अपने आप में एक अलग दुनिया रास्ता खोलती हैं। जहां रोमांच, भव्यता और आनंद अपने चरम पर होता है। लवासा पुणे से 55-60 किलोमीटर तो इमेजिका करीब 100 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।





## खून बढ़ाने के साथ और भी कई समस्याओं में लाभकारी है अनार का सेवन

अनार सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह सेहत का खजाना है। नियमित रूप से अनार का सेवन करने से बीमारियां कोसों दूर रहती हैं। यह शरीर को दुरूस्त रखता है। इसके सेवन से कई खतरनाक रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है। चाहें तो आप अनार के दानों का सेवन कर सकते हैं या इसका जूस भी पी सकते हैं। अनार में अन्य फलों के मुकाबले अधिक मात्रा में एंटी ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। जो शरीर के कई खतरनाक बीमारियों को दूर करने में मददगार हैं। इसके अलावा यह विटामिन-सी से भरपूर होता है। ऐसे में आप अनार के जूस का सेवन इम्युनिटी बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। आइए जानते हैं, अनार के फायदे।

**1. पाचन संबंधी समस्या में कारगर**

अनार में फाइबर और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो पाचन शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं। अगर कब्ज या जलन की समस्या है, तो अनार खाना काफी फायदेमंद होता है।

**2. दिल के लिए फायदेमंद**

दिल को स्वस्थ रखना चाहते हैं, तो अनार का सेवन कर सकते हैं। आप इसका जूस पी सकते हैं, जिससे दिल से जुड़ी बीमारियों से बच सकते हैं। यह ब्लड सर्कुलेशन को इम्प्रूव करता है।

**3. हाई ब्लड प्रेशर**

जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, तो उनके लिए अनार का सेवन बहुत लाभकारी माना जाता है। यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

**4. डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद**

डायबीटीज की समस्या में अनार उपयोगी साबित हो सकता है। इसमें एंटीडायबिटिक गुण होते हैं, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**5. मेमोरी बढ़ाने में सहायक**

एक रिपोर्ट के मुताबिक अनार के जूस का सेवन करने से याददाश्त तेज हो सकती है।








मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय ) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )